गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करश

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेवसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२
मूल्य ₹ ६



आगरा, 29 अक्टूबर 2026, गुरुवार, वर्ष 40 अंक 286 सौर 4 कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

केन्द्रीय कर्मचारियों को दिवाली से पहले तोहफा

डीए-डीआर में तीन प्रतिशत का इजाफा,केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार 28 अक्टूबर को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में



बढोतरी पर मुहर लगा दी. सरकार ने डीए और डीआर में 3प्रतिशत का इजाफा कर दिया है. अब डीए 60 फीसदी से बढकर 63 फीसदी हो हो गया है.महंगाई भत्ते और महंगाई राहत के लिए 10,016 करोड़ की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में आर्थिक गतिविधियों को गति देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से कुल 29,267 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी. घरेलू लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग प्रमोशन स्कीम हेतु 10,000 करोड़ की राशि मंजूर की गई है. खेल उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग (शेष पृष्ठ २ पर)

वाहन की चपेट में आने से मां, बेटे और पोते की मौत



नरायनपुर, मीरजापुर (ह.स.)। अदलहाट थाना क्षेत्र के नरायनपुर में खराब सड़क और पटरी विहीन मार्ग पर बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। आलूमिल के सामने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मां, बेटे और तीन वर्षीय पोते की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं खराब सड़क को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। नरायनपुर चौकी इंचार्ज आशीष सिंह के अनुसार, पट्टी कलां, थाना अहरौरा निवासी मनोज चौहान (२५) पुत्र रमेश चंद्र चौहान अपनी मां मुन्नी (४५) पत्नी रमेश चंद्र चौहान और तीन वर्षीय भतीजे श्रेयांस पुत्र विकास चौहान के साथ बाइक से रामनगर, वाराणसी स्थित अपनी बुआ के घर से वापस लौट रहा था। (शेष पृष्ठ २ पर)

दो बच्चों संग ट्रेन के आगे कूदी महिला, तीनों की मौत

आजमगढ़ (ह.स.)। रानी की सराय थाना क्षेत्र के स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर पौने एक बजे महिला ने अपने दो बच्चों के साथ ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। हादसे में महिला और दोनों बच्चों की मौत हो गयी। ट्रेन के गुजरने के बाद घटना की जानकारी हुई तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना थाना क्षेत्र में हुई, लेकिन सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी भी पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद भी तीनों की पहचान नहीं हो सकी। आसपास के लोगों के अनुसार महिला अपने दो बच्चों के साथ काफी देर से रेलवे प्लेटफार्म के दूसरी ओर बैठी थी। दोपहर (शेष पृष्ठ २ पर)

बिहार में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

छपरा (आससे.)। सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच-722 पर भैंसमारा के समीप बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छपरा से सवारी लेकर गड़खा की ओर जा रहा टेंपो भैंसमारा के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायलों को डायल-112 की टीम में तैनात एसआई अंकित कुमार सिंह ने तत्काल उठाकर श्रीनिवास अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उपचार के दौरान दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई। मृतकों में छपरा गांव निवासी विशाल कुमार राम की 26 वर्षीय पत्नी अनुकुमारी, भगवान बाजार थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी भोला प्रसाद के 15 वर्षीय पुत्र अमन कुमार तथा रतनपुरा निवासी सुरेंद्र प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार शामिल हैं।

इन्वेस्टमेंट और इंडस्ट्री का हब बन रहा यूपी-योगी

बनेगी वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी, सरकारने बताया अपना विजन

लखनऊ (आससे.)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश, नवाचार और उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।




वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को लेकर बड़ा बदलाव आया है। सीएम ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेशवासियों को सरकार की उपलब्धियों और निवेश को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए न तो स्पष्ट दृष्टि थी और न ही कोई ठोस कार्ययोजना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदला है। सरकार ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास की नई कार्यसंस्कृति विकसित की है। सीएम ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों और निवेश के अनुकूल माहौल के कारण उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इसी विश्वास को और मजबूत करने के लिए बुधवार को सिंगापुर के (शेष पृष्ठ २ पर)

एमएलसी शिक्षक-स्नातक चुनाव

छहपर भाजपा, तीनपर सपा विजयी

वाराणसी में शिक्षक सीट से लालबिहारी यादव जीते, आशुतोष सिनहा ने बनायी बढ़त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की 11 विधान परिषद सीटों के लिए मतगणना चल रही है। लखनऊ शिक्षक खंड में भाजपा के उमेश द्विवेदी लगातार तीसरी बार जीते गए हैं। यहां पर नंबर दो सपा के सुशील कुमार रहे। वाराणसी में सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है, मेरठ में दोनों सीटों पर कमल खिला है। बरेली में भी भाजपा का परचम रहा। आगरा में भी सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। झांसी-इलाहाबाद सीट पर भी सपा ने जीत दर्ज कर ली है। गोरखपुर में भी भाजपा ने जीत दर्ज की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन- 2026 में विजयी सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। विश्वास है कि आप सभी शिक्षकों एवं स्नातकों की आकांक्षाओं को सशक्त स्वर देते हुए उनके हितों के संरक्षण, शिक्षा के उन्नयन और प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। आप सभी के



मुख्यमंत्रीने विजयी प्रत्याशियोंको दी बधाई

यशस्वी कार्यकाल हेतु अनंत मंगलकामनाएं। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में कांटे की टक्कर के बीच भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी जीत गए। लगातार चौथी बार एमएलसी बने ध्रुव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय राजीव यादव को 2,210 मतों से पराजित किया। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव की मतगणना में दूसरी वरीयता के मतों की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी व एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी 307 वोट से चुनाव जीत गए हैं।

निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव कड़ी टक्कर के बाद भी पीछे रह गए। वहीं सपा के डॉ. संजयन त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के नतीजों पर सपा नेता सनातन पांडे ने कहा, अगर धांधली नहीं होती तो 100 प्रतिशत सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत होती। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर उन्होंने कहा, कम से कम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वीकार किया कि उनका वोट कम हो रहा है और सपा का वोट बढ़ रहा है। पीएम मोदी के ट्वीट पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी कहते हैं, आप शायद पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो एमएलसी (एमएलसी) के सीमित चुनावों पर बात कर रहे हैं।

पीलीभीत : जिला उद्योग केंद्र का वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

पीलीभीत। पीलीभीत में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में जिला उद्योग केंद्र के वरिष्ठ सहायक हिमांशु कुमार को गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) बरेली की टीम ने बुधवार को उन्हें पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई जिला उद्योग केंद्र कार्यालय में दोपहर करीब 12:20 बजे की गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। एंटी करप्शन टीम के अनुसार, बरखेड़ा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर हुक्मी निवासी सुरेंद्र कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। सुरेंद्र कुमार ने वाटर प्लांट लगाने के लिए ऋण स्वीकृत कराने के संबंध में रिश्वत मांगे जाने की बात कही थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए संगठन की बरेली इकाई ने मामले की जांच की।

पंजाबकी जेलमें गैंगस्टर की मौत

होशियारपुर। होशियारपुर जिला जेल में बंद नामी गैंगस्टर भुवनेश चोपड़ा उर्फ आशीष चोपड़ा की मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल होशियारपुर लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। सिविल अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार, जब आशीष चोपड़ा को अस्पताल लाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल उसकी मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम और संबंधित जांच के बाद ही चल सकेगा। फिरोजपुर निवासी भुवनेश चोपड़ा उर्फ आशीष चोपड़ा पंजाब के चर्चित गैंगस्टरों में शामिल था।

महिलाओं के अधिकार बनाम ट्रांसजेंडर कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। यह याचिका महिला संगठन विमेंस डिक्लेरेशन इंटरनेशनल इंडिया की ओर से दाखिल की गई है। संगठन का कहना है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा (शेष पृष्ठ २ पर)

मोदी-शाहका खिलौना नहीं है भारतीय उद्योग जगत-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने टाटा समूह में चल रहे नेतृत्व विवाद को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि

टाटा समूह विवादपर साधा केन्द्र सरकारपर निशाना

टाटा समूह को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, लेकिन बड़े उद्योगपति इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उद्योगपति आखिर कब तक खामोश रहेंगे? क्या वे तब तक चुप रहेंगे, जब तक उन पर कब्जा नहीं कर लिया जाता? उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग जगत मोदी और शाह का 'खिलौना' नहीं है। राहुल ने उद्योगपतियों से साहस दिखाने की अपील करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इन कथित अपराधों के खिलाफ इंसाफ दिलाने के लिए



संघर्ष करेगी। दरअसल, टाटा समूह में विवाद टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति को लेकर है। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन को फिर से चेयरमैन नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव को चुनौती देते हुए बोर्ड बैठक में लिए गए फैसले को कथित तौर पर 'अवैध' करार दिया है। बता दें कि यह प्रस्ताव टाटा संस के बोर्ड की 17 सितंबर को हुई बैठक में मंजूर किया गया था। इस विवाद के कारण टाटा ट्रस्ट्स के न्यासियों के बीच मतभेद सामने आए हैं और मामला समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बोर्ड तक पहुंच गया है। टाटा समूह देश के प्रमुख कारोबारी समूहों में शामिल है।

सीजेपीने किया रैली का समर्थन, कहा-'ज्ञानेश कुमारको जाना होगा'

नयी दिल्ली (आससे.)। कॉकरोच जनता पार्टी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को समर्थन देने का एलान किया है। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारा देते हुए कहा, 'ज्ञानेश कुमार को जाना होगा।' पार्टी ने अपने बयान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चिंता जताई और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए। उसका कहना है कि लोकतंत्र में सरकार चुनने का अधिकार जनता के पास होना चाहिए, न कि सरकार को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि कौन वोट दे सकता है। पार्टी ने अपने संदेश के अंत में 'राष्ट्र सबसे ऊपर' का नारा भी दिया है। यह समर्थन ऐसे समय में सामने आया (शेष पृष्ठ २ पर)

हरदीप सिंह पुरी को भाजपा ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाया

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को एक बार फिर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पुरी को मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। इससे उनके मोदी कैबिनेट में बने (शेष पृष्ठ २ पर)

पीएनबीमें ३५ करोड़का घोटाला, पांच निलंबित

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के ऐच्छर गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक ब्रांच में करीब 35 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है. आरोप है कि कई खाताधारकों की एफडी समय से पहले तोड़कर रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दी गई। शिकायतें मिलने के बाद बैंक मैनेजर समेत पांच कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। अब तक 16 लोगों ने पुलिस से शिकायत की है, जबकि एंटी करप्शन टीम भी जांच में जुटी है. बैंक ने खाताधारकों को भरोसा दिलाया है कि उनका पैसा वापस खातों में पहुंचा दिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा के पंजाब नेशनल बैंक का मामला सामने आने के बाद पीएनबी क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से बैंक मैनेजर सहित पांच बैंक कर्मचारियों को निलंबित कर नए स्टाफ की तैनाती की गई है। हालांकि, बैंक की ओर से इस संबंध में आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। वहीं बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने भी शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली एसआईआर : सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछे कई सवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कई अहम सवाल पूछे हैं। अदालत ने पूछा कि जब किसी व्यक्ति का नाम 2026 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज था, तो ड्राफ्ट सूची से नाम छूटने के बाद उसे नए मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने

मतदाता सूचीमें नाम था, फिर फार्म-६ भरनेको क्यों कहा

वाला फॉर्म-6 भरने के लिए क्यों कहा जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि जिन मतदाताओं को गणना फॉर्म नहीं मिला या जो समय पर इसे जमा नहीं कर सके, उनके मामले में भी रास्ता होना चाहिए। चुनाव आयोग ने देर से फॉर्म स्वीकार करने और 30 अक्तूबर की समयसीमा जरूरत पड़ने पर बढ़ाने पर विचार करने की बात कही है। उसे दो सप्ताह में अदालत को जवाब देना है।सुनवाई के दौरान अदालत ने मतदाताओं के अधिकार, फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आयोग की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए। याचिका में बताया गया कि दिल्ली की



ड्राफ्ट मतदाता सूची से करीब 47 लाख नाम गायब हैं। इनमें लगभग 43 लाख लोगों को स्थायी रूप से स्थानांतरित या अनुपस्थित और करीब दो लाख को मृतक बताया गया है। अदालत ने कहा कि केवल तय (शेष पृष्ठ २ पर)

दिल्ली में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में पुलिस ने अवैध पटाखे बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिनके कब्जे से 880 तैयार पटाखे, 600 अधबने पटाखे, 34 किलो संदिग्ध विस्फोटक पाउडर और पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया रिहायशी इलाके में अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनका भंडारण करने का काम किया जा रहा था, जिससे लोगों की जान-माल को गंभीर खतरा हो सकता था. थाना गोकलपुरी पुलिस को एक मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गोकलपुर गांव की एक मकान की दूसरी मंजिल पर छापेमारी की।

प्रदेशके बिजली उपभोक्ताओंको नवंबर में मिलेगी ९.१७ प्रतिशत की छूट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को नवंबर के बिजली बिल में राहत मिलने जा रही है। फ्यूल सरचार्ज में कमी के चलते उपभोक्ताओं का बिल 9.17 प्रतिशत तक कम होकर आएगा। इस साल

फ्यूल सरचार्ज घटनेसे बिलपर पड़ेगा असर

अब तक की यह सर्वाधिक गिरावट बताई जा रही है। फ्यूल सरचार्ज घटने का सीधा असर बिजली बिल पर पड़ेगा, जिससे उपभोक्ताओं को भुगतान में राहत मिलेगी। बढ़ते खर्चों के बीच बिजली बिल में होने वाली यह कमी आम उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई में बड़ी राहत मिली थी। जुलाई में बिजली 4.43 प्रतिशत सस्ती (शेष पृष्ठ २ पर)

जौहर यूनिवर्सिटी की ४२६ करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय ईडी लखनऊ जोन ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की जमीन और इमारतों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अस्थायी रूप से अटैच कुर्क कर लिया है। संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपये है, जबकि इसकी मौजूदा बाज़ार कीमत लगभग 1170 करोड़ रुपये है। इस संबंध में ईडी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रामपुर जिले के गाँव सिंघानखेड़ा, जौहर नगर में स्थित यह यूनिवर्सिटी कैंपस

ईडीकी बड़ी कारवाई

मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के पास है। इस ट्रस्ट की स्थापना मोहम्मद आज़म खान ने की थी और वही इसे नियंत्रित करते हैं। साथ ही, वे इस यूनिवर्सिटी के मानद चांसलर भी हैं। ईडी का कहना है कि रामपुर के अजीमनगर थाना में दर्ज 26 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू हुई थी। इन मामलों में आरोप था कि विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए किसानों की कृषि जमीन को जबरन कब्जे में ली गई। जब जिला प्रशासन ने जांच की तो उनकी रिपोर्ट के मुताबकि, सिंहानखेड़ा गांव में करीब 34 एकड़ में फैले शत्रु संपत्ति के 45 भूखंडों पर भी कथित तौर पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। ईडी की कार्रवाई के बाद शत्रु संपत्ति अभिरक्षक ने जिला प्रशासन के जरिए इस जमीन का कब्जा वापस ले लिया है।

चक्रवात अर्नब से आंध्र में भारी तबाही, पांच की मौत



सैकड़ों मकान ध्वस्त, २०० से अधिक पेड़ गिरे, बिजली व्यवस्था ध्वस्त

चक्रवाती तूफान अर्नब ने बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के काकीनाडा और पुडुचेरी के यानम के बीच तट पर दस्तक दी। इसके कारण तटीय इलाकों में तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। ओडिशा में भी चक्रवाती तूफान के चलते कई जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। अर्नब से हुए नुकसान का आकलन करने केंद्रीय टीम भेजने की मांग, अमित शाह को नायडू ने लिखा पत्र आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चक्रवात अर्नब से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की मदद आगे भी जारी रखने की मांग की। नायडू ने कहा कि शुरुआती आकलन के अनुसार करीब 80 मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें अधिकतर कोनसीमा जिले में हैं। राज्य की सड़कों पर 220 से अधिक पेड़ गिरे, जिनमें से 170 से ज्यादा हटाए जा चुके हैं। तटीय जिलों के कुछ हिस्सों में सड़कों को नुकसान और बिजली आपूर्ति बाधित होने की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि बहाली के लिए टीमें काम कर रही हैं और आने वाले दिनों में बारिश तथा बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। चक्रवात अर्नब के कारण हुई भारी से बेहद भारी बारिश ने दक्षिणी ओडिशा को प्रभावित किया है। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बुधवार को बताया कि 30 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकार को आशंका है कि चक्रवात से दक्षिणी जिलों में असर पड़ेगा और मलकानगिरी सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकता है। गंजाम, गजपति, रायगड़ा, (शेष पृष्ठ २ पर)

दक्षिण मैड्रिडमें दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर, ६४ की मौत

मैड्रिड। स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो तेज रफ्तार ट्रेनें टकरा गईं। इस हादसे में कम से कम ६४ लोगों की मौत होने की खबर है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसे में रेनफे एवीई सेवा की एक ट्रेन और निजी कंपनी इर्यो की एक ट्रेन शामिल थीं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।हादसा उरडा में रेलवे स्टेशन के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुबह 8.54 बजे (स्थानीय समय) आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया।कास्तिया-ला मांचा की 112 आपातकालीन सेवा ने बताया कि अल्काजार दे सान हुआन और ऑर्गाज से दमकलकर्मियों को भेजा गया है। आसपास की नगरपालिकाओं से नागरिक सुरक्षा दल भी मौके पर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, तीन चिकित्सा हेलीकॉप्टर भी घटनास्थल पर भेजे गए हैं। ये दल हादसे में बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं।



मौसम

सूर्योदय : ०६.०३
सूर्यास्त : ०५.२०
तापमान
अधि. : ३१.१
न्यून. : २२.०

लुधियानी गांव में स्वास्थ्य शिविर, 44 मरीजों का परीक्षण; डेंगू का प्रकोप कम होने के संकेत

बकेवर (इटावा)। थाना क्षेत्र के ग्राम लुधियानी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा के चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में कुल 44 मरीज पहुंचे, जिनकी जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने सेवाएं दीं। टीम में डॉ. मिथलेश सिंह, फार्मासिस्ट गोविंद तथा एएनएम अभिलाषा और अंशु का विशेष योगदान रहा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में आए 44 मरीजों में से 24 मरीज वायरल बुखार, 10 मरीज खुजली तथा 10 मरीज खांसी-जुकाम से पीड़ित पाए गए। गौरतलब है कि पिछले करीब एक महीने से ग्राम लुधियानी में डेंगू का प्रकोप बना हुआ था। अब स्थिति में सुधार के संकेत मिलने से ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। स्वास्थ्य संबंधी जांच के दौरान सामने आए आंकड़ों और डेंगू के मामलों में कमी की संभावना से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. जितेंद्र सिंह और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

आलू के खेत में काम कर रहे तीन मजदूरों पर मधुमक्खियों का हमला, एक की हालत गंभीर

बकेवर। औरैया जनपद के अजीतमल क्षेत्र के ग्राम चांदुपुर में आलू के खेत में काम कर रहे बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर बोझा निवासी तीन मजदूरों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। बड़ी संख्या में डंक लगने से तीनों मजदूर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा पहुंचाया गया, जहां एक मजदूर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम नसीरपुर बोझा निवासी कुलदीप पुत्र कोमल सिंह तथा विमल और विनय पुत्रगण आसाराम, ग्राम चांदुपुर निवासी बड़े पांडेय के खेत में आलू की मेड़ बनाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान खेत के पास स्थित बाग में लगे मधुमक्खियों के छत्ते से अचानक मधुमक्खियां निकलने लगीं और तीनों मजदूरों पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से खेत में अफरा-तफरी मच गई। मजदूरों ने मधुमक्खियों से बचने के लिए अपने कपड़े जलाकर उन्हें दूर भगाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद मधुमक्खियों का हमला जारी रहा। बड़ी संख्या में डंक लगने से तीनों की हालत बिगड़ गई। घायल विनय कुमार ने बताया कि वे दोनों अन्य मजदूरों के साथ अनंतराम के पास ग्राम चांदुपुर में बड़े पांडेय के खेत में आलू की मेड़ बना रहे थे। तभी बाग की ओर से अचानक मधुमक्खियां आ गईं और उन पर हमला कर दिया। विनय का आरोप है कि खेत मालिक भी घटनास्थल के पास मौजूद थे और उन्हें भी मधुमक्खियों ने डंक मारे, जिसके बाद वह वहां से चले गए। मजदूरों का कहना है कि यदि उन्हें पहले से मधुमक्खियों के छत्ते के बारे में जानकारी मिल जाती, तो वे सतर्कता बरत सकते थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उपचार के बाद एक मजदूर की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

उन्नाव हाईवे हादसे में बृजमोहन उर्फ विनय यादव की मौत, गांव में शोक

बकेवर। उन्नाव कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर डंपर में पीछे से पिकअप टकराने से बकेवर के ग्राम नगला बनी निवासी 32 वर्षीय बृजमोहन उर्फ विनय यादव की मौत हो गई। हादसे में पिकअप में सवार अन्य लोग भी घायल हुए। बुधवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक, बृजमोहन उर्फ विनय यादव पुत्र नरसिंह यादव अपने भांजे अभिषेक यादव के साथ मंगलवार देर शाम पिकअप में किन्नू लेकर लखनऊ जा रहे थे। अभिषेक किन्नू के परिवहन का काम करता है। उन्नाव कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से पिकअप चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप डंपर से टकरा गई। हादसे में घायल लोगों को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने विनय उर्फ बृजमोहन को मृत घोषित कर दिया। वह शटरिंग का काम करते थे और दो भाइयों में बड़े थे। उनके छोटे भाई जगमोहन हैं। करीब 13 वर्ष पहले उनकी शादी हुई थी। परिवार में पत्नी नीतू, 12 वर्षीय बेटा दिव्यांशु और मां विमला देवी हैं। उनकी चार बहनों की शादी हो चुकी है। बुधवार देर शाम शव गांव पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। विनय की मौत से पत्नी, बेटे और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

महेवा के रामजानकी मंदिर मेले में चौथे दिन भी उमड़ी भीड़, महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

बकेवर (इटावा)। कस्बा महेवा स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित मेले में चौथे दिन भी खरीदारों की भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की, वहीं स्कूल की छुट्टी के बाद पहुंचे छात्र-छात्राओं ने मेले में घूमकर आनंद लिया। जानकारी के अनुसार, रविवार को रावण वध से एक दिन पहले ही मंदिर परिसर में मेला सज गया था। रविवार से बुधवार तक मेले में लगातार लोगों की आवाजाही बनी रही। आसपास के दर्जनों गांवों से महिलाएं घरेलू जरूरतों का सामान खरीदने पहुंचीं। मेले में तिवाई, चलने, कढ़ाई, तवा, कुकर, कृत्रिम आभूषण, कपड़े और मिट्टी के बर्तनों सहित विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की दुकानें लगी रहीं। बच्चों ने मेले में लगे झूलों का आनंद लिया और परिवारों के साथ खरीदारी की। स्थानीय स्तर पर महेवा का यह मेला अंतिम मेला माना जाता है। इसी कारण दुकानदार यहां तीन से पांच दिन तक अपनी दुकानें लगाकर कारोबार करते हैं। मेले में लगातार बनी भीड़ से दुकानदारों और खरीदारों में उत्साह देखने को मिला।

अंतरराष्ट्रीय गजल संकलन में रियाज इटावी की रचनाओं को स्थान, साहित्यकारों ने दी बधाई



इटावा। अल्फाज प्रकाशन, नागपुर (महाराष्ट्र) द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय साझा गजल संकलन फखरे-गजल गोई में जनपद के शायर रियाज इटावी की गजलों को शामिल किया गया है। उर्दू भाषा में प्रकाशित इस संकलन में भारत सहित दुबई, अमेरिका, बेल्जियम, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और नेपाल के चयनित शायरों की रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। पुस्तक का संचयन एवं संपादन प्रसिद्ध शायर अजहर बख्श अजहर नागपुरी ने किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित इस संकलन में इटावा के शायर को स्थान मिलने से साहित्यकारों में खुशी है। वरिष्ठ साहित्यकार अनुराग मिश्र असफल ने रियाज इटावी की गजलों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी लेखनी को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। शायर यासीन अंसारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साझा संकलन में रियाज इटावी की गजलों का प्रकाशन जनपद के लिए गौरव की बात है। इससे इटावा को साहित्यिक क्षेत्र में प्रतिनिधित्व मिला है। शायर रौनक इटावी ने कहा कि कवियों और शायरों के लिए किसी अंतरराष्ट्रीय संकलन में रचनाओं का प्रकाशित होना सम्मान और उपलब्धि का विषय है। इससे रचनाकारों का उत्साह बढ़ता है और उन्हें आगे बेहतर लेखन करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर रामजनम सिंह भदौरिया, कवि रजनीश त्रिपाठी, शिक्षक तारिक मंसूरी, मौलाना मोहम्मद इकबाल, आरिफ सिद्दीकी, नूर और आमिर हुसैन ह्यआमिरह्न सहित अन्य कवियों एवं शायरों ने पुस्तक की प्रशंसा की। सभी ने रियाज इटावी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

मैदानी रामलीला में द्रौपदी चीरहरण लीला का भावपूर्ण मंचन, श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

जसवंतनगर/इटावा। नगर की ऐतिहासिक मैदानी रामलीला के मैदान में मंगलवार रात नौ बजे पांच दिवसीय रासलीला महोत्सव के तीसरे दिन द्रौपदी चीरहरण लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। वृंदावन से आई रंगरसिया रासलीला मंडली के कलाकारों ने महाभारत के इस मार्मिक प्रसंग को सजीव रूप में प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान हस्तिनापुर की राजसभा में द्यूत क्रीड़ा में पांडवों के हार जाने के बाद द्रौपदी को सभा में लाए जाने का प्रसंग दिखाया गया। दुशासन द्वारा द्रौपदी का चीरहरण करने के प्रयास के दौरान द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कृपा से द्रौपदी की लाज बचाई और दुशासन उन्हें अपमानित करने में सफल नहीं हो सका। कलाकारों ने इस प्रसंग के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की करुणा, भक्त की रक्षा और धर्म की विजय का संदेश प्रस्तुत किया।

बैंकों की मनमानी के खिलाफ गरजे व्यापारी, वित्त मंत्री के नाम सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

फिरोजाबाद। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश रजि. के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर महानगर अध्यक्ष अंबेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर बुधवार दोपहर 12 बजे करीब प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम मुख्यालय राम अनुज शुक्ला को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। महानगर अध्यक्ष अंबेश शर्मा ने बैंकिंग शुल्कों और व्यापारियों के कथित उत्पीड़न पर नाराजगी जताई। व्यापारियों ने सरकारी बैंक सातों दिन खोलने, मिनिमम बैलेंस पेनल्टी व अकाउंट मेंटेनेंस चार्ज समाप्त करने, चेक बाउंस शुल्क केवल चेक जारीकर्ता से लेने तथा केवाईसी अवधि 10 वर्ष करने सहित अन्य मांगें उठाईं। कार्यक्रम में नरेश पंजाबी, आकाश जैन,



पहलवान, हरिशंकर राठौर, दिलीप दीक्षित, हरिशंकर अग्रवाल, राम गोपाल बजाज, श्यामवीर सिंह, हर्षवर्धन, अनिल कुमार डब्बू, स्वतंत्र गुप्ता, रमाशंकर दादा, सुशील जाट, मोहित राठौड़, सुभाष यादव, मूलचंद राठौर, मुन्नालाल गोला, अजय प्रजापति, विवेक कौशल, मुकेश शर्मा, यादराम गुलाब, धर्मेंद्र मामा, सुफियान कुरैशी, अनिल शर्मा, सुबोध बघेल, होरीलाल राजपूत, रिंकू यादव, शिवम गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, डालचंद, गौरव कुमार, मुकेश कुमार, रमेश, पोप सिंह, सुरेश चंद्र, टिंकू यादव, डॉ. अजय कुमार, राकेश शर्मा, विनोद कुशवाहा एवं हरिओम कुशवाहा सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

सर्राफा लूटकांड में पुलिस कार्रवाई से व्यापारियों में संतोष, व्यापार मंडल ने एसएसपी को किया सम्मानित

अध्यक्ष अतुल राठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने किया सम्मान; सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड भी रहे मौजूद



एटा। अलीगंज में सराफा व्यापारी से हुई लूट की घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस द्वारा मुठभेड़ में ढेर किए जाने के बाद एटा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष अतुल राठी के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जि. को सम्मानित किया।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से व्यापारी समाज में सुरक्षा को लेकर विश्वास मजबूत हुआ है। व्यापारियों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारिक गतिविधियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की आधारशिला होता है। देश के विकास और अर्थव्यवस्था को गति देने में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में व्यापारी वर्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि व्यापारी निर्भीक होकर अपने व्यवसाय का संचालन कर सकें।

इस अवसर पर एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड भी व्यापारियों के साथ मौजूद रहे और उन्होंने एसएसपी का स्वागत एवं सम्मान किया।

एसएसपी डॉ. इलामारन जि.के स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारी अशोक सर्राफ, संजीव वार्ष्णेय 'बंटी बाबू', कल्लू मियां, राकेश वार्ष्णेय 'चिकोरी वाले', अतुल राठी, कैलाश जैन, संजीव वार्ष्णेय, साबिर मियां और जावेद आलम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

खाद की किल्लत, धान खरीद और आलू किसानों की समस्याओं पर उठाई आवाज, भाकियू महात्मा टिकैत ने सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन

इटावा। किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की मासिक पंचायत नवीन मंडी स्थित मंडी सचिव कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। रामनरेश यादव की अध्यक्षता में हुई पंचायत में खाद की उपलब्धता, धान खरीद, आलू के उचित मूल्य और आवारा पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। पंचायत के बाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री चौधरी राजेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में मंडी सचिव शिवा आशीष को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष संजेश यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान खाद की किल्लत, धान खरीद में अनियमितताओं, आलू का उचित मूल्य नहीं मिलने और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान से परेशान हैं। प्रशासन को इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराना चाहिए। तहसील अध्यक्ष जसवंतनगर बृजेश यादव ने कहा कि प्रशासन व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनता है, तो किसानों के साथ भी बैठक की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि प्रशासन किसानों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका समयबद्ध निस्तारण कराए। ज्ञापन में धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित करने, बिचौलियों पर रोक लगाने, डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता कराने, आलू किसानों को 400 रुपये प्रति क्विंटल सब्सिडी देने, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने और घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की मांग की गई। इसके अलावा गन्ने का बकाया भुगतान कराने, मंडियों में तौल व्यवस्था में सुधार करने, खतौनियों की त्रुटियां दूर करने और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित किसानों की अन्य समस्याओं को भी उठाया गया। संगठन ने मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान प्रदेश सचिव कैलाश यादव, जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर, जिला महासचिव राजेश कुमार, जिला महामंत्री राजीव कुमार, जिला सचिव रविंद्र कुमार, तहसील अध्यक्ष सैफई जगराम सिंह प्रजापति, तहसील अध्यक्ष सदर इटावा उदयराज सिंह, तहसील अध्यक्ष ताखा गिरजेश कुमार और चंदू बाबाजी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

स्कैम करने वालों की अब खैर नही

आगरा। ट्रूकॉलर ने आज भारत में अपने नए ऐप, ट्रूकॉलर लाइट के लॉन्च की घोषणा की, जो कम स्टोरेज और मेमोरी वाले एंड्रॉइड फोन पर भी लोगों को कॉल करने वाले की पहचान जानने और अनचाहे कॉल्स को ब्लॉक करने की वही सुरक्षा देता है, जिस पर वे सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं। लगभग 10 एमबी का यह ऐप कुछ ही पलों में इंस्टॉल हो जाता है, तुरंत खुलता है और 4जीबी तक रैम वाले फोन में भी बड़े आराम से चलता है।यह लॉन्च ऐसे वक्त पर हुआ है जब भारत में लोग त्योहारों की खरीदारी में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते है, और इसी दौरान फर्जी डिलीवरी वाले कॉल्स, बेहद लुभावने ऑफर्स और केवाईसी फ्रॉड जैसे स्कैम कॉल्स अचानक बढ़ जाते हैं।

चुनिंदा मॉडल्स 15 नवंबर से महँगे होंगे

आगरा।एआई प्लस स्मार्टफोन ने 15 नवंबर, से अपने पोर्टफोलियो के चुनिंदा मॉडल्स की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। खासकर कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में लागत का दबाव लगातार बना हुआ है। एआई प्लस स्मार्टफोन अब तक इस दबाव के असर का आकलन करते हुए ग्राहकों के लिए फोन की कीमतें किफायती बनाए रखने की कोशिश करता रहा है। हालाँकि, बढ़ती लागत के चलते कंपनी ने कीमतों में एक बार फिर सीमित बढ़ोतरी करने का फैसला किया है, ताकि फोन की कीमतों को किफायती बनाए रखने के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव भी दिया जा सके। कीमतों में तीन हजार रुपए तक की बढ़ोतरी होने वाली है।

गिफ्टिंग कलेक्शन के साथ बाटें खुशियाँ

आगरा। बारीक कारीगरी, खूबसूरत रंगों और शानदार पैकेजिंग से सजे ये गिफ्ट हैम्पर्स हमारी विरासत और परंपराओं का जश्न मनाते हैं। पारंपरिक भारतीय मिठाइयों और प्रीमियम ड्राई फ्रूट्स से लेकर बकलावा, चॉकलेट, नमकीन और खास गिफ्ट हैम्पर्स तक, इस नई रेंज में हर मौके के लिए उपहारों के बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं।दिवाली अपनों से फिर जुड़ने, आभार जताने और खास लोगों के साथ खुशियाँ मनाने का त्योहार है। हल्दीराम का यह खास कलेक्शन पारंपरिक भारतीय स्वादों और आधुनिक पसंद का बेहतरीन मेल है, जिसमें हर पसंद और हर मौके के लिए कुछ खास है, इसमें छोटे फेस्टिव गिफ्ट पैक से लेकर शानदार और बड़े गिफ्ट बॉक्स तक, हर तरह के उपहार के विकल्प मौजूद हैं।

इंटरनेशनल पार्सल कनेक्ट सेवा शुरू की

आगरा। दक्षिण एशिया की प्रमुख एक्सप्रेस एयर एवं एकीकृत परिवहन और वितरण कंपनी, ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने अपनी बी2सी (बिजनेस-टू-कंज्यूमर) सीमा-पार पार्सल शिपिंग सेवा इंटरनेशनल पार्सल कनेक्ट शुरू करने की घोषणा की। शुरूआत में यह सेवा भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका भेजे जाने वाले पात्र शिपमेंट के लिए उपलब्ध होगी। इसे ई-कॉमर्स व्यवसायों, डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) ब्रांड्स, मार्केटप्लेस विक्रेताओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों और उभरते निर्यातकों के लिए तैयार किया गया है, जो किफायती और विश्वसनीय तरीके से विदेशी ग्राहकों तक पहुंचना चाहते हैं।इंटरनेशनल पार्सल कनेक्ट प्रीमियम दरों वाली एक्सप्रेस सेवाओं और कम लागत वाले डाक विकल्पों के बीच एक वैकल्पिक समाधान उपलब्ध कराती है।

प्रथम पृष्ठ के शेष

केन्द्रीय कर्मचारियोंको...

स्कीम' के तहत 1,856 करोड़ का प्रावधान केबिनेट बैठक में किया गया.केबिनेट बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और सशक्तिकरण को गति देने के लिए कैबिनेट बैठक में ग्राम स्वराज योजना के लिए 7,395 करोड़ की स्वीकृति दी गई.केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत को लॉजिस्टिक्स और शिपिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाई गई इस कंटेनर विनिर्माण योजना को चार प्रमुख हिस्सों में बांटा गया है. इसमें ब्याज सब्सिडी सहायता, कंटेनरों की गुणवत्ता जांचने के लिए परीक्षण और प्रमाणन सहायता, जमीन के लिए भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता और फैक्ट्रियों के दैनिक काम-काज के लिए परिचालन व्यय सहायता शामिल है.मैन्युफैक्चरर्स पर वित्तीय बोझ कम करने के मकसद से सरकार ने कैपेक्स पर विशेष ध्यान दिया है. इसके तहत पूंजीगत व्यय के लिए लिए गए टर्म लोन पर हर साल 3 फीसदी की ब्याज छूट दी जाएगी. इसके लिए सरकार ने 859 करोड़ का खास बजट तय किया है.

वाहनकी...

बुधवार सुबह करीब सवा दस बजे नरायनपुर स्थित आलूमिल के सामने बाइक सड़क की पटरी से फिसलकर गिर गई। इसी बीच पीछे से आ रहे अज्ञात भारी वाहन ने तीनों को कुचल दिया, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के पिता रमेश चंद्र चौहान की तहरीर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरार अज्ञात वाहन की तलाश और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। मनोज तीन भाइयों में सबसे छोटा था और टाइल्स मिस्त्री का काम करता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह अपने भाई विकास चौहान की अपाचे बाइक लेकर घर लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही नरायनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक के आधार पर पट्टी कलां गांव के प्रधान से संपर्क कर ग्रामीणों को घटनास्थल पर बुलाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नरायनपुर तिराहे से पुलिस चौकी तक करीब एक किलोमीटर सड़क की हालत पिछले एक वर्ष से बेहद खराब है। सड़क पर गड्ढे हैं और किनारे पटरी भी नहीं है। लोगों के मुताबिक, शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी स्थायी समाधान करने के बजाय केवल गिट्टी डलवाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेते हैं। इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

दो बच्चों...

में तात्पी गंगा एक्सप्रेस शाहगंज से आजमगढ़ की ओर जा रही थी। रानी की सराय स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव नहीं है। ट्रेन बीच वाली पटरी से गुजर रही थी। इसी दौरान महिला अपने बच्चों के साथ ट्रेन की चपेट में आ गयी। हालांकि, महिला और बच्चे कब पटरी पर पहुंचे, इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। ट्रेन के गुजरने के बाद तीनों के शव पटरी पर क्षत-विक्षत हालत में पड़े मिले। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शवों की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रानी की सराय थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिला और दोनों बच्चों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान के लिए सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी प्रसारित की गयीं हैं।

इन्वेस्टमेंट...

प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश में निवेश की नई संभावनाओं, मौजूदा परियोजनाओं को गति देने और निवेश को धरातल पर उतारकर उत्पादन शुरू कराने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। सीएम ने आगे कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर निवेश से नया उद्योग, हर उद्योग से नया रोजगार और हर रोजगार से परिवारों में खुशहाली आए। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। सरकार का जोर निवेश प्रस्तावों को वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं में बदलने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर है।

महिलाओंके...

जरूरी है, लेकिन इसके साथ महिलाओं के लिए संविधान और कानून के तहत तय आरक्षण, सुविधाओं और विशेष सुरक्षा उपायों को भी सुरक्षित रखा जाना चाहिए। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार के तीन मंत्रालयों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने बुधवार को याचिका पर सुनवाई की। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना शामिल हैं। अदालत ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, कानून एवं न्याय मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जवाब मांगा है। याचिका में सवाल उठाया गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कानूनी मान्यता और अधिकार देने के दौरान महिलाओं के लिए बनाई गई विशेष व्यवस्थाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी। इनमें पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें, महिला जेलों में रहने की व्यवस्था, महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी और पुलिस कार्रवाई के दौरान मिलने वाली विशेष सुरक्षा शामिल हैं।

सीजेपीने...

है, जब एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों और भाजपा के बीच राजनीतिक टकराव चल रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने बयान में कहा कि वह देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए आवाज उठाने वाले संगठनों के साथ खड़ी रहेगी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह इंडिया गठबंधन की एक नवंबर को होने वाली रैली का समर्थन करती है। उसके अनुसार, संविधान ने हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया है और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कोई भी पात्र मतदाता इस अधिकार से वंचित न हो। पार्टी ने अपने संदेश में 'ज्ञानेश कुमार को जाना होगा' का नारा भी दिया है। यह मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग के समर्थन में उसका राजनीतिक रुख दर्शाता है। पार्टी के बयान में कहा गया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कारण पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हुई हैं। पार्टी का आरोप है कि वोट देने की प्रक्रिया आसान बनाने के बजाय लोगों के बीच मताधिकार से वंचित होने का डर बढ़ रहा है। उसके मुताबिक, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी हर पात्र नागरिक के वोट देने के अधिकार की रक्षा करना है, न कि उस अधिकार के इस्तेमाल में बाधाएं पैदा करना। पार्टी ने यह भी कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के जरिए लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जरूरी भरोसा खो दिया है। ये आरोप पार्टी ने अपने बयान में लगाए हैं।

हरदीप...

रहने का रास्ता भी साफ हो गया है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उप-चुनाव 2026 के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। मध्य प्रदेश से हरदीप सिंह पुरी को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। पुरी फिलहाल केंद्र सरकार में पेट्रोलियम मंत्री हैं। कुछ समय पहले हुए विभिन्न राज्यों के चुनाव में उनको उम्मीदवार नहीं बनाया गया था, जिसके बाद अटकलें लगने लगी थीं कि क्या पुरी को कैबिनेट से हटाया जा सकता है?

प्रदेशके...

हुई। इतनी सस्ती बिजली करीब 15 माह बाद मिल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल)ने यह घोषणा की है। यह घोषणा उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेश पर हुई। ईंधन एवं बिजली खरीद लागत समायोजन (एफपीपीसीए) के तहत जुलाई माह की लागत समायोजन दर जारी हुई है। यह अप्रैल 2026 की लागत पर आधारित है। उपभोक्ताओं को 4.43 प्रतिशत की राहत मिलेगी। यह पिछले 15 माह का सबसे बड़ा एफपीपीसीए लाभ है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक सबसे अधिक 2.42 प्रतिशत की कमी हुई थी। यह अब तक की सबसे बड़ी कमी है। इससे प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 358.31 करोड़ रुपये का लाभ मिला।

दिल्ली एसआईआर..

समय में गणना फॉर्म नहीं भर पाने के कारण किसी पात्र मतदाता को हमेशा के लिए सूची से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने यह भी पूछा कि जिन लोगों तक फॉर्म पहुंचा ही नहीं, उनके लिए आयोग की प्रक्रिया में क्या व्यवस्था है।फॉर्म-6 का इस्तेमाल पहली बार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए होता है, जबकि फॉर्म-8 का उपयोग पहले से पंजीकृत मतदाता के पते या अन्य विवरण में बदलाव के लिए किया जाता है। अदालत ने सवाल किया कि यदि कोई मतदाता दिल्ली में ही एक जगह से दूसरी जगह गया है, तो उसे फॉर्म-6 भरकर यह घोषणा करने के लिए क्यों कहा जाए कि वह पहले कभी मतदाता नहीं था। पीठ ने यह भी कहा कि काम के सिलसिले में कोई व्यक्ति एक-दो महीने बाहर रहे, तो उसे स्थायी रूप से स्थानांतरित मानना सही नहीं होगा। ऐसे मतदाताओं के लिए स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है।सुप्रीम कोर्ट ने समयसीमा को लेकर भी सवाल किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा कि जब दिल्ली में तत्काल कोई चुनाव नहीं होने वाला है, तो समयसीमा पर इतना जोर क्यों दिया जा रहा है। जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने सवाल किया कि क्या फॉर्म जमा नहीं कर पाने वाले मतदाता का वोट देने का अधिकार हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। उन्होंने इसे ऐसी व्यवस्था की खामी बताया, जिसे दूर करने की जरूरत है। अदालत ने आयोग से समयसीमा के बाद मिले गणना फॉर्म स्वीकार करने पर विचार करने को कहा। आयोग ने बताया कि उसने शिविर लगाए हैं, बूथ लेवल अधिकारियों को तैनात किया है और घर-घर जाकर जानकारी जुटाई जा रही है। पीठ ने कहा कि दिल्ली में मजदूर, फेरी लगाने वाले और दिहाड़ी कामगार रोजगार के लिए अलग-अलग जगहों पर आते-जाते रहते हैं। इसलिए पूरी जिम्मेदारी मतदाताओं पर डालने के बजाय चुनाव आयोग को खुद पता लगाना चाहिए कि कौन स्थायी रूप से स्थानांतरित हुआ है, कौन अस्थायी रूप से बाहर है और कौन अब भी उसी पते पर रह रहा है। अदालत ने सुझाव दिया कि छूटे हुए मतदाताओं की सूची आसानी से उपलब्ध कराई जाए। इसमें उनके पुराने मतदाता रिकॉर्ड और जरूरी जानकारी सरल हिंदी तथा स्थानीय भाषाओं में हो, ताकि लोग समझ सकें कि फॉर्म जमा नहीं करने पर क्या असर पड़ेगा।

चक्रवता...

कोरापुट, मलकानगिरी और नबरंगपुर में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। राज्य के 30 में से 16 जिलों में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहे। लोगों की मदद के लिए 2,037 चक्रवात आश्रय केंद्र तैयार रखे गए हैं, जहां भोजन, पीने के पानी और जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। आंध्र प्रदेश में चक्रवात अर्नब से पांच लोगों की मौत, मृतकों के परिवारों को पांच लाख रुपये की मदद आंध्र प्रदेश के तट से बुधवार तड़के चक्रवात अर्नब के गुजरने के बाद तटीय जिलों में भारी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि चक्रवात के कारण पांच लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वाईएसआरसीपी के प्रवक्ता करुमुरी वेंकट रेड्डी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू पर चक्रवात प्रभावित लोगों की मदद के बजाय प्रचार पर ध्यान देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, अधिकारियों को समय पर अलर्ट करने और जरूरी सहायता देने में विफल रही। उन्होंने फसलों के नुकसान का आकलन सीसीटीवी से करने के दावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने तत्काल आर्थिक सहायता, भोजन, पीने का पानी, सुरक्षित आश्रय और किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

एमएलसी चुनाव वैलेट पेपर से हुए, मतगणना पूर्ण, परिणाम घोषित

आगरा में स्नातक पर भाजपा और शिक्षक सीट पर सपा ने परचम फहराया

आगरा।आगरा खंड शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव में शिक्षक सीट पर समाजवादी पार्टी और स्नातक सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। शिक्षक निर्वाचन में सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशी हरिकिशोर तिवारी को 4,263 मतों के अंतर से पराजित किया। डॉ. आकाश अग्रवाल को कुल 14,046 मत प्राप्त हुए, जबकि हरिकिशोर तिवारी को 9,783 मत मिले। इस निर्वाचन में कुल 29,865 मत पड़े, जिनमें से 2,128 मत निरस्त हुए।वहीं, स्नातक निर्वाचन में भाजपा प्रत्याशी डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने सपा प्रत्याशी शशांक यादव को 8,856 मतों के अंतर से हराया। डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह को कुल 31,393 मत प्राप्त हुए, जबकि शशांक यादव को 22,537 मत मिले।

इस प्रकार, शिक्षक सीट पर सपा और स्नातक सीट पर भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की।पहले राउंड की मतगणना में ही डॉ. आकाश अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशी हरि किशोर तिवारी पर बढ़त बना ली। पहले राउंड में डॉ. आकाश अग्रवाल को 5,550 वोट, जबकि हरि किशोर तिवारी को 4,859 वोट मिले थे। इस तरह पहले राउंड में सपा प्रत्याशी 691 वोट से आगे थे।पहले राउंड



में अन्य प्रत्याशियों को मिले वोटों में आकाश अग्रवाल को 205, चंद्र प्रकाश को 17, डॉ. जगवीर सिंह को 262, दिलीप कुमार आमौरिया को 949, धीरज सिंह को 203, ब्रह्मजीत सिंह को 37, मो. वसीम कलाम को 172, रण विजय यादव को 861, रामू प्रसाद को 8 और राहुल पाराशर को 14 वोट मिले। 861 मत अस्वीकृत घोषित किए गए।

दूसरे राउंड में अंतर बढ़कर करीब 3,400 वोट हो जाना चुनावी मुकाबले के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आगरा खंड की स्नातक सीट पर भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह गुरुजी बढ़त बनाए हुए थेंप्रदेश की अन्य विधान परिषद सीटों के शुरूआती रुझानों में भाजपा और सपा के बीच कडा मुकाबला दिखाई दिया।आगरा में शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना के दौरान सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया।

आकाश अग्रवाल ने भाजपा समर्थकों पर हमला करने और कुर्ता फाड़ने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा कार्यकताओं ने दावा किया कि उन्होंने खुद कुर्ता फाड़ा। दोनों पक्ष धरने पर बैठ गए। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। घटना के बाद मतगणना स्थल पर दोनों दलों के समर्थक आमने-सामने आ गए। नारेबाजी और विरोध के बीच माहौल गरमा गया तथा भाजपा कार्यकर्ता भी धरने पर बैठ गए। मामले ने उस समय राजनीतिक तूल पकड़ लिया, जब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कथित घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर भाजपा पर निशाना साधा।घटना को लेकर पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस मामले की परिस्थितियों को समझने और विवाद की वास्तविक वजह स्पष्ट करने में जुटी है। फिलहाल दोनों पक्षों के आरोपों के बीच घटना को लेकर तनाव बना हुआ है। मामले में किस पक्ष ने पहले हमला किया और कुर्ता फटने की वास्तविक वजह क्या रही, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। किसी भी पक्ष के आरोप को अभी अंतिम निष्कर्ष नहीं माना जा सकता।

अखिलेश यादव ने वीडियो साझा कर भाजपा को घेरा



आगरा।सपा प्रत्याशी के साथ कथित मारपीट की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए लिखा कि भाजपा खुद बताए कि आगरा के जीतते हुए सपा प्रत्याशी आकाश अग्रवाल के साथ उसके लोगों द्वारा किया गया यह व्यवहार कितना जायज है।अखिलेश यादव की पोस्ट के बाद मामला स्थानीय चुनावी विवाद से निकलकर प्रदेश की राजनीति में भी चर्चा का विषय बन गया। सपा ने जहां इसे अपने प्रत्याशी के साथ दुर्व्यवहार का मामला बताया, वहीं भाजपा कार्यकताओं ने आरोपों को नकारते हुए धरना शुरू कर दिया।आगरा शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना पहले से ही विवादों में रही है। सपा प्रत्याशी आकाश अग्रवाल ने इससे पहले मतगणना रोके जाने और अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। इन शिकायतों के बीच दोनों दलों के समर्थकों के बीच बढ़ता टकराव प्रशासन के लिए चुनौती बना रहा। अब मारपीट के आरोपों ने विवाद को और गंभीर बना दिया है। एक ओर सपा निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रही है, तो दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ता भी विरोध में धरने पर बैठ गए हैं। पुलिस के सामने दोनों पक्षों के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर स्थिति को नियंत्रित रखने की चुनौती है।

डीईआई में एनएसएस इकाई की भ्रष्टाचार विरोधी शपथ और साइबर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संम्पन



सुरेखा यादव

आगरा। दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, दयालबाग आगरा के समाज विज्ञान संकाय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को भ्रष्टाचार विरोधी शपथ ग्रहण एवं साइबर सुरक्षा विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. के. शांति स्वरूप एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ रजनीश मीना के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर समाज विज्ञान संकाय की प्रमुख प्रो. संगीता कुमार, प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. के. शांति स्वरूप, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. सनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध ईमानदारी, पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली। शपथ ग्रहण के उपरांत समाज विज्ञान संकाय के सभागार में सतर्कता जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से भ्रष्टाचार की रोकथाम, डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा जिम्मेदार नागरिक व्यवहार के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कमलजीत संधू, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. लजवंत सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ईश्वर स्वरूप सहाय, डॉ. रजनीश कुमार मीणा, डॉ. मोनिका तिवारी, डॉ. गोपाल कृष्ण परिहार एवं डॉ. रोहित राजवंशी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों में नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना था।

उत्तर प्रदेश राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में डीईआई की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

सरगुन का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

सुरेखा यादव

आगरा। नोएडा में आयोजित 12वीं उत्तर प्रदेश राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2026 में दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (डीईआई) से संबद्ध विद्यालयों की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालयों और आगरा का नाम रोशन किया है। 22 से 25 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। डीईआई सरन आश्रम नगर स्कूल की कक्षा पाँच की छात्रा सरगुन भटनागर ने आर्टिस्टिक स्केटिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। सरगुन ने प्रतियोगिता में अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने



के लिए हुआ है। वहीं, डीईआई प्रेम विद्यालय प्राइमरी स्कूल की एक्सटेंडेड विंग की कक्षा दो की छात्रा सुखमना भटनागर ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। सुखमना ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक तथा 1000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों में खुशी की लहर है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी जितेंद्र कांत शर्मा दयालबाग ने दी हैं

फाइव स्टार ताज आगरा होटल में वेटर को थप्पड़ मारने पर गेस्ट लाइफ टाइम ब्लैक लिस्ट

मालिक परितोष लधानी ने कहा ! स्टाफ की इज्जत से कोई समझौता नहीं

आगरा। फाइव स्टार होटल ताज आगरा में एक मामूली सर्विस की गलतफहमी पर वेटर को थप्पड मारना एक गेस्ट को भारी पड़ गया। होटल प्रबंधन ने आरोपी गेस्ट को ताज आगरा प्रॉपर्टी से लाइफ टाइम के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया है। इस घटना का खुलासा एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड और होटल प्रॉपर्टी मैनेज करने वाली कंपनी सिसियर डेवलपर्स के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर परितोष लधानी ने अपनी लिंक्डइन पोस्ट में किया। घटना बीते दिनों की है, होटल के रेस्टोरेंट में क्रांति नाम का वेटर एक गेस्ट को सर्व रहा था। परितोष लधानी के मुताविक, क्रांति की अंग्रेजी कमजोर होने के कारण ऑर्डर को लेकर कम्पयुनिकेशन गैप हो गया था, इसी बात से नाराज होकर गेस्ट ने अपना आपा खो दिया और सभी के सामने वेटर क्रांति को जोरदार थप्पड जड दिया। इस घटना में सबसे ज्यादा दिल को छूने वाली बात वेटर क्रांति का व्यवहार रहा। थप्पड खाने के बाद भी उसने मैनेजमेंट से शिकायत नहीं की। जब मैनेजमेंट को किसी और के जरिये से घटना का पता चला और क्रांति से पूछा गया कि उसने रिपोर्ट क्यों नहीं की तो उसका जबाव सुनकर सभी भावुक हो गए। क्रांति शहर के समीप एक गांव के गरीब किसान परिवार से आता है। ताज जैसे फाइव स्टार होटल में नौकरी करना उसका सपना था। उसने मैनेजमेंट से कहा! मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहता था जिससे मेरी नौकरी को खतरा हो या यह बर्बाद हो जाए। परितोष लधानी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि क्रांति के इस जबाव ने उन्हें अंदर तक हिला कर रख दिया। एक कर्मचारी अपनी ड्रीम जॉव को बचाने के लिए अपमान सहने को तैयार था, क्योंकि उसे उर था, कि आवाज उठाने पर उसका भविष्य खतरे में पड जाएगा। परितोष लधानी ने पोस्ट की शुरूआत में ही लिखा, मैने अपनी ताज आगरा प्रॉपर्टी के एक गेस्ट को लाइफ टाइम के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया है, क्योंकि उन्होंने हमारे वेटर के साथ बहुत बुरा का किया। उन्होंने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, कि जैसे ही उन्हें घटना के बारे में पता चला, उन्होंने अगले ही दिन गेस्ट को बैन करने का फैंसला लिया। वह बेस्ट आज भी ब्लैकलिस्टेड है। उन्होंने दो टूक कहा, बिल्कुल भी किसी को मेरी टीम के किसी भी सदस्य की बेइज्जती करने का अधिकार नहीं हैं। उन्हें फिजिकली एब्यूज करने की तो बात ही छोड दें।कस्टमर कितना भी पैसे खर्च करे, इससे यह तय नहीं होता कि वह स्टाफ के साथ कैसा बर्ताव करेगा, अगर हमारे कर्मचारी अपनी इज्जत के लिए खडे होने से डरते हैं, तो उनके लिए खडे होना हमारी जिम्मेदारी है। परितोष की यह पोस्ट वायरल हो गई है। 28 अक्टूबर तक इस पोस्ट पर हजारों की संख्या में रिएक्शन और सैकडों कमेंट आ चुके हैं। ज्यादातर यूजर्स ने परितोष के फैंसले को लीडरशिप की मिसाल बताया है। कई लोगों ने मांग की है कि आरोपी गेस्ट के खिलाफ पुलिस में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई जाए, ताकि भविष्य में काई भी कर्मचारी के साथ ऐसा व्यवहार करने की हिम्मत न कर सके।

शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग

आगरा। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव बिलईपुरा में तडके एक मकान में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग से घर का कीमती सामान स्वाह हो गया, जिससे लाखों रूप्ये का नुकसान हुआ है। मकान मालिक जाहर सिंह ने पुलिस को बताया कि सुबह पांच बजे के करीब मकान के ऊपरी हिस्से में अचानक आग लगी, उस समय परिवार के सभी लोग गहरी नींद में थे, घर में आग लगने पर सभी लोग बाहर दौडे, जिससे उनकी जान बच गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगी, मकान में आग को देख गांव वाले मदद को दौडे। उन्होंने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया किन्तु घर का कीमती सामान फ्रिज, वाशिंग मशीन, टीवी, सहित कपडे, विस्तर आदि सबकुछ स्वाह हो गया।

तीन ट्रकों की भिड़ंत, एक चालक की मौत

दो गंभीर घायल, एक्सप्रेस वे पर वाहनों के पहिए थमे

आगरा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फतेहाबाद क्षेत्र में तीन ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या 22.300 पर हुआ। बताया गया कि लखनऊ से आगरा की ओर जा रहे तीन ट्रक एक-दूसरे से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बीच में चल रहे ट्रक संख्या एचआर 61 ई 4740 के चालक राजीव (29) पुत्र नरपाल निवासी ग्राम चडरा लालपुर, जिला सीतापुर की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं आगे चल रहे ट्रक संख्या आरजे 05 जीबी 6287 के चालक राजेंद्र (24) निवासी भरतपुर, राजस्थान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उनके भाई एवं सहचालक रवि के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पहुंचाया गया। पीछे चल रहे ट्रक संख्या आरजे 19 जीएल 1305 के चालक सोनाराम निवासी बाड़मेर, राजस्थान भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी एंबुलेंस की मदद से ताजनगरी स्थित श्रीहरि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को हाइड्रा मशीन की मदद से एक्सप्रेस वे से हटा कर थाने पहुंचाया। मौके पर ग्रामीणों की भीड जमा थी, ग्रामीणों की मदद से ट्रक की केबिन में फंसे चालक-क्लीनर को पुलिस ने बाहर निकाला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया, हादसे की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी है।

होमगार्ड की सड़क हादसे में मोत



फतेहपुर सीकरी। सड़क हादसे में घायल होमगार्ड त्रिलोकी नाथ तिवारी की उपचार के दौरान मौत हो गई। 55 वर्षीय त्रिलोकी नाथ तिवारी, पुत्र नौबत सिंह, निवासी मंडी मिर्जा खां, थाना फतेहपुर सीकरी में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। वह 20 अक्टूबर को ड्यूटी कर घर लौट रहे थे कि इसी दौरान तेहरा गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल त्रिलोकी नाथ को फतेहपुर सीकरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर ताजनगरी रेफर कर दिया इसके बाद परिजन उन्हें भरतपुर ले गएं। उपचार के दौरान 27 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे त्रिलोकी नाथ तिवारी ने दम तोड़ दिया।पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही उनका पार्थिव शरीर गांव मंडी मिर्जा खां पहुंचा ग्रामीण अंतिम दर्शन को उमडे। गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जहां ग्रामीण गमगीन हैं।

पीड़ित गायों को औषधीय युक्त लड्डू खिलाये

फतेहपुर सीकरी।पाली के दो भाई पिछले काफी दिनों से चला रहे हैं गौ सेवा का अभियान,लंपी स्किन बीमारी से पीड़ित गायों के लिए टीम ऋषि जाट बॉक्सर रामू जाट द्वारा नंदी गौशाला एवं शहर की लावारिस लंपी पीड़ित गायों को औषधीय युक्त लड्डू खिलाए। टीम के संयोजक कोरोना वॉरियर्स ऋषि जाट द्वारा पीड़ित गायों के लिए आयुर्वेदिक युक्त लड्डू तैयार किए गए हैंजो कि लंपी से पीड़ित गायों को खिलाया जा रहे हैं। ऋषि ने लंपी पीड़ित गायों के लिए अपने खर्चे पर 25 सदस्यों की टीम इन की सेवार्थ बनाई है जो लावारिस व गौशालाओं की पीड़ित गायों की दवा व चारे की सेवा कर रही है।ऋषि जाट ने गायों की सेवार्थ अपना एक हेल्पलाइन नंबर 7740885668 भी जारी किया है। लंपी पीड़ित गाये मिले तो हमारे इस नंबर पर कॉल कर हमें सूचित करें टीम मौके पर पहुंचकर उनकी सेवा करेगी। ऋषि जाट के इस लंपी पीड़ित गौ सेवा मिशन से लोग प्रभावित होकर जुड़ते चले जा रहे हैं। वहीं टीम ऋषि जाट अब तक 54 गायों की सेवा उपचार कर चुकी हैं।

महानगर की आवोहवा में जहर घुला

आईएसबीटी की स्थिती ज्यादा खराब, रीडिंग 8.54 से उछलकर 555.37 पहुंची



आगरा। ताजनगरी में वायु प्रदूषण की निगरानी के लिए लगाए गए नगर निगम के 39 सेंसरों के आंकड़े हवा की बिगड़ती स्थिति के साथ ही उनकी विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। जनवरी से मई 2026 के आंकड़ों की पिछले वर्ष की इसी अवधि से तुलना में 22 स्थानों पर 2.5 का औसत बढ़ा, जबकि 17 स्थानों पर गिरावट दर्ज की गई। कुछ स्थानों पर प्रदूषण के स्तर में असाधारण उछाल और कई सेंसरों की रीडिंग में एक जैसी संख्याएं सामने आने के बाद पर्यावरण कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता केसी जैन ने सभी सेंसरों का स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराने की मांग की है।आंकड़ों के अनुसार, आईएसबीटी पर 2.5 का औसत जनवरी-मई 2025 में 8.54 था, जो इसी अवधि में। शहीद नगर वैभव नगर में यह आंकड़ा 19.10 से बढ़कर 260.57 पहुंच गया। ईदगाह चैराहे पर औसत 8.83 से बढ़कर 227.31 और अग्रसेन मूर्ति, दिल्ली गेट पर 17.26 से बढ़कर 213.37 दर्ज किया गया। आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर भी औसत 23.50 से बढ़कर 198.86 हो गया, जबकि यहां जनवरी 2026 की रीडिंग 597 तक पहुंची। नया पुल तिराहे पर जनवरी में 389 और संबंधित अवधि का औसत 119.87 दर्ज किया गया।आंकड़ों में कुछ सेंसरों पर बार-बार 990 से 999 के आसपास की अधिकतम जैसी रीडिंग दर्ज होने का उल्लेख है। वर्ष 2026 में पांच स्थानों पर कुल नौ शून्य रीडिंग भी दर्ज की गई। ईदगाह सेंसर पर मई 2026 की रीडिंग 996.44 रही, जो मई 2024 के आंकड़े के बिल्कुल समान बताई गई है।

चेक बाउंस मामले में लखनऊ निवासी आरोपी को कोर्ट ने तलब किया

आगरा। पंद्रह लाख रुपये के दो चेक बाउंस होने के मामले में अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपी अनुराग वर्मा को तलब किया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कोर्ट संख्या 7) अनुज कुमार सिंह ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और वादी के अधिवक्ता के तर्कों के आधार पर आरोपी को अदालत में पेश होने का आदेश दिया। मामले के अनुसार, नवरंग विहार, अवधपुरी (थाना जगदीशपुरा, आगरा) निवासी वादी चंद्र प्रकाश कर्दम ने अपने अधिवक्ता राजेश यादव के माध्यम से अदालत में परिवाद दाखिल किया था। वादी का कहना है कि उनकी विपक्षी अनुराग वर्मा, निवासी सहारा शहर, विपुल खंड, गोमती नगर (लखनऊ) से पूर्व से जान-पहचान थी। इसी परिचय के आधार पर विपक्षी ने व्यापारिक आवश्यकता बताते हुए वर्ष 2024 में उनसे धनराशि उधार ली थी। बकाए के भुगतान के एवज में विपक्षी अनुराग वर्मा ने 15 मार्च 2026 को वादी को क्रमशः 8 लाख और 7 लाख रुपये के दो चेक जारी किए थे। वादी ने जब इन चेकों को भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत किया तो वे डिशऑनर हो गए। धनराशि प्राप्त न होने पर वादी ने न्यायालय की शरण ली। अदालत ने वादी पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद आरोपी के विरुद्ध प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए उसे तलब करने के आदेश जारी किए।

गवाही के लिए उपस्थित न होने पर अदालत ने दरोगा का वेतन रोका

आगरा। विशेष अदालत ने पॉक्सो और दुराचार से जुड़े एक आपराधिक मामले में बार-बार बुलाए जाने के बावजूद गवाही के लिए उपस्थित न होने पर सख्त रुख अपनाया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनिका चैधरी की अदालत ने तत्कालीन विवेचक एवं निरीक्षक निरंजन सिंह सिरोही का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश पुलिस आयुक्त को दिए हैं। मामला थाना ट्रांस यमुना से संबंधित दुराचार एवं पॉक्सो एक्ट के तहत राज्य बनाम सुमेर के मुकदमे का है। इस प्रकरण की विवेचना तत्कालीन विवेचक निरीक्षक निरंजन सिंह सिरोही ने की थी। अदालत में यह मुकदमा काफी समय से विवेचक की गवाही के लिए लंबित चल रहा है। अदालत द्वारा जारी निदेशों के बावजूद निरीक्षक गवाही देने के लिए न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे। उनके इस आचरण को न्यायिक प्रक्रिया में बाधक मानते हुए विशेष न्यायाधीश सोनिका चैधरी ने कड़ा आदेश पारित किया। अदालत ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वर्तमान में पुलिस लाइन आगरा में तैनात निरीक्षक निरंजन सिंह सिरोही का वेतन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रोक दिया जाए।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९५९
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

आगरा खंड स्नातक सीट पर मानवेंद्र प्रताप सिंह की जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

बेवर। आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह 'गुरुजी' की जीत पर बेवर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर उन्हें बधाई दी और दूसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह 'गुरुजी' ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शशांक यादव 'सीटू' को पराजित किया। उनकी जीत के बाद कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर चेयरमैन सरितकान्त भाटिया, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह चौहान उर्फ मोनू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजेंद्र सिंह चौहान उर्फ भल्लू, शिवम गुप्ता, सुमित सिकरवार, राजीव राठौर, बलराम प्रजापति, सनी चौहान और आकाश प्रताप सिंह चौहान सहित अन्य लोगों ने जीत पर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया और मानवेंद्र प्रताप सिंह के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

पति को बुलाकर ले जाने के बाद से लापता होने का आरोप, महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

बेवर। थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लूपुर निवासी एक महिला ने गांव के ही युवक पर अपने पति को बुलाकर ले जाने और उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चलने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर पति की तलाश कराने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सोनी पत्नी विजेंद्र राठौर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 अक्टूबर को शाम करीब चार बजे गांव के ही अशोक शुक्ला पुत्र सोनेलाल शुक्ला उनके पति विजेंद्र राठौर को अपने साथ बुलाकर ले गए थे। इसके बाद से उनके पति का कोई पता नहीं चल सका है। सोनी के अनुसार, उन्हें जानकारी मिली है कि अशोक शुक्ला ने अपने रिश्तेदार नागेंद्र तिवारी, जिनका पता उन्हें मालूम नहीं है, के नाम उनके पति से जमीन का बैनामा भी करा लिया है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि नागेंद्र तिवारी की पत्नी उनके पति के बदले चार लाख रुपये की मांग कर रही हैं। महिला ने अपने पति की जान-माल को खतरा होने की आशंका जताते हुए पुलिस से उनकी तलाश कराने और मामले में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

नवीगंज में वाहन चेकिंग अभियान, 12 वाहनों के चालान

बेवर। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में मंगलवार देर शाम नवीगंज चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नवीगंज बाजार से टोल प्लाजा तक संदिग्ध वाहनों की जांच की गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए गए अभियान में बाइक सवारों के कागजात की जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने नियमों का उल्लंघन करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी। अभियान के दौरान कुल 12 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की।

तालाब सौंदर्यीकरण के लिए लगाई गईं चार सीमेंट की कुर्सियां क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में रोष

भोगांव। थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर में तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए लगाई गई सीमेंट की चार कुर्सियां क्षतिग्रस्त मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी है। मामले में प्रधान प्रतिनिधि राहुल कुमार ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रधान प्रतिनिधि राहुल कुमार पुत्र राम कृष्ण, निवासी पूरनपुर, के अनुसार, गांव में तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों के बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सियां लगवाई गई थीं। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब सात बजे तालाब की ओर जाने पर चारों कुर्सियां क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी मिलीं। ग्रामीणों ने अपने स्तर से जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन कुर्सियों को नुकसान पहुंचाने वालों के बारे में पता नहीं चल सका। आशंका जताई जा रही है कि रात के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने कुर्सियों को तोड़कर और पलटकर क्षतिग्रस्त किया है। घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

हज़रत निज़ामुद्दीन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 04412 हज़रत निज़ामुद्दीन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | गाड़ी सं. 04411 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-हज़रत निज़ामुद्दीन

आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
-----	18:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	16:00	-----
19:10	19:12	फरीदाबाद	14:50	14:52
19:38	19:40	पलवल	14:30	14:32
19:50	19:52	रुंधी	13:28	13:30
20:08	20:10	होडल	13:10	13:12
20:18	20:20	कोसी कलाँ	12:58	13:00
20:28	20:30	छाता	12:48	12:50
22:15	22:20	मथुरा	12:28	12:30
22:35	22:37	फराह	12:05	12:07
22:58	23:00	राजा की मंडी	11:43	11:45
23:10	23:15	आगरा छावनी	11:33	11:35
23:55	23:57	जाजौ	11:13	11:15
00:58	01:00	धौलपुर	10:24	10:26
01:56	01:58	मुरेना	09:14	09:16
02:55	03:00	ग्वालियर	08:35	08:40
03:35	03:37	डबरा	07:54	07:56
04:04	04:06	सोनागिर	07:24	07:26
04:20	04:22	दतिया	06:54	06:56
06:00	-----	वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी	-----	06:30

हज़रत निज़ामुद्दीन से: गाड़ी संख्या 04412, दिनांकः 05.11.2026, 06.11.2026 एवं 07.11.2026 तक, **वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से:** गाड़ी संख्या 04411, दिनांकः 06.11.2026, 07.11.2026 एवं 08.11.2026 तक, **गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणीः 14

गाज़ियाबाद-अलीगढ़ ईएमयू अनारक्षित त्योहार विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी सं. 04414 गाज़ियाबाद-अलीगढ़ | गाड़ी सं. 04413 अलीगढ़-गाज़ियाबाद

आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
-----	20:05	गाज़ियाबाद	02:00	-----
20:28	20:29	मारीपत	01:29	01:30
20:43	20:44	दादरी	01:19	01:20
20:49	20:50	बोड़ाकी हाल्ट	01:11	01:12
20:57	20:58	अजाइबपुर	01:04	01:05
21:05	21:06	दनकौर	00:53	00:55
21:16	21:17	वैर	00:44	00:45
21:22	21:23	चोला	00:36	00:37
21:28	21:29	गंगरौल हाल्ट	00:30	00:31
21:33	21:34	सिकन्दरपुर	00:24	00:25
21:40	21:41	खुर्जा	00:17	00:18
21:47	21:48	कमालपुर	00:10	00:11
21:55	21:56	डाँवर	00:04	00:05
22:03	22:04	सोमना	23:54	23:55
22:13	22:14	कुलवा	23:44	23:45
22:20	22:21	महरावल	23:36	23:37
22:30	-----	अलीगढ़	-----	23:30

गाज़ियाबाद से: गाड़ी संख्या 04414, दिनांकः 05.11.2026, 06.11.2026 एवं 07.11.2026 तक, **अलीगढ़ से:** गाड़ी संख्या 04413, दिनांकः 06.11.2026, 07.11.2026 एवं 08.11.2026 तक,

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2448/26(AK)

खाद की कालाबाजारी रोकने और आवारा गोवंश से निजात दिलाने की मांग, भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

भोगांव। किसानों और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष विजय शाक्य के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसील परिसर में नारेबाजी कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। ज्ञापन में ग्राम पंचायत मोहब्बतपुर में ग्रामीणों की मांग के अनुसार गाटा संख्या 380 में अन्नपूर्णा भवन और राशन की दुकान के निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की गई। इसके साथ ही नगर पंचायत भोगांव में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के दौरान हाउस टैक्स की वसूली से संबंधित आ रही समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई गई।

किसान नेताओं ने कहा कि आलू और गेहूं की बुआई का समय चल रहा है, लेकिन किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने खाद की दुकानों पर कालाबाजारी के आरोप लगाते हुए किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित कराने की मांग भी शामिल रही।

किसान नेताओं का कहना था कि सड़कों पर गोवंश के विचरण से बाइक सवारों और आम नागरिकों के साथ दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोगांव की आयुष्मान कार्ड सूची में छूटे हुए पात्र परिवारों के नाम शामिल कराने की मांग की गई, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाकियू लोक शक्ति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। किसानों ने समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, शीला देवी, गीता, रेखा, ऊषा, राजा, किशोर कुमार, राजकुमार, सतनेश कुमार, महेश चंद्र, श्याम सिंह, हिमांशु, कौशल, प्रताप सिंह, चरन सिंह, सतेंद्र सिंह और जुबेर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भोगांव क्षेत्र से 45 वर्षीय महिला लापता, पुत्री ने थाने में दी तहरीर

मैनपुरी। थाना भोगांव क्षेत्र के ग्राम पड़ुआ से 45 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला की पुत्री शिवानी ने थाना भोगांव में प्रार्थना पत्र देकर अपनी मां की तलाश कराने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, ग्राम पड़ुआ, थाना भोगांव, जिला मैनपुरी निवासी शिवानी पुत्री मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी 45 वर्षीय मां सुनीता देवी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। वह 27 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब तीन बजे भोगांव बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां उनकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पुत्री ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मां की तलाश कराने की गुहार लगाई है।

नौकरी और स्मार्ट मीटर का ठेका दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये लेने का आरोप, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

मैनपुरी। थाना भोगांव क्षेत्र में बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर लगवाने का ठेका और नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक बेरोजगार युवक से पांच लाख रुपये लेने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोगांव थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिर्धा निवासी जावेद सिद्दीकी पुत्र जरीफ सिद्दीकी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अल्पशिक्षित और बेरोजगार है। इसी दौरान उसकी मुलाकात अलीगढ़ के मदनपुर निवासी अनवर अहमद से हुई। आरोप है कि अनवर अहमद ने स्वयं को उपभोक्ता महासंघ का डिप्टी कोऑर्डिनेटर बताते हुए सरकारी विभागों में उच्च स्तर तक पहुंच होने का दावा किया। उसने बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर लगवाने का ठेका दिलाने और वेंडर आईडी बनवाने का आश्वासन दिया। शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने स्वयं को वीपीओ कंपनी का पदाधिकारी बताते हुए जावेद की मुलाकात मदन बोरा और सुनील पाठक से कराई तथा उन्हें कंपनी का उच्च अधिकारी बताया। इसके बाद वेंडर आईडी की सिक्योरिटी के नाम पर पांच लाख रुपये मांगे गए। पीड़ित का आरोप है कि उसने कर्ज लेकर अलग-अलग तारीखों में नकद और ऑनलाइन माध्यम से कुल पांच लाख रुपये आरोपियों को दे दिए। आरोप है कि रुपये देने के बाद भी उसे न तो ठेका मिला और न ही रोजगार उपलब्ध कराया गया। काफी समय बीतने पर जब उसने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपी टालमटोल करने लगे। पीड़ित के अनुसार, 30 अप्रैल 2026 को रुपये मांगने पर अनवर अहमद ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये भूल जाने की बात कही। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर थाना भोगांव में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक जयदीप सिंह को सौंपी गई है।

डॉ. आकाश अग्रवाल की जीत पर सपा कार्यालय में जश्न, आलोक शाक्य ने भाजपा पर लगाए आरोप

भोगांव (मैनपुरी)। आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल की जीत पर भोगांव के जीटी रोड स्थित सपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य ने कहा कि आगरा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 12 जनपदों के शिक्षक वर्ग ने डॉ. आकाश अग्रवाल को विजयी बनाया है। मैनपुरी जनपद के शिक्षकों ने भी उन्हें भरपूर समर्थन दिया है। उन्होंने स्नातक निर्वाचन में भी समाजवादी पार्टी के पक्ष में बड़ी संख्या में मत मिलने की बात कही। आलोक शाक्य ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा के लोगों ने लूट का काम किया है। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी ने कई स्थानों पर जीत दर्ज की है। उन्होंने दावा किया कि यदि भाजपा सरकार निष्पक्ष चुनाव कराती, तो सभी 11 सीटें समाजवादी पार्टी के पक्ष में आतीं और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इसका लाभ मिलता। सपा नेता राजीव लोधी उर्फ राजू ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक माहौल को वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की लहर के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन-प्रशासन और स्थानीय नेताओं की कथित गतिविधियों के कारण पार्टी को नुकसान पहुंचा। उनका कहना था कि यदि ऐसा नहीं हुआ होता, तो सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत होती। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनने का दावा भी किया। इस अवसर पर ओम शरण यादव, रामशरण यादव, जयपाल सिंह, रामवीर सिंह और बृजेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बंटवारे के विवाद में महिला सहित चार लोगों से मारपीट का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

बेवर। थाना क्षेत्र के ग्राम करपिया में बंटवारे को लेकर हुए विवाद के दौरान महिला और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़िता ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। ग्राम करपिया निवासी गुड्डी देवी पत्नी चिरौंजीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे उनका अपने देवर के साथ बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले बृजेश और छोटे पुत्रगण भूपाल सिंह, सुंदरम पुत्र बृजेश, गोल्डी पुत्र उमेश तथा संजीव पुत्र नामालूम कथित रूप से हाथों में लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ, उनके पति चिरौंजीलाल और पुत्र सनी के साथ मारपीट की। जब उनकी पुत्रवधू निकिता बचाव के लिए आईं, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। घटना में गुड्डी देवी, उनके पति और पुत्र को चोटें आने की बात कही गई है।

पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

खेत में जबरन मेड़ बनाकर सीढ़ी बनाने का विरोध करने पर मारपीट का आरोप

बेवर। थाना क्षेत्र के ग्राम विक्कापुर में खेत में कथित रूप से जबरन मेड़ बनाकर सीढ़ी बनाने का विरोध करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम विक्कापुर निवासी सूरजपाल पुत्र नेकराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम करीब छह बजे गांव के राकेश पुत्र हुकुम सिंह, हुकुम सिंह पुत्र आत्माराम और ऋषि पुत्र राकेश ने कथित रूप से उनके खेत में मेड़ बनाकर सीढ़ी बना ली। सूरजपाल के अनुसार, जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उक्त लोगों ने कथित रूप से अवैध असलहा दिखाकर गाली-गलौज की और उनके साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बेवर रामलीला में मेघनाथ वध और सुलोचना सती लीला का मंचन, भावुक हुए दर्शक

बेवर। कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मंचन के दौरान बुधवार को मेघनाथ वध और सुलोचना के सती होने की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति देखकर दर्शक भावुक हो उठे। मेघनाथ वध के बाद रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मंचन के दौरान लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच भीषण युद्ध दिखाया गया। युद्ध में लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर सुलोचना भी वहां पहुंचती हैं। सुलोचना के सती होने के प्रसंग का मंचन देखकर दर्शक भावुक हो गए। रामलीला के दौरान पंडित उमेश दुबे ने कलाकारों को चौपाइयों और दोहों के माध्यम से सहयोग दिया। मंचन के दौरान धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा और मैदान में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में अध्यक्ष अनुपम दीक्षित सांवरिया, भोले मिश्रा, प्रवीन शुक्ला, लकी पांडेय, अन्नू लालजी, सत्यम मिश्रा, कुंदनलाल, शिवकुमार और वीके दुबे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

क्षेत्रीय कराटे प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर, कोसीकलां बना ओवरऑल चैंपियन

कोसीकलां। आगरा के कमला नगर में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित 38 वीं क्षेत्रीय कराटे प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर, कोसीकलां ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। ब्रज प्रदेश, मेरठ और उत्तराखंड की टीमों के बीच हुए इस कड़े मुकाबले में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 6 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 21 पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही सर्वाधिक 77 अंक अर्जित कर विद्यालय ने क्षेत्रीय ओवरऑल चैंपियनशिप का गौरवपूर्ण खिताब जीता। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में विद्यालय का दबदबा रहा, जिसके अंतर्गत टीम ने अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान और अंडर-17 बालक वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर-14 बालिका,अंडर-17 बालिका एवं अंडर-19 बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाते हुए रुद्र नरूका, यश जोशी, सक्षम, तरुण, मयंक चौधरी, हरिओम, सार्थक, सहजदीप, दिव्या, सौम्या और सूर्यप्रताप ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं आयुष्मान, कुमकुम, गार्गी, हरिष्ठा, श्रेया और नरेंद्र ने रजत पदक पर कब्जा जमाया, जबकि मयंक जैन, तानिष्क, हेमंत और रेनू ने कांस्य पदक अर्जित कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस उल्लेखनीय और गौरवमयी उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमदेश कुमार, प्रबंधक कृष्ण कुमार अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा समिति के मंत्री अवधेश कुमार गुप्ता तथा अध्यक्ष डॉ. जगदीश अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए इसे खिलाड़ियों की लगन, कड़े अनुशासन और निरंतर अभ्यास का सुखद परिणाम बताया। खिलाड़ियों को तराशने में विद्यालय की कराटे प्रशिक्षिका श्रीमती राधा त्रिपाठी के प्रभावी प्रशिक्षण और समर्पित मार्गदर्शन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस बड़ी सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दीपावली मेले में स्टालों पर सजी रौनक, महिलाओं ने डांडिया से बांधा समां

कोसीकलां। दीपावली के उल्लास, आकर्षक सजावट और डांडिया की खनक के बीच मंगलवार को आर्य समाज धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले में सजी बीस स्टालों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। हस्तनिर्मित उत्पाद, आकर्षक परिधान, सजावटी वस्तुएं और खान-पान के सामान लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। मेले का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल और अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल की पत्नी हेमलता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को खूब सराहना मिली। वहीं, महिला कार्यकारिणी की सदस्यों ने डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन सामाजिक सरोकारों के साथ महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान कर रहा है। ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने हुनर और उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में रूपल जैन, श्वेता जैन, खुशबू गोयल, खुशबू अग्रवाल, मोनिका गुप्ता, डॉ. मोनिका गुप्ता



और अनुराधा अग्रवाल सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। मेले में खरीदारी के साथ सांस्कृतिक उल्लास और महिला सशक्तीकरण की झलक देखने को मिली।

सम्मन

सम्मन वास्ते करार बाद अमूर तनकीह तलबी ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय श्रीमान पारिवारिक न्यायाधीश द्वितीय महोदय, आगरा हिन्दू विवाह याचिका संख्या- 3113 सन 2025

मनीष कुमार पुत्र अशोक कुमार
नि.-72, ग्यासपुरा, भट्टा, शाहगंज,
थाना-शाहगंज, जिला-आगरा
....याची

बनाम

श्रीमती सुधा कुमारी पुत्री श्री रामबाबू हाल नि.- म.नं.-247, नवादा औरंगाबाद, खादर पोस्ट अड्डूकी, (वी.ओ. पोस्ट ऑफिस) नवादा, थाना औरंगाबाद, जिला-मथुरा ....विपक्षी

अ. धारा- 13 हिन्दू विवाह अधिनियमहरगाह ने आपके नाम एक नालिश अन्तर्गत धारा सं.-13 हिन्दू विवाह अधिनियम दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि जो आप तारीख- 31.10.2026 वक्त 10:00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकई वाकिफ किया गया हो और ऐसे सवालों को जबाव दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करे जिन पर जवाबदेही के इस्तदलाल पेश करना चाहते हो- आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूरा में हारिज न हो तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसल होगी।सिख्त मेरे और मुहर अदालत में आज व तारीख 27 माह 10 सन 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से मुन्सरिम
परिवार न्यायाधीश द्वितीय, आगरा

रजत पदक विजेता राम रतन का कोसी-कोटवन बॉर्डर पर स्वागत, निकाला रोड शो



कोसीकलां। मंगलवार को जापान में आयोजित हुई एशियाई पैरा गेम्स 2026 में डिस्कस थ्रो चक्का फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले ग्राम नरी निवासी राम रतन सिंह जादौन के ब्रज आगमन पर कोसी-कोटवन बॉर्डर पहुंचने पर मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद रोड शो निकालकर उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई गई। रामरतन सिंह जादौन ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में 10.35 मीटर की दूरी तक चक्का फेंककर रजत पदक हासिल किया। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। पहली बार गृह क्षेत्र पहुंचने पर समर्थकों और खेल प्रेमियों ने उनका स्वागत कर बधाई दी। लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। इस अवसर पर छाता चेयरमैन प्रतिनिधि फाल्गुन ठाकुर, विवेक चौधरी, सतेंद्र ठाकुर, प्रवेश पंडित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यालय नगर निगम, अलीगढ़।

पत्रांक :-5774/नि.वि./न.नि.अली./2026-27 दिनांक 28/10/26

ई-निविदा सूचना

नगर निगम, अलीगढ़ द्वारा स्वीकृत 82 निर्माण कार्यों की ई-निविदायें नगर निगम अलीगढ़ में पंजीकृत किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी एवं अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित जानकारी ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in एवं वेबसाइट www.aligarh.in पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित कार्यों की सूची नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम अलीगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र के सम्बन्ध में ई-टेण्डर की वेबसाइट को देखते रहें। निविदाओं हेतु निर्धारित तिथि एवं समय का विवरण निम्नवत है:-

ऑनलाइन निविदा

1.	निविदा वेबसाइट से डाउनलोड करने की तिथि	दिनांक 12 नवम्बर 2026 सांय 05.00 बजे
2.	निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 24 नवम्बर 2026 सांय 05.00 बजे
3.	निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 25 नवम्बर 2026 प्रातः 11.00 बजे

मुख्य अभियंता
नगर निगम अलीगढ़।

कार्यालय अधिशासी अभियंता
ग्रामीण अभियत्रंण विभाग, प्रखण्ड-कासगंज।

पता-प्रथम तल, विकास भवन, सोरों रोड कासगंज।

पत्रांक- 652/ग्रा.अ.वि./निविदा/प्रथम कॉल/2026-27 दिनांक-22.10.2026

निविदा आमंत्रण सूचना-15/2026-27

महामहिम राज्यपाल, महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कासगंज द्वारा जनपद कासगंज में निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,में ए, बी, सी, एंव डी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता द्वारा कोई एक या एक से अधिक निविदा डाली जा सकती है।

(क्रिटिकल गैप्स योजना 2026-27)

क्र0 सं0	जनपद	विकास खण्ड	कार्य का विवरण	प्राक्कलन की धनराशि लाख रू0 में	धरोहर धनराशि लाख रू0 में	निविदा प्रपत्रों का मूल्य रू0(जी0एस0टी0सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कासगंज	कासगंज	जनपद कासगंज नगर पालिका परिषद, कासगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कासगंज के बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।	8.20	0.41	225+500 स्टे0+जी0 एस0टी0	3 माह
2	कासगंज	सोरों	जनपद कासगंज के कलेक्ट्रेक्ट परिसर में निर्मित बहुउद्देशीय कार्यालय में शौचालय निर्माण, कार्यालय के सम्मुख इण्टरलॉकिंग एवं सौन्दर्यीकरण आदि का निर्माण कार्य।	7.80	0.39	225+500 स्टे0+जी0 एस0टी0	3 माह
3	कासगंज	सोरों	कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार पर लोहे का हस्तचलित बूम बैरियर निर्माण कार्य।	0.92	0.046	150+500 स्टे0+जी0 एस0टी0	3 माह
4	कासगंज	सोरों	विकास भवन परिसर में स्थित विवेकानन्द सभागार में विद्युत केबल एवं अन्य कार्य।	1.88	0.094	150+500 स्टे0+जी0 एस0टी0	3 माह

शर्तेः- 1. निविदा प्रपत्रों का सेट कॉलम-6 के अनुसार धनराशि जमा कर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-कासगंज जो दिनांक-17.11.2026 से दिनांक-18.11.2026 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक कार्य दिवस पर नकद धनराशि जमा कर अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-कासगंज के पक्ष में किसी शिड्यूल बैंक का बना हो तथा जिसका जनपद-कासगंज में भुगतान हो सकें। निविदा दाता द्वारा अन्य सूचना कार्यालय जहाँ से निविदा क्रय की जानी है, से प्राप्त की जा सकती है।

2. निविदा में दी गई दरें 90 तक मान्य होगी तथा निविदा वापिस नही की जा सकती।

3. भरी हुई निविदा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-कासगंज में दिनांक-19.11.2026 को 12:30 बजे अपरान्ह तक डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक-19.11.2026 को 03:00 बजे अपरान्ह अधोहस्ताक्षरी के कक्ष तकनीकी/वित्तीय विड खोली जायेगी, यदि उपरोक्त वर्णित कार्यालय निविदा प्राप्त अथवा खोलने की तिथि को सरकारी अवकाश होने के फलस्वरूप बन्द रहते है तो सम्बन्धित कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को उक्त निर्धारित समय पर की जायेगी।

UPID- 259575 Date : 26/10/2026
Website : www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड कासगंज।

एक नवंबर को दिल्ली कूच करेगे कांग्रेसी

रैली में शामिल होने की अपील, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग

एटा। कांग्रेस की पूर्व राज्यसभा सांसद सत्या बहन ने बुधवार शाम अपने आवास पर प्रेसवार्ता कर लोगों और कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले इंडिया गठबंधन के अभियान में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोटों की चोरी के आरोप लगाते हुए उन्हें और संरक्षण देने वालों को हटाने की मांग उठाने की बात कही। सत्या बहन ने आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष पर दबाव बनाने के लिए हो रहा है। उन्होंने राहुल गांधी की लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए उठाई जा रही आवाज की सराहना की। साथ ही ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष कमजोर नहीं है, बल्कि एजेंसियों के दबाव से परेशान है।



दिल्ली रैली में जाने के लिए प्रेसवार्ता के माध्यम से अपील करती सत्याबहन।

करवाचौथ का त्योहार आज

करवों की चमक, चूड़ियों की खनक से बाजार हुआ गुलजार



करवाचैध की पूजा का सामान और चूड़ियां खरीदती महिलाएं।

एटा। करवाचौथ को लेकर बाजार सज गया है। महिलाओं के लिए बाजार में रंग-बिरंगे मिट्टी के करवे सज गए हैं। दुकानों पर साड़ी, चूड़ी, बिंदी और श्रृंगार के सामान की चमक देखते ही बन रही है। परंपरा और पसंद का यह मेल बाजार को त्योहार के रंग में रंग रहा है। बाजार में मिट्टी के करवे 50 से 100 रुपये तक में उपलब्ध हैं। आकार, रंग और सजावट के हिसाब से इनके दाम अलग-अलग हैं। सामान्य करवे के साथ रंगीन और डिजाइनदार किनारों वाली छन्नी है तो कहीं मोती, गोटा और लटकन से सजे विकल्प भी महिलाओं को आकर्षित कर रहे हैं। चांद देखने के लिए इस्तेमाल होने वाली छन्नी भी कई रूप में उपलब्ध है। साधारण छन्नी की कीमत 10 रुपये से शुरू होकर 150 रुपये तक पहुंच रही है। कहीं रंगीन विकल्प महिलाओं की पसंद बन रहे हैं। शहर के बाबूगंज पर करवा की दुकानें सजी हैं। बर्तन की दुकानों के बाहर पीतल के करवे भी सज गए हैं। मिट्टी के पारंपरिक करवों के साथ पीतल के करवे भी बाजार में अपनी जगह बनाए हुए हैं। वजन, आकार और नक्काशी के आधार पर इनकी कीमत में अंतर है। बाजारों में सामान्य पीतल के करवे करीब 700 से 1500 रुपये तक में उपलब्ध हैं। बुधवार को महिलाओं द्वारा श्रृंगार और करवा की खरीददारी की गई।

साड़ी से चूड़ी तक पसंद का रंग

जलेसर। करवाचौथ पर पूजा की तैयारी के साथ सजने-संवरने का उत्साह भी बाजार में दिखाई दे रहा है। साड़ी और सूट की दुकानों पर महिलाएं अपने पसंदीदा रंग और डिजाइन तलाश रही हैं। लाल, मैरून और गुलाबी जैसे पारंपरिक रंगों के साथ अन्य रंगों के परिधान भी पसंद किए जा रहे हैं। कपड़ों से मेल खाती चूड़ियां, कंगन, बिंदी, लिपस्टिक और आभूषण खरीदने में महिलाएं समय दे रही हैं। कई महिलाएं पूरे परिधान के साथ श्रृंगार का सामान चुन रही हैं।

अलीगंज व्यापारी लूट का खुलाया



एटा। एसएसपी डॉ इलामारन जि के निर्देशन में अलीगंज पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल कर सराफा व्यापारी से लूटकांड के दो और आरोपी गिरफ्तार कियेहै। एटा के अलीगंज में सराफा व्यापारी से लूट के मामले में पुलिस ने मैनपुरी के दो आरोपियों गौरव और मंगलम को गिरफ्तार किया है । पुलिस के मुताबिक, दोनों पर लूट की योजना बनाने और लूटे गए माल के बंटवारे में शामिल होने का आरोप है। ध्यान रहे कि पूर्व मे कोतवाली नगर और पिलुआ पुलिस की संयुक्त टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में अलीगंज क्षेत्र में सराफा व्यापारी से लूट के मामले में वांछित एक लाख रुपये का इनामी बदमाश वीरेंद्र गोली लगने से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बदमाशों की गोली से पिलुआ थाने में तैनात सिपाही सतपाल भी घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में उपचार कराया गया।

सराफा व्यापारी लूटकांड के खुलासे पर व्यापारियों ने पुलिस कप्तान को दिया धन्यवाद

अलीगंज। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से व्यापारियों में सुरक्षा का भरोसा एक बार फिर से लौट आया है। बताते चलें कि बीते दिनों सराफा व्यापारी संजय यादव दुकान बंद कर अपने पैतृक गांव पुरहार जा रहे थे। इसी दौरान तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर उनका बैग लूट लिया था। बैग में लाखों रुपये कीमत के सोने.चांदी के आभूषण थे। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने छह पुलिस टीमों का गठन किया था। पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी को मार गिराया।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर अदालत के आदेश से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने 27 अक्टूबर की देर शाम कोतवाली नगर में मुनीर अहमद निवासी रारपट्टी, चैहारा, कासगंज रोड, थाना कोतवाली देहात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 21 अगस्त 2026 को कोतवाली नगर क्षेत्र में नन्नूमल चैराहे के पास पुलिया गर्वी के समीप आरोपी ने मौसमी के जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। इससे वह बेहोश हो गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के मुताबिक, उसने पहले स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

--अलीगंज व्यापारी लूट का खुलाया होने पर--

एटा उद्योग व्यापार मंडल ने एस.एस.पी. को किया सम्मनित



एटा । उद्योग व्यापार मंडल एटा के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष अतुल राठी के नेतृत्व में अलीगंज में सराफा व्यापारी से हुई लूट के मुख्य आरोपी को पुलिस प्रशासन एटा द्वारा ढेर किए जाने को लेकर एसएसपी डॉ इलामारन जि को सम्मानित किया गया।

पुलिस प्रशासन एटा की अपराधियों के खिलाफ त्वरित दमनकारी कार्यवाही से व्यापारियों में सुरक्षापूर्ण संतोष की लहर है ।

व्यापारी समाज किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की मूल धुरी होता है अतः राष्ट्र के विकास के लिए व्यापारी समाज की सुरक्षा परम आवश्यक है। एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड भी एसएसपी के स्वागत सम्मान करने में व्यापारियों के साथ रहे ! सम्मान करने वाले व्यापार मंडल पदाधिकारियों में मुख्यरूप से अशोक सर्राफ कल्लू मियां राकेश वार्ष्णेय अतुल राठी कैलाश जैन साबिर मियां, जावेद आलम समेत अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद रहे।

दहेज में ट्रैक्टर की मांग, विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप

एटा। रिजोर थाना क्षेत्र में दहेज में ट्रैक्टर की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर अदालत के आदेश से पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज देकर उसकी शादी अभिषेक पुत्र हेतराम निवासी नगला पंचम, थाना घिरोर, जिला मैनपुरी के यहां की थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुरालीजन दहेज में ट्रैक्टर की मांग करने लगे। महिला का आरोप है कि ससुरालीजन उसके साथ गाली-गलौज करते थे और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते थे। इससे परेशान होकर उसने न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पर रिजोर थाना पुलिस ने पति अभिषेक समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए किया जागरूक

दो दिवसीय प्रशिक्षण में बेकरी, डेयरी, मसाला उद्योग और मिनी तेल मिल की दी जानकारी

एटा। मुख्यमंत्री ग्राम स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत राजकीय फल संरक्षण केंद्र, एटा की ओर से 27 और 28 अक्टूबर को जलेसर विकासखंड के ग्राम महानमाई में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि छोटेलाल सिंह ने फीता काटकर और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान लाभार्थियों को प्रशिक्षण किट और स्टेशनरी वितरित की गई। प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त प्रभारी जगदीश चंद शर्मा ने योजना की जानकारी दी। प्रशिक्षक सुनील कुमार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के तरीके बताए।

वहीं, राजकीय फल संरक्षण केंद्र के प्रभारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने खाद्य पदार्थों के संरक्षण, मशीनरी और स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी। लाभार्थियों को बेकरी, डेयरी, मसाला उद्योग, आटा चक्की और मिनी तेल मिल स्थापित करने के संबंध में बताया गया। साथ ही मशीनरी पर मिलने वाले अनुदान और उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के प्रोत्साहनों की जानकारी दी गई। समापन पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

एसएसपी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ की बैठक

समस्याएं सुन समाधान के दिए निर्देश



एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जि ने बुधवार को पुलिस लाइंस स्थित सम्मेलन कक्ष में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी आयोजित की। इसमें सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याओं, सुझावों और कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। एसएसपी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग और समाज के लिए उनकी सेवाएं अविस्मरणीय हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए जिला पुलिस प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। गोष्ठी में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। एसएसपी ने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के अनुभवों और सुझावों का उपयोग पुलिसिंग को बेहतर बनाने में किया जाएगा। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उनके अनुभव उपयोगी साबित हो सकते हैं।

रोडवेज बस ने महिला को रौंदा, मौके पर मौत

मंदिर से पूजा कर घर लौटते समय हुआ हादसा



महिला की मौत के बाद घटनस्थल पर एकत्रित स्थानीय लोगों की भीड़।

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत रोडवेज बस स्टैंड पर बुधवार को अनुबंधित रोडवेज बस की चपेट में आने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भेज दिया। मृतका की पहचान शहर की चित्रगुप्त कॉलोनी निवासी अलका जैन पत्नी राजू जैन के रूप में हुई है। बताया गया कि वह रोज की तरह मंदिर में पूजा करने के बाद घर लौट रही थीं। इसी दौरान यूपी रोडवेज की अनुबंधित बस ने उन्हें रोद दिया। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद महिला के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस की ओर से मामले में आगे की कार्रवाई की गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए कार्यशाला आयोजित



साइबर अपराधों से बचने के लिए कार्यशाला में उपस्थित पुलिसकर्मियों को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक।

एटा। पुलिस लाइंस के बहुद्देशीय हॉल में बुधवार को साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सच्चिदानंद की उपस्थिति में आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को साइबर वित्तीय अपराध, म्यूल अकाउंट, एमआरएम और जीआरएम पोर्टल तथा भुगतान पोर्टलों की जानकारी दी। कार्यशाला में बैंक के चीफ मैनेजर अरविंद सिंह, अधीश शर्मा, साइबर थाना प्रभारी शंभूनाथ सिंह सहित साइबर सेल, क्राइम ब्रांच, शाखा प्रभारियों और थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीमों ने भाग लिया। बैंक अधिकारियों ने साइबर अपराधों की रोकथाम और पुलिस-बैंक समन्वय के बारे में जानकारी दी। पुलिसकर्मियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। पुलिस के अनुसार, अब तक साइबर अपराध पीड़ितों के 88 लाख 38 हजार 200 रुपये वापस कराए गए हैं। इसके अलावा साइबर अपराध में इस्तेमाल 2068 सिम और 3572 आईएमईआई ब्लॉक कराए गए हैं।

अलग-अलग तीन सड़क हादसों में चार लोग घायल

एटा। जिले में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। मिरहची में बाइक की टक्कर से पैदल जा रहा युवक घायल हो गया, जबकि एटा शहर में तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटने से चालक घायल हो गया। वहीं, अलीगंज-कुरावली मार्ग पर बाइक सांड से टकराने पर दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मिरहची थाना क्षेत्र के सुपैती गांव के पास बाइक ने पैदल जा रहे मिरहची निवासी गुन्नू (34) पुत्र बादाम सिंह को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 102 एंबुलेंस के ईएमटी सनी और पायलट सुनील कुमार ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी घटना में मंगलवार रात करीब 10:30 बजे कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत रेलवे रोड की ओर से सामान लादकर आ रहा तेज रफ्तार ई-रिक्शा बस स्टैंड के सामने अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने ई-रिक्शा को सड़क किनारे कर यातायात सुचारु कराया। वहीं, अलीगंज-कुरावली मार्ग पर बेगमपुर के पास मंगलवार रात 7 बजे बाइक सांड से टकरा गई। हादसे में बेगमपुर निवासी अमन और रमन पुत्रगण शिशुपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों कुरावली से घर लौट रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें उपचार के लिए कुरावली के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

सात्विक विष्णु महायज्ञ का तीसरा दिन, उमड़े श्रद्धालु, पूतना वध और कालिया मर्दन की लीला का मंचन

एटा/अलीगंज। नगर के प्राथमिक पाठशाला परिसर में आयोजित श्री सात्विक विष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। सुबह से ही यज्ञ मंडप में आहुतियां देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं की गई। दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भंडारा भी चलता रहा। संध्या के समय गिरिराज आदर्श रासलीला मंडल गोवर्धन, वृंदावन धाम के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। कलाकारों ने पूतना वध और कालिया नाग मर्दन की लीला का सजीव चित्रण कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। भजनों और जयकारों से पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य संयोजक प्रदीप कुमार गुप्ता ने श्रद्धालुओं को सुंदरकांड की पुस्तकें भेंट कीं। इस दौरान मुनीश्वर दयाल दुबे, विनोद कुमार आर्य, सूर्यकांत गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

पति से विवाद के बाद विवाहिता ने पिया टॉयलेट क्लीनर, हालत गंभीर

एटा/अलीगंज। नया गांव थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव में बुधवार को पति से विवाद होने के बाद एक विवाहिता ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। अलीपुर निवासी पंकज की 23 वर्षीय पत्नी शिवानी का किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया था। इसके बाद क्षुब्ध होकर उसने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे अस्पताल ले गए। पति पंकज के अनुसार, वह काम करके घर लौटा था। उसने पत्नी से खाना बनाने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद वह पानी लेने चला गया। इसी दौरान गुस्से में पत्नी ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया।

ड्राई डे पर अवैध शराब बिक्री, ढाबा संचालक पर मुकदमा

एटा। मतदान दिवस पर घोषित ड्राई डे के दौरान अवैध शराब बिक्री और आबकारी नियमों के उल्लंघन के मामलों में आबकारी विभाग ने कार्रवाई की है। दो मामलों में एक अनुज्ञापी से 30 हजार रुपये प्रशमन शुल्क जमा कराया गया, जबकि ढाबा संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी अनूप शर्मा ने बताया कि 23 अक्टूबर को आगरा रोड चुंगी स्थित देशी शराब की दुकान के बाहर शराब बिक्री का वीडियो वायरल हुआ था। इस पर संबंधित अनुज्ञापी से स्पष्टीकरण मांगा गया। नियमानुसार प्रथम उल्लंघन पर 27 अक्टूबर को 30 हजार रुपये शमन शुल्क जमा कराया गया। वहीं, एटा-शिकोहाबाद रोड स्थित गुमानपुर के श्री श्याम ढाबे पर छापेमारी के दौरान पांच कैन बीयर, देशी शराब के तीन क्वार्टर और विदेशी मदिरा का एक क्वार्टर बरामद हुआ। ढाबा संचालक शैलेन्द्र कुमार निवासी गुमानपुर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध निगरानी जारी है।

आगरा **आज** गुरुवार २९ अक्तूबर, २०२६, सौर १२ कार्तिक, सं. २०८३ वि.

सुभाषित

हार और जीत आपकी सोचपर ही निर्भर है। मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है।

❐ *स्वामी विवेकानन्द*

लूट की खुली छूट

सर्वोच्च न्यायालयने कैंसरकी दवाओंपर भारी मुनाफेकी खुली लूटपर कड़ी टिप्पणी करते हुए एक बड़ा सवाल भी खड़ा कर दिया है कि आखिर पूरा तंत्र दवा निर्माता कम्पनियोंकी क्यों मदद कर रहा है? कैंसरकी दवाओंपर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और रिटेल विक्रेताओंको मिलने वाली कीमत (रिटेलर प्राइस) में भारी अन्तरपर मंगलवारको न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहताकी पीठने जो कड़ी टिप्पणी है वह सरकार और दवा निर्माता कम्पनियोंको कड़ा सन्देश भी है। पीठका यह भी कहना महत्वपूर्ण है कि दवाओंके मूल्य निर्धारणमें इतना बड़ा अन्तर होनेके बाद भी पूरा तंत्र दवा निर्माताओंकी सहायतामें क्यों सक्रिय है? यह लूटकी खुली छूट जैसा है। साथ ही यह भी सवाल उत्पन्न होता है कि क्या निर्माताओंको मनमानी करनेकी छूट दी जानी चाहिए? यह मुद्दा आम नागरिकों और गरीब मरीजोंसे जुड़ा है। यह केवल व्यापारका मामला नहीं है। पीठने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की भूमिकाको भी कटघरेमें खड़ा कर दिया है और कहा है कि एनपीपीए पूरी तरहसे निष्क्रिय निकाय लगता है। पीठका यह भी कहना है कि ११ हजार रुपयेमें मिलने वाला कीमोथैरिपीका इंजेक्शन एक लाख ३० हजार रुपयेमें कैसे बेचा जा रहा है और मूल्योंके बीच भारी अन्तरका धन कहां जा रहा है? वस्तुतः सर्वोच्च न्यायालयकी कड़ी टिप्पणीको केवल दवा निर्माता कम्पनियों या निजी अस्पतालोंकी आलोचनाके रूपमें देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह मामला भारतकी स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीजोंके अधिकारसे सीधे जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालयने दवाओंकी खरीद और बिक्री मूल्योंमें इस भारी अन्तरको अत्यन्त गम्भीर माना है और कहा है कि मरीजोंको इस प्रकारकी कीमत क्यों चुकानी पड़ रही है? सर्वोच्च न्यायालयकी चिन्ता केवल यह नहीं है कि कोई कम्पनी अधिक मुआवजा कमा रही है। मूल प्रश्न यह है कि क्या जीवनरक्षक दवाओंके बाजारमें मरीजकी मजबूरीका फायदा उठाया जा सकता है? कैंसर जैसी बीमारीमें मरीज और परिवारके पास दवा खरीदनेके अलावा कोई विकल्प नहीं होता है और वह कीमतपर मोलभाव करनेकी स्थितिमें भी नहीं होता है। ऐसेमें बाजारकी सामान्य मांग-आपूर्ति वाली अवधारणा कमजोर पड़ जाती है। इस पूरे प्रकरणमें अलग-अलग स्तरपर शुल्क लिया जा रहा है। अस्पताल और डाक्टरोंकी मनमानी कमाई और उपहार तथा अन्य सुविधाएं देनेकी संस्कृतिसे भी दवाओंके मूल्य बढ़ जा रहे हैं। इसे कैसे रोका जाय इसपर सरकारको सोचना होगा। निगरानी तंत्रको भी मजबूत करना होगा तभी मूल्योंमें कमी आ सकती है।

वायु प्रदूषणका दंश

वायु प्रदूषण पृथ्वीके जीवधारियोंके अस्तित्वके लिए बड़े खतरेका संकेत हैं। इसे नियंत्रित करनेके लिए वैश्विक मंचोंसे बातें तो बड़ी-बड़ी की जाती हैं और इसके निदानके लिए रास्ते भी सुझाये जाते हैं लेकिन यह महज कागजोंतक सिमटकर रह जाता है। कोई भी देश इस समस्याको गम्भीरतासे नहीं लेता। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है। भारतके शहरोंको स्वच्छ हवा देनेके लिए पिछले सात सालोंमें १२ हजार करोड़ रुपयेसे अधिक खर्च किये गये, इसके बावजूद देशके ९० प्रतिशत शहरोंमें प्रदूषणका स्तर निर्धारित मानकके अनुरूप नहीं हो सका। दिल्लीकी स्थिति सर्वाधिक चिन्ताजनक है। आंकड़ोंपर गौर करें तो वर्ष २०१६ से २०२५ तक राजधानीका वार्षिक औसत स्तर किसी भी साल राष्ट्रीय मानकोंके अनुरूप नहीं रहा। सेण्टर फार रिसर्च आन एनर्जी एण्ड क्लीन एयरके स्वतंत्र विश्लेषणके अनुसार जनवरी २०१९ में शुरू किये गये इस कार्यक्रममें सात साल बाद भी प्रदूषण नियंत्रणकी तस्वीर सन्तोषजनक नहीं है। खास बात यह है कि प्रदूषित हवाका दुष्प्रभाव जीवधारियोंपर तो पड़ ही रहा है, कृषि उत्पादपर भी इसका व्यापक प्रभाव दिख रहा है जो देशके विकास और अर्थव्यवस्थाके लिए शुभ संकेत नहीं है। हवा क्यों प्रदूषित हो रही है, इसके कारण और निवारणके बारेमें सोचना और इसके लिए सख्त कदम उठाना होगा। प्रदूषणपर आक्सफैमकी रिपोर्ट चौंकाने वाली है। इसके अनुसार दुनियाके सबसे अमीर करीब ८० लाख लोग न केवल प्रदूषण फैलानेमें आगे हैं, बल्कि इससे होने वाली प्राकृतिक आपदाओंसे दोहरा मुनाफा कमानेमें भी आगे हैं। ये धनकुबेर दुनियाकी सबसे गरीब ३५० करोड़ आबादीके मुकाबले ज्यादा कार्बन प्रदूषण फैलाते हैं। इन बेहद अमीर लोगोंका ऐसे कारोबारमें भारी निवेश है, जो पर्यावरणको नुकसान पहुंचा रहे हैं और आपदाओंसे राहत, बचाव, मरम्मत और पुनर्निर्माणसे जुड़े कारोबारमें भारी निवेश कर दो गुना मुनाफा कमा रहे हैं। ऐसे लोगोंपर अन्तरराष्ट्रीय स्तरपर दबाव बनानेकी जरूरत है, तभी वायुकी गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

लोक संवाद

पर्यावरण का संरक्षण जरूरी


महोदय,-दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषणकी गम्भीर चुनौतीका सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षणकी जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषणके मुद्देपर विकासशील देशोंको अक्सर कठघरेमें खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकोंतक संसाधनोंका अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषणकी जिम्मेदारी तय करनी है तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जनको भी ध्यानमें रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधोंके नामपर विकासशील देशोंके विकासको बाधित करना न्यायसंगत नहीं है। पर्यावरण संरक्षण व्यापारिक प्रतिस्पर्धाका हथियार नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोगका माध्यम होना चाहिए। विकसित देशोंको अपना फर्ज समझना होगा। -महेश कुमार, वाया ईमेल।

व्यापार समझौते की सम्भावना

हालमें ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने कहा कि भारत और अमेरिका एक नये व्यापार समझौतेको अंतिम रूप देनेके बेहद करीब हैं। डोनाल्ड ट्रम्पने स्पष्ट किया कि दोनों देश समझौता करनेके इच्छुक हैं और यह नया सौदा पिछले सभी द्विपक्षीय समझौतोंसे काफी अलग होगा।

❐ डा. जयंतीलाल भंडारी

हालमें ही अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरेपर आये। मार्कोंने २० से २२ अक्तूबरके बीच भारत दौरेके दौरान भारतीय परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकर और अन्य शीर्ष नेताओंके साथ व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा सहयोगके मुद्दोंपर विस्तृत चर्चा की। रुबियोने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के जामनगर संयंत्रका दौरा किया और भारतकी इस अनूठी रिफायनिंग क्षमताकी सरहाना की। रुबियोने यह भी कहा कि भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता अब अंतिम और तकनीकी स्तरपर पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दशकोंमें वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्रपर भारत और अमेरिकाके संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारीके रूपमें उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्यमें ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी नयी आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीतिके कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारतके समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजारमें अपने मजबूत निर्यातको सुरक्षित रखनेकी चुनौती है तो दूसरी तरफ रूससे रियायती दरोंपर अपनी ऊर्जा जरूरतोंकी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनेका रणनीतिक संतुलन साधनेका दबाव है।



इस खींचतानके बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमोंमें अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओंपर प्रस्तावित शुल्ककी चुनौतियोंके बावजूद अमेरिकाके राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री रुबियोकी हालिया सकारात्मक टिप्पणियोंसे भारत और अमेरिकाके बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) एक नयी पटकथाके साथ उभरते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि १९९१ के आर्थिक उदारीकरणके बादसे लेकर २०१६ तक भारत और अमेरिकाके बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधोंमें एक प्रभावी दौर देखनेको मिला। वर्ष २००० मैं दोनों देशोंके बीच वस्तुओं एवं सेवाओंका द्विपक्षीय व्यापार लगभग छह गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तरपर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाजारमें भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नोंकी मांगमें जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारतकी आर्थिक साख वैश्विक स्तरपर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगतिको २००८ के ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते और २०१६ में भारतको मिले मेजर डिफेंस पार्टनरके दर्जेसे गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकियोंके हस्तांतरणके नये द्वार खुलनेके साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कम्पनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रोने अमेरिकी अर्थव्यवस्थामें महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच१बी वीजा नीतिने भारतीय कुशल पेशेवरोंको अमेरिकामें कार्य करने और वैश्विक पहचान बनानेके पर्याप्त अवसर प्रदान किये। निवेशके दृष्टिकोणसे भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां २००० से २०१६ के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कम्पनियोंने भारतके तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रोंमें भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही भारतीय कम्पनियोंने भी अमेरिकी बाजारमें अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

ट्रम्प कालमें शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियोंसे ठीक पहलेतक दोनों देशोंके आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोगकी मजबूत नींवपर लगातार आगे बढ़ते रहे। ऐसेमें अब अमेरिकासे व्यापार समझौतेकी संभावनाओंका सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। हालमें १७ अक्तूबरको अमेरिकी प्रशासन द्वारा लींडसे ग्राहम अधिनियमके तहत रूसी तेल खरीददारोंपर सौ प्रतिशत टैरिफ लगानेके कठोर फैसलेको ६० दिनोंके लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य-पूर्वके तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्षसे उपजे ऊर्जा संकटके बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियोने भारतकी ऊर्जा जरूरतों और स्त्रोतोंके विविधीकरणकी सराहना की है। रूससे प्रतिस्पर्धी दरोंपर कच्चा तेल खरीदनेकी इस छूटसे भारतमें ईंधनकी लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजारमें महंगीका दबाव कम होगा। इसके साथ ही इस फैसलेने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रोंके भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चिततासे बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरोंका प्रवाह बनाये रखनेमें मदद की है। निःसंदेह तेल टैरिफपर ६० दिनोंकी राहतके बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमोंमें सख्तीके कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कारपोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञोंपर संकट गहराता जा रहा है। एच१बी वीजापर लगाये गये एक लाख डालरके अतिरिक्त शुल्कको एक वर्षके लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रियाको बेहद सख्त करनेसे बड़ी भारतीय आईटी कम्पनियोंके पंजीकरणमें ९२ प्रतिशततककी भारी गिरावट दर्ज की गयी है, जबकि कुल मंजूर एच१बी वीजामें भारतीयोंकी हिस्सेदारी लगभग ७१ प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त नौकरी छूटनेके बाद मिलने वाले ६० दिनोंके वैधानिक ग्रेस पीरियडको खत्म करनेका नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरोंके लिए गम्भीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जायगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुनः आवेदन करनेकी बाध्यता होगी। ऐसेमें अमेरिकासे आर्थिक अनिश्चितता और संरक्षणवादके इस दौरमें भारतको केवल रक्षात्मक रुख अपनानेके बजाय अपने राष्ट्रीय आर्थिक हितोंकी सुरक्षाके लिए एक दीर्घकालिक और बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। अमेरिका और यूरोपीय संघपर अत्यधिक निर्भरता कम करनेके लिए लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य पूर्वके गैर-पारम्परिक बाजारोंमें भारतीय उत्पादोंकी पैठ बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओंके साथ लंबित मुक्त व्यापार समझौतोंको तेजीसे अंतिम रूप देना होगा।

भारत और अमेरिकाके बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौतेकी वार्ताके तहत भारतको सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धाके बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारतको कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रोंमें राष्ट्रीय हितोंकी रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रोंसे भारतकी विशाल आबादीकी आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरीपर टैरिफ दरोंको शून्य या न्यूनतम स्तरपर लानेके लिए भारतको कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकोंको अमेरिकी बाजारमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे।

घरेलू स्तरपर उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओंका विस्तार करना होगा और सेवा क्षेत्रको कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर तथा उच्च प्रौद्योगिकीकी दिशामें अपग्रेड करना होगा, ताकि अमेरिकी नीतियोंके झटकोंका प्रभाव न्यूनतम किया जा सके। भारत और अमेरिकाके बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौतेकी वार्ताके तहत भारतको सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धाके बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारतको कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रोंमें अपने राष्ट्रीय हितोंकी रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रोंसे भारतकी विशाल आबादीकी आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरीपर अमेरिकी टैरिफ दरोंको शून्य या न्यूनतम स्तरपर लानेके लिए भारतको कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकोंको अमेरिकी बाजारमें प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंततः अमेरिका द्वारा मिली ६० दिनोंकी यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारतके लिए महज एक सांकेतिक छूट नहीं है। यह ६० दिनोंका समय भारतको नये सिरेसे संजोनेका एक प्रभावी अवसर प्रदान करता है।

साइबर सुरक्षा की जानकारी आवश्यक

डिजिटल इंडियाने देशमें सुविधाओंके नये रास्ते खोले हैं। लेकिन इसकी सफलताका आकलन केवल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, मोबाइल ऐप या आनलाइन लेन-देनकी बढ़ती संख्यासे नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब होगी जब सामान्य नागरिकको छोटेसे छोटे कामके लिए बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े।

❐ रमेश धवाला

भारतमें पिछले कुछ वर्षोंमें डिजिटल तकनीकने हमारे दैनिक जीवनको काफी बदल दिया है। कभी बिजलीका बिल जमा करने, पैसे भेजने या सरकारी प्रमाण-पत्र बनवानेके लिए लम्बी कतारोंमें खड़ा होना पड़ता था। आज इनमेंसे अनेक काम मोबाइल फोनसे किये जा सकते हैं। वर्ष २०१५ में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीके नेतृत्वमें शुरू हुए डिजिटल इंडिया अभियानने देशमें डिजिटल सेवाओंको बढ़ानेकी दिशामें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। हालांकि इस बदलावके साथ एक सवाल भी जुड़ा है कि क्या इन सुविधाओंका लाभ समाजके हर वर्गतक समान रूपसे पहुंच रहा है। डिजिटल इंडियाका सबसे बड़ा उद्देश्य सरकारी सेवाओंको आम नागरिकके लिए सरल और सुलभ बनाना रहा है। आज अनेक प्रमाण-पत्रोंके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डिजिलॉकर जैसी सुविधाओंने जरूरी दस्तावेजोंको सुरक्षित रखने और आवश्यकता पड़नेपर उपलब्ध करानेका रास्ता आसान किया है। इससे लोगोंके समय और पैसेकी बचत हुई है। लेकिन कई बार वेबसाइट ठीकसे काम नहीं करती या आवेदन लम्बे समयतक लम्बित रहते हैं।

ऐसी स्थितिमें नागरिकको वही परेशानी उठानी पड़ती है जिससे बचानेके लिए आनलाइन व्यवस्था बनायी गयी थी। इसलिए तकनीकके विस्तारके साथ प्रशासनिक जवाबदेही भी जरूरी है। डिजिटल भुगतानने भी भारतीय समाजमें बड़ा बदलाव लाया है। आज छोटे दुकानदार, सब्जी विक्रेता और रेहड़ी लगाने वाले भी यूपीआईसे भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इससे नकद पैसे रखनेकी जरूरत कम हुई है और लेन-देन अधिक सुविधाजनक बना है। हालांकि इसके साथ आनलाइन धोखाधड़ीकी घटनाओंने नयी चिन्ताएं पैदा की हैं। फर्जी संदेश, अनजान लिंक और ओटीपीके माध्यमसे ठगीके मामले बताते हैं कि डिजिटल सुविधाओंके साथ लोगोंको साइबर सुरक्षाकी जानकारी देना भी आवश्यक है। सरकारी योजनाओंका लाभ सीधे लोगोंके बैंक खातोंमें पहुंचानेकी व्यवस्था भी महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरणसे बिचौलियोंकी भूमिका कम करनेमें सहायता मिली है। फिर भी कुछ लोगोंको आधार, बैंक खाते या तकनीकी समस्याओंके कारण कठिनाइयोंका सामना करना पड़ता है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रोंमें बुजुर्गों और कम पढ़े-लिखे नागरिकोंके लिए ये प्रक्रियाएं आसान नहीं हैं। ऐसी स्थितिमें सहायता केन्द्रों और वैकल्पिक व्यवस्थाओंकी भूमिका बढ़ जाती है। किसी पात्र व्यक्तिको केवल तकनीकी समस्याके कारण सरकारी सहायतासे वंचित नहीं होना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्यके क्षेत्रमें भी डिजिटल तकनीककी उपयोगिता बढ़ी है। ऑनलाइन कक्षाओं, अध्ययन सामग्री और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमोंने विद्यार्थियोंके लिए नये अवसर पैदा किये हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और डिजिटल रिकॉर्डसे मरीजोंको सुविधा मिल सकती है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओंका उद्देश्य पात्र परिवारोंको उपचारके खर्चसे राहत देना है। लेकिन यह भी समझना होगा कि डिजिटल कार्ड, ऑनलाइन पाठ्यक्रम या प्रमाण-पत्र अपने आप बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओंकी गारंटी नहीं हैं। इनके लिए अच्छे संस्थान, प्रशिक्षित कर्मचारी और आवश्यक संसाधन भी चाहिए। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यमें डिजिटल सुविधाओंका महत्व और अधिक है। यहां अनेक गांव जिला मुख्यालयों और सरकारी कार्यालयोंसे काफी दूर स्थित हैं। किसी छोटेसे कामके लिए भी लोगोंको लम्बी यात्रा करनी पड़ती है। हिमसेवा और लोकमित्र केन्द्रों जैसी व्यवस्थाएं इस दूरीको कम करनेमें सहायक हो सकती हैं। यदि गांवमें ही प्रमाण-पत्र, बिल भुगतान और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हों तो लोगोंको बड़ी राहत मिल सकती है। प्रदेशके पर्यटन और बागवानी क्षेत्रोंमें भी डिजिटल तकनीक नयी संभावनाएं लेकर आयी है। छोटे होटल और होमस्टे संचालक ऑनलाइन बुकिंगसे पर्यटकोंतक पहुंच रहे हैं। बागवान मौसम, मंडी भाव और बाजारकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे उनके लिए बेहतर निर्णय लेना सम्भव होता है। लेकिन पहाड़ी क्षेत्रोंमें कमजोर मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेटकी समस्या अब भी गम्भीर है। कई दूरदराजके गांवोंमें इंटरनेटकी गति इतनी कम होती है कि सामान्य ऑनलाइन आवेदन भरना भी मुश्किल हो जाता है। डिजिटल भारतकी एक बड़ी चुनौती समाजमें मौजूद डिजिटल असमानता है। शहरोंमें रहने वाले शिक्षित और आर्थिक रूपसे सक्षम लोगोंके लिए तकनीकका उपयोग अपेक्षाकृत आसान है। इसके विपरीत गरीब परिवारों, बुजुर्गों और ग्रामीण नागरिकोंके सामने अनेक कठिनाइयां हैं। स्मार्टफोनकी कीमत, इंटरनेटका खर्च, भाषाकी समस्या और तकनीकी जानकारीका अभाव उन्हें पीछे छोड़ सकता है। इसलिए डिजिटल सेवाओंको केवल अंग्रेजी या कठिन प्रशासनिक भाषातक सीमित नहीं रखना चाहिए। हिन्दी और स्थानीय भाषाओंमें सरल निर्देश उपलब्ध कराना भी जरूरी है। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न नागरिकोंकी निजी जानकारीकी सुरक्षाका है। आज बैंक, पहचान और स्वास्थ्यसे जुड़ी बहुत-सी जानकारी डिजिटल माध्यमोंमें दर्ज होती है।

इसका गलत उपयोग लोगोंके लिए गम्भीर परेशानी पैदा कर सकता है। इसलिए सरकार और संबंधित संस्थाओंको डेटा सुरक्षा, शिकायत निवारण और साइबर जागरूकतापर लगातार ध्यान देना होगा। लोगोंका विश्वास बनाये रखना किसी भी डिजिटल व्यवस्थाकी सफलताके लिए आवश्यक है। निस्संदेह डिजिटल इंडियाने देशमें सुविधाओंके नये रास्ते खोले हैं। लेकिन इसकी सफलताका आकलन केवल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं, मोबाइल ऐप या ऑनलाइन लेन-देनकी बढ़ती संख्यासे नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब होगी जब किसी दूरस्थ गांवका बुजुर्ग बिना परेशानी अपनी पेंशन प्राप्त कर सके, कोई विद्यार्थी संसाधनोंके अभावमें शिक्षासे वंचित न रहे और सामान्य नागरिकको छोटेसे छोटे कामके लिए बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े। तकनीक तभी सार्थक है जब वह लोगोंका जीवन आसान बनाये।

आत्मबोध

मासानां कार्तिकः श्रेष्ठः

❐ अनिरुद्ध जोशी

कार्तिक मास भारतीय संस्कृतिका सबसे पवित्र और ऊर्जावान समय माना जाता है। चातुर्मासका अंतिम पड़ाव होनेके कारण शास्त्रोंमें इसे सभी महीनोंमें शिरोमणि 'मासानां कार्तिकः श्रेष्ठः' की संज्ञा दी गयी है। यह वही पावन समय है जब चार महीनेकी योगनिद्राके बाद भगवान श्री हरि विष्णु जागते हैं और सृष्टिका संचालन पुनः संभालते हैं, जिससे इस माहमें किये गये हर धार्मिक कार्यका फल अनन्त गुना हो जाता है। इस पावन मासको दामोदर मास भी कहा जाता है। इस दौरान भगवान विष्णु और माता लक्ष्मीकी आराधना जीवनको सुख, समृद्धि और धन-धान्यसे सराबोर कर देती है। कार्तिक और तुलसी जीका नाता बेहद गहरा है। इस पूरे महीने तुलसीके पौधेके पास दीप जलाना और तुलसी विवाहका आयोजन करना घरमें असीम शुभता लाता है। पद्म एवं स्कन्द पुराणके अनुसार, यह महीना जीवनके चारों पुरुषार्थों-धर्म, अर्थ, काम और मोक्षको साधनेका समय है। इस दौरान तड़के पवित्र नदियोंमें डुबकी लगानेसे मन और आत्मा पूरी तरह शुद्ध हो जाते हैं। करवा चौथका अटूट प्रेम, दीपावलीकी जगमगाहट, गोवर्धन पूजाकी श्रद्धा, भाई दूजका स्नेह और छठ पूजाका महासंकल्प-ये सभी बड़े पर्व इसी एक महीनेको खुशियोंसे भर देते हैं। कार्तिक पूर्णिमाके दिन जब भगवान शिवने असुर तारकासुरका संहार किया था, तब देवताओंने खुश होकर दीप जलाये थे। इसी कारण इस दिन गंगा स्नान और दीपदानका अभूतपूर्व महत्व है। कार्तिक मासकी मुख्य पौराणिक कथाएं हैं, जैसे धनवंतरी जयंती कथा, लक्ष्मी पूजा कथा, नरक चतुर्दशीकी कथा, यम और यमुनाकी कथा, गोवर्धन पूजाकी कथा आदि, लेकिन सबसे ज्यादा महत्व तारकासुरके वधकी कथाका माना जाता है। पौराणिक कथाके अनुसार, तारकासुर नामके एक शक्तिशाली दैत्यने कठोर तपस्या करके ब्रह्मा जीसे वरदान प्राप्त किया कि उसकी मृत्यु केवल भगवान शिवके पुत्रके हाथों ही हो सकती है। वरदान मिलनेके बाद तारकासुरने तीनों लोकोंमें अत्याचार मचाना शुरू कर दिया और देवताओंको स्वर्गसे निष्कासित कर दिया। तारकासुरके तीन पुत्र थे-ताराक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली। इन्होंने ब्रह्मा जीकी तपस्या करके तीन अजेय नगरोंका निर्माण कराया, जिन्हें त्रिपुर कहा गया। ये नगर सोने, चांदी और लोहेके बने थे और अंतरिक्षमें उड़ सकते थे। वरदान यह था कि तीनों नगर १००० वर्षोंमें केवल एक बार ही एक सीधी रेखामें आयंगे और उन्हें केवल एक ही तीरसे नष्ट किया जा सकता था। दैत्योंके अत्याचारसे पीड़ित होकर सभी देवता भगवान शिवकी शरणमें पहुंचे। शिव जीने देवताओंकी रक्षाका वचन दिया। कार्तिक पूर्णिमाके दिन जब तीनों नगर (त्रिपुर) एक सीधी रेखामें आये, तब भगवान शिवने अपने दिव्य धनुष और एक ही बाणसे तीनों नगरोंको भस्म कर दिया और तारकासुर एवं उसके पुत्रोंका अंत कर दिया।

अखण्ड सौभाग्य प्रदाता चौथव्रतोत्सव

❐ रमेश सर्राफ धमोरा

भारत एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां सालके सभी दिनोंका महत्व होता है तथा सालका हर दिन पवित्र माना जाता है। भारतमें करवा चौथ हिन्दुओंका एक प्रमुख त्योहार है। यह कार्तिक मासकी कृष्ण पक्षकी चतुर्थीको मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदयसे पहले करीब ४ बजेके बाद शुरू होकर रातमें चन्द्रमा दर्शनके बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियोंसे लेकर आधुनिक महिलाएं करवा चौथका व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साहके साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार १२ अथवा १६ वर्षतक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होनेके पश्चात इस व्रतका उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रतको कर सकती हैं। करवा चौथका व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियोंके लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्योहार है, बल्कि यह पति-पत्नीके पवित्र रिश्तोंका पर्व है। कहनेको तो करवा चौथका त्योहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओंका सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्पसे यमराजसे भी अपने पतिके प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आजके नये जमानेमें भी हमारे देशमें महिलाएं हर वर्ष करवा चौथका व्रत पहलेकी तरह पूरी निष्ठा एवं भावनासे मनाती है। सूर्योदयसे लेकर चंद्रोदयतक पत्नियां अपने पतिके प्रति पूरे प्रेम और सम्मानके साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्योहार हर साल कार्तिक मासके कृष्ण पक्षकी चतुर्थीको मनाया जाता है।

शास्त्रोंके अनुसार पतिकी दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्यकी प्राप्तिके लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जीकी पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथमें दिनभर उपवास रखकर रातमें चन्द्रमाको अर्ध्य देनेके उपरान्त ही भोजन करनेका विधान है। वर्तमान समयमें करवा चौथव्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवारमें प्रचलित प्रथाके अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदयकी प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमाके उदित हो जानेपर चंद्रमाका पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों एवं पतिके माता-पिताको भोजन करायें। भोजनके पश्चात ब्राह्मणोंको यथाशक्ति दक्षिणा दें।

कार्तिक कृष्ण पक्षकी चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात् उस चतुर्थीकी रात्रिको जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पतिकी आयु, आरोग्य, सौभाग्यका संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमाका पूजन करें। शुद्ध घीमें आटेको सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनायें। काली मिट्टीमें शक्करकी चासनी मिलाकर उस मिट्टीसे तैयार किये गये मिट्टीके अथवा तांबेके बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार १० अथवा १३ करवे रखें। करवा चौथके बारेमें व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वतपर गये। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलनेपर उन्होंने कृष्ण भगवानका ध्यान किया और अपनी चिन्ता व्यक्त की। कृष्ण भगवानने कहा बहना इसी तरहका प्रश्न एक बार माता पार्वतीने शंकरजीसे किया था। पूजन कर चंद्रमाको अर्ध्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। करवेका आपसमें आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेमभावको बढ़ाता है। पूजन करनेके बाद महिलाएं अपने बड़ोंको प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजीने माता पार्वतीको करवा चौथका व्रत बतलाया।

आधुनिक होते समाजमें भी महिलाएं अपने पतिकी दीर्घायुको लेकर सचेत रहती है। इसीलिए वह पतिकी लम्बी उम्रकी कामनाके साथ करवा चौथका व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नीका अपने पतिसे कितने भी गिले-शिकवे रहें हो परन्तु करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वह एकाग्र चित्तसे अपने सुहागकी लम्बी उम्रकी कामनासे व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात् मिट्टीका बर्तन और चौथ अर्थात् चतुर्थीसे मिलकर बना है। इस पर्वपर मिट्टीके करवेका विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहारकी प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मोंको श्रद्धाके साथ निभाती हैं। किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदायकी सौभाग्यवती स्त्रियोंको ही यह व्रत करनेका अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पतिकी आयु, स्वास्थ्य एवं सौभाग्यकी कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टीकी वेदीपर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमाकी स्थापना करें। मूर्तिके अभावमें सुपारीपर नाल बांधकर ईश्वरका स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवोंका पूजन करें। करवोंमें लड्डूका नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र एवं एक विशेष करवा दक्षिणाके रूपमें अर्पित कर पूजन समापन करें। दिनमें करवाचौथ व्रतकी कथा पढ़ें अथवा सुनें। इस व्रतको करनेसे स्त्रियां अपने सुहागकी रक्षा हर आने वाले संकटसे वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मणने की थी। प्राचीनकालमें एक ब्राह्मण था। उसके चार लड़के एवं एक गुणवती लड़की थी। एक बार लड़की मायकेमें थी। तब करवा चौथका व्रत पड़ा। उसने व्रतको विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, परन्तु उसके चारों भाई परेशान थे कि बहनको प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, परन्तु बहन चंद्रोदयके बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयोंसे न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहनको बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपलकी पेड़पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनीसे रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाईने नीचेसे बहनको आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो। बहनने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पतिकी मृत्यु हो गयी। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहांसे रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया।

ब्राह्मण कन्याने उनके पैर पकड़ लिये और अपने दुःखका कारण पूछा। तब इंद्राणीने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किये करवा चौथका व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्षभरकी चौथका व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जायगा। उसने इंद्राणीके कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गयी। इसलिए प्रत्येक स्त्रीको अपने पतिकी दीर्घायुके लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदीने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आये। तभीसे हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहागके लिए करवा चौथ व्रत करती हैं। कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालचको त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थीका व्रतको पूर्ण करता है तो वह जीवनमें सभी प्रकारके दुखों और क्लेशोंसे मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देशमें चौथमाताका सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्यके सवाई माधोपुर जिलेके चौथका बरवाड़ा गांवमें स्थित है। चौथ माताके नामपर इस गांवका नाम बरवाड़ासे चौथका बरवाड़ा पड़ गया। यहांके चौथ माता मंदिरकी स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहानने करवाया था।

ब्रजरज उत्सव २०२६ में छाया स्वदेशी का जादू, ओडीओपी और खादी उत्पादों पर उमड़ रही भीड़

सरकार की पहल पर स्थानीय उत्पादों को मिला बड़ा मंच, पारंपरिक कारीगरी ने मोहा ग्राहकों का मन

खादी के कपड़ों से लेकर मिट्टी के उत्पादों तक स्वदेशी सामानों की जमकर हो रही खरीदारी

ब्रज के पारंपरिक व्यंजनों के साथ ओडीओसी में शुमार मशहूर पेड़े का भी स्वाद ले रहे पर्यटक

मथुरा। कान्हा की नगरी में पूरी भव्यता के साथ चल रहे श्ब्रजरज उत्सव २०२६श् में स्वदेशी उत्पादों, ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद), खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों का रंग पर्यटकों और श्रद्धालुओं पर खूब चढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों के चलते पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिजाइन के बेहतरीन मेल ने ग्राहकों को अपनी ओर खींचने में बड़ी सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित ब्रजरज उत्सव में लगे खादी और ओडीओपी के स्टॉलों पर कपड़ों, हस्तशिल्प और सजावटी सामानों की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है, जो न केवल स्थानीय कारीगरों को रोजगार दे रही है, बल्कि श्वोकल फॉर लोकलश के संदेश को भी मजबूत कर रही है। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) के तहत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के उत्पाद भी ब्रजरज उत्सव में लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। मेले में आगरा के चमड़े के उत्पाद, फिरोजाबाद की कांच की चूड़ियां, वाराणसी की सिल्क साड़ियां, लखनऊ की चिकनकारी, कन्नौज का इत्र, मथुरा की पोशाक, कंठी माला, वाराणसी की जारी जरदोजी और सिल्क साड़ी, चंदौली की जारी जरदोजी, मुजफ्फरनगर का मशहूर गुड़, प्रयागराज के मूँज उत्पाद, कानपुर के चर्म उत्पाद, अलीगढ़ ब्रास एवं टेक्सटाइल, आगरा लैदर मार्बल उत्पाद और मैनपुरी की तारकशी कला सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के स्टॉल लगे हैं। स्वदेशी सामान की खरीदारी के बीच स्थानीय कारीगरों के हुनर और देश में बने उत्पादों को अपनाने का संदेश हर तरफ दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से उत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री के लिए २१ भव्य स्टॉल लगवाए गए हैं। इन स्टॉलों की खासियत यह है कि यहां केवल पारंपरिक खादी के कपड़े ही नहीं, बल्कि बदलते फैशन और युवाओं की पसंद के अनुरूप तैयार किए गए आधुनिक डिजाइन के परिधान भी उपलब्ध हैं। खादी का आकर्षण केवल पहनावे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वदेशी परंपरा, कारीगरों के हुनर और आत्मनिर्भरता से भी गहराई से जुड़ा है। इको-फ्रेंडली होने के कारण इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। उत्सव में एक जिला एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के तहत ब्रज के पारंपरिक और स्वादिष्ट व्यंजनों के भी विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। पर्यटक मथुरा का ओडीओसी में शामिल मशहूर पेड़े और अन्य स्थानीय व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि ब्रजरज उत्सव में विभाग की ओर से खादी और ग्रामोद्योग की कुल २१ स्टॉल लगाई गई हैं। मेले में वाराणसी, मथुरा, लखनऊ, आगरा, फिरोजाबाद, एटा और मैनपुरी आदि जनपदों के स्टॉलों पर हस्तनिर्मित आभूषण, मिट्टी से बने उत्पाद, हर्बल सामग्री, जैविक गुड़ और अगरबत्ती उपलब्ध हैं। लोग अपनी जरूरत के हिसाब से जमकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे कारीगरों को बहुत आर्थिक लाभ हो रहा है। उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ब्रजरज उत्सव में ओडीओपी और ओडीओसी के उत्पादों को एक बड़ा और शानदार मंच प्रदान किया गया है। मेले में विभाग द्वारा कुल ४० स्टॉल लगाई गई हैं। इससे न केवल स्थानीय उद्यमियों और छोटे कारीगरों के उत्पादों को बड़ा बाजार मिल रहा है, बल्कि स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान भी मिल रही है। यह मेला आत्मनिर्भर भारत के सपने को धरातल पर उतार रहा है।

चौमुहां में अनियंत्रित ट्रक ने तीन कारों को मारी टक्कर, पेड़ से टकराया; चालक की मौके पर ही मौत

चौमुहां। जनपद के थाना जैत क्षेत्र में आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सर्वोदय इंटर कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पहले तीन कारों को जोरदार टक्कर मारी और फिर कारों को बचाने के प्रयास में आगे जाकर एक पेड़ से जा टकराया। इस दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब १:०० बजे की है। मैनपुरी जिले के औंछा थाना क्षेत्र के छतारी निवासी मंजेश पुत्र राधेश्याम ने पुलिस को घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि ट्रक अनियंत्रित होकर तीन कारों से टकरा गया था। कारों को बचाने के चक्कर में ट्रक सीधे पेड़ में जा घुसा, जिससे ट्रक चालक अजय (३० वर्ष) पुत्र हरचरन, निवासी छतारी (मैनपुरी) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना जैत पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण उप-निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारू करवाया।

वृंदावन में धूमधाम से निकली प्रभु श्रीराम की भव्य बारात चार किलोमीटर के सफर में लगे आठ घंटे, जगह-जगह आरती उतारकर नगरवासियों ने किया स्वागत

वृंदावन। श्री रामलीला महोत्सव के पांचवें दिन प्रभु श्रीराम की भव्य बारात नगर में धूमधाम के साथ निकाली गई। शाम पांच बजे गोपीनाथ बाजार स्थित भागवत निवास से शुरू हुई बारात रात एक बजे विद्यापीठ चौराहा स्थित जनकपुरी पहुंची। करीब चार किलोमीटर की दूरी तय करने में बारात को आठ घंटे का समय लगा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बारात पत्थरपुरा, रंगजी मंदिर, चुंगी चौराहा, अनाज मंडी, प्रताप बाजार, रेतिया बाजार, लोई बाजार, बनखंडी, अठखंभा और बांके बिहारी बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इसमें एटा, अलीगढ़, आगरा और मथुरा से आई छह दर्जन से अधिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा १० रोड शो कलाकारों, आठ बैंडों और मां काली के पांच स्वरूपों ने अपने अद्भुत करत. बों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। घोड़ों पर सवार भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का नगरवासियों ने जगह-जगह आरती उतारकर और प्रसाद अर्पित कर स्वागत किया। रंगजी मंदिर के प्रबंधक आर. कृष्णन ने भगवान को प्रसादी चंदन लगाकर बारात की अगवानी की। रास्ते में जगह-जगह स्वागत और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ के चलते बारात की गति धीमी रही। जनकपुरी पहुंचने पर महिलाओं ने मंगल गीत गाकर पारंपरिक रस्में निभाईं। इस दौरान हंसी-ठिठोली का माहौल भी बना रहा। सीता जी और उनकी बहनों ने अपने-अपने वर पर लड्डू फेंकने की रस्म अदा की। इसके बाद मंच पर प्रभु श्रीराम और माता जानकी सहित चारों भाइयों की वरमाला लीला का मनोहारी मंचन किया गया। पांचवें दिन की रामलीला का समापन भव्य महाआरती के साथ हुआ। इस अवसर पर बंसी तिवारी, संजय हरियाणा, श्याम शर्मा, बंसीलाल, आशीष शर्मा,केके शर्मा, अजय शर्मा, ललित स्वामी, हरीश शर्मा और स्वास्तिक शर्मा, अभिषेक शर्मा, सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सरदार पटेल के आदर्शो पर चलकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाएं: नेत्रपाल सिंह चौधरीं

मथुरा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा ओबीसी मोर्चा की महानगर एवं जिला इकाइयों की संयुक्त बैठक भाजपा जिला कार्यालय पुष्पांजलि पर आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह चौधरी रहे। अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष कपिल पटेल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह चौधरी, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व महामंत्री हरिओम शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष कपिल पटेल एवं ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रवीर सोलंकी ने मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह चौधरी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, दृढ़ इच्छाशक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का एकीकरण कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देते हैं। सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात कर देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाना हम सभी का दायित्व है।भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्र की प्रगति के लिए एकता, अनुशासन और सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उनकी जयंती पर हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।ओबीसी मोर्चा महानगर अध्यक्ष कपिल पटेल ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र निर्माण में जो योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना आवश्यक है। ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं को भी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रवीर सोलंकी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी नेता भी थे। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने भारत को एक मजबूत आधार प्रदान किया। उनकी जयंती पर हम सभी को राष्ट्रहित, सामाजिक एकता और जनसेवा के कार्यों में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने ३१ अक्टूबर को ऊंचे सरदार अभियान तहत सभी बूथों पर जन्म जयंती मनाई जाए। इस अवसर पर कृष्ण मुरारी सैनी प्रशांत यादव गिरधारी लाल सिंह हेमेन्द्र वर्मा रोहित राठौर आकाश सोनी अजय राजपूत नंदलाल सैनी राजेश प्रधान गजेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छाता शुगर मिल: प्रशासन और किसानों के बीच समझौता,

आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन, धरना स्थल पर निकले किसान

मथुरा। छाता शुगर मिल के पुनरुद्धार की मांग को लेकर चल रहा किसानों का प्रदर्शन प्रशासन के साथ वार्ता के बाद समाप्त हो गया। अधिकारियों ने दर्ज मुकदमों पर निष्पक्ष कार्रवाई, जब्त सामान की वापसी और जिलाधिकारी से वार्ता के लिए २१ सदस्यीय समिति बनाने का आश्वासन दिया। मथुरा की छाता शुगर मिल को लेकर जारी किसानों के विरोध-प्रदर्शन में लंबे गतिरोध के बाद प्रशासन और किसानों के बीच सहमति बन गई है। सेमरी गाँव में काफी देर तक चली मैराथन वार्ता के बाद पुलिस प्रशासन के ठोस आश्वासन पर किसानों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया और ज्ञापन सौंपकर वापस धरना स्थल लौट गए। दर्ज मुकदमों पर राहत: एसपी देहात आलोक राज नारायण ने किसानों को आश्वस्त किया कि आंदोलन के दौरान दर्ज की गई एफआईआर पर निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए फाइनल रिपोर्ट (थ्त्) लगाई जाएगी। जब्त सामान की वापसी: आंदोलन के दौरान जब्त किया गया किसानों का सामान वापस लौटाया जाएगा। एडीएम प्रशासन अमरेश ने कहा कि शुगर मिल के पुनर्संचालन के मुद्दे पर जिलाधिकारी से वार्ता के लिए किसानों की २१ सदस्यीय समिति गठित की जाएगी, जिसके बाद आगे की रणनीति तय होगी। वार्ता सफल होने के पश्चात किसानों ने एडीएम प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और शांतिपूर्ण तरीके से छाता की ओर वापस धरना स्थल लौट गए। प्रशासन के इस रुख से फिलहाल क्षेत्र में बना तनाव समाप्त हो गया है।

आचार्य अतुल कृष्ण गोस्वामी जी की पुण्यतिथि पर संतों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

वृंदावन। ठाकुर श्री राधा स्नेह बिहारी जी मंदिर में परम श्रद्धेय आचार्य अतुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज का पुण्यतिथि महोत्सव श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। संत-महंतों, विद्वानों और विप्रजनों ने उनके चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके सेवाकार्यों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजनी अखाड़े के महा मंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद जी महाराज ने की। संतों ने कहा कि आचार्य अतुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने अपना जीवन संत सेवा, गौ सेवा, ब्राह्मण सेवा और दीन-दुखियों की सहायता के लिए समर्पित किया। जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग सहित उनके सामाजिक कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ सहित अनेक संत-महंत, भागवत आचार्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

७९ वें निरंकारी संत समागम में आध्यात्मिक जागृति की अविरल सरिता में डूबकी लगाकर ब्रज के निरंकारी श्रद्धालु वापस लौटे

मथुरा। प्रेम, सेवा, समर्पण, सत्य ज्ञान से ओतप्रा. ेत ७९ वां निरंकारी संत समागम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया, जिसमें चारों दिन लगातार समागम के मुख्य विषय ‘ जागृति ’ पर आधारित संदेश दिया गया। सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में हरियाणा के समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल में ६५० एकड़ के विशाल मैदान पर २३ अक्तूबर से शुरू हुए संत समागम में पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों के लाखों भक्तों सहित ब्रज क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मथुरा जोन के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा के साथ सम्मिलित होकर आध्यात्मिक जागृति की अविरल सरिता में डूबकी लगाकर अनुठे आनंद से लाभान्वित हुए। मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि मथुरा के सेवादार भक्तों ने समागम में सेवादल रैली, निरंकारी प्रदर्शनी, लंगर, रेलवे काउंटर, प्रेस एवं पब्लिसिटी, प्रचार विभाग, ज्ञान कक्ष आदि स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं। मथुरा से गए निरंक. ारी भक्त, सतुगुरू के आशीर्वचनों के रूप में प्राप्त दिव्य शिक्षाएं एवं आनंद समेटे हुए बुधवार को वापस लौट आए हैं। समागम में विश्वभर से पहुंचे विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया कि वास्तविक आध्यात्मिक जागृति केवल विच. ारों या दिखावे तक सीमित नहीं होती, बल्कि हमारे व्यवहार, आचरण और सामाजिक कर्तव्यों में भी प्रकट होनी चाहिए। यह जागृति किसी एक क्षण या अवसर की बात नहीं, बल्कि जीवनभर बनाए रखने वाला भाव है। परिस्थितियाँ कैसी भी हों, परमात्मा की इच्छा को स्वीकार करते हुए प्रत्येक पल को उसके प्रसाद के रूप में प्रसन्नता, संतोष और कृतज्ञता के साथ जीना ही सच्ची आध्यात्मिकता है। सतगुरु माता जी ने समझाया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, परिवार, समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए एक जागरूक वैश्विक नागरिक बनना चाहिए। जाति-पाति, भाषा, क्षेत्र अथवा स्वभाव के अंतर से ऊपर उठकर प्रत्येक इंसान को प्रेम, सम्मान और अपनत्व के भाव से स्वीकार करना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान से प्राप्त जागृति जीवनभर सजग और सचेत रहने की प्रेरणा देती है। यह जागृति हमारे व्यवहार, निर्णयों और सामाजिक जीवन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। अन्याय के विरुद्ध खड़े होते समय हमें अपने उद्देश्य को अवश्य परखना चाहिए कि हमारा प्रयास वास्तव में भलाई के लिए है या अहंक. ार, स्वार्थ और दिखावे के लिए। विचारों में भिन्नता होने पर भी प्रत्येक व्यक्ति में परमात्मा का अंश देखकर उसे अपनाना ही निष्काम प्रेम की सच्ची पहचान है।

वैश्विक पटल पर कॉर्नहोल खेल को मिलेगी नई पहचान ।

मथुरा। वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में कॉर्नहोल खेल का शामिल होना और इसके निरीक्षण का जिम्मा भारतीय प्रतिनिधि के रूप में डॉ. अरविंद चित्तौड़िया को मिलना खेल जगतएवं ब्रजभूमि के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। साइट विजिट के दौरान वे खेल स्टेडियम, तकनीकी मानकों और२०२९ खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं की समीक्षा करेंगे ताकि २०२९ के मुख्य आयोजनों को विश्वस्तरीय बनाया जा सके। इस मनोनयन पर खेल प्रेमियों, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों और समर्थकों ने डॉ. अरविंद चित्तौड़िया को शुभकामनाएं दी हैं तथा उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में भारत में कॉर्नहोल खेल को एक नई अंत. रराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

बांके बिहारी मंदिर परिसर में मिली लखनऊ की १६ वर्षीय किशोरी, मिशन शक्ति टीम ने परिजनों से मिलाया पुलिस की काउंसिलिंग से जीता किशोरी का भरोसा, सकुशल मिलने पर परिजनों ने जताया आभार

वृंदावन। ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर में संदिग्ध और परेशान अवस्था में घूम रही लखनऊ निवासी १६ वर्षीय किशोरी को वृंदावन पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने सकुशल बरामद कर उसके परिजनों से मिलाया। पुलिस की इस मानवीय पहल से परि. जनों ने राहत की सांस ली और यूपी पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार, २७ अक्टूबर को बांके बिहारी मंदिर परिसर में सुरक्षाकर्मियों की नजर एक परेशान किशोरी पर पड़ी। सुरक्षा की दृष्टि से उसे सुरक्षित थाने पहुंचाया गया। यहां मिशन शक्ति टीम ने आत्मीयता के साथ उसकी काउंसिलिंग की और विश्वास में लेकर उसके परिजनों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद लखनऊ में रह रहे किशोरी के पिता को फोन के माध्यम से सूचना दी गई। बेटी के सकुशल मिलने की जानकारी मिलते ही उसके पिता और मामा वृंदावन थाने पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील व्यवहार की सराहना करते हुए आभार जताया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-६.० अभियान के तहत की गई।

रंगजी बगीचा उपकेंद्र पर सुदृढ़ीकरण कार्य पूरा, मुखर्जी पार्क-२ फीडर पर वीसीबी स्थापित

नए ११ केवी फीडर से कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति होगी बेहतर, अनुरक्षण कार्य के दौरान ११ फीडरों की आपूर्ति रही बाधित



वृंदावन। विद्युत व्यवस्था को बेहतर और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रंगजी बगीचा स्थित ३३/११ केवी विद्युत उपकेंद्र पर बुधवार, २८ अक्टूबर को सुदृढ़ीकरण कार्य कराया गया। इसके अंतर्गत मुखर्जी पार्क-२ फीडर पर वीसीबी स्थापित करने के साथ नया ११ केवी फीडर ऊर्जीकृत किया गया। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्य पूरा कराया गया। विद्युत विभाग के अनुसार, अनुरक्षण कार्य के चलते उपकेंद्र से पोषित ११ केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक बाधित रही। इस दौरान उपभोक्ताओं को हुई असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त किया। कार्य पूरा होने के बाद मुखर्जी पार्क फीडर से अलग नया ११ केवी फीडर शुरू किया गया। इससे श्यामा श्याम, आदर्श नगर, मिर्जापुर, कृष्ण साधक ट्रस्ट, गुलाब हरी, ललिता अपार्टमेंट, बाटला, स्टेट बैंक तथा तलाश मंदिर क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति दी जाएगी। इसके साथ ही ३३ केवी रंगजी बगीचा लाइन और ११ केवी मुखर्जी पार्क फीडर का अनुरक्षण कार्य भी कराया गया। यह कार्य अधिशासी अभियंता (तकनीकी-द्वितीय) इंजीनियर अनिल कुमार पाल, सहायक अभियंता इंजीनियर गजपाल सिंह, सहायक अभियंता इंजीनियर राहुल चौरसिया, अवर अभियंता सुनील, अवर अभियंता बृज गोपाल, लाइमैन धर्मेंद्र गोस्वामी, अशोक कुमार, कृष्णा सरकार बिपिन बघेल, आदित्य चटर्जी, योगेश कुश,विष्णु सेनी,सहित अन्य विद्युत कर्मचारियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। विभाग ने बताया कि बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अनुरक्षण और आवश्यक सुधार कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ताओं से विद्युत व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव सहायक अभियंता के रंगजी बगीचा स्थित कार्यालय में देने की अपील की गई है।

मथुरा में २ इंस्पेक्टर और २९ दरोगा का ट्रांसफर: जैत थाना प्रभारी लाइन हाजिर, लापरवाही पर हुई कार्रवाई

मथुरा। जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही की शिकायतों पर एसएसपी श्लोक कुमार ने जैत थाना प्रभारी सोनू कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। कई फरियादियों ने अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद मंगलवार रात पुलिस विभाग में फेरबदल का आदेश जारी किया गया, जिसमें दो निरीक्षकों और २९ उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए। नई व्यवस्था के तहत फरह थाना प्रभारी छोटेलाल को जैत थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, हाईवे थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर तैनात राजकुमार को फरह का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन, थानों और चौकियों में तैनात कई पुलिसकर्मियों को नई जगह भेजा गया है। निरीक्षकों की नई तैनाती-अखिलेश कुमार बघेल: पुलिस लाइन से थाना जमुनापार की अपराध शाखा में अतिरिक्त निरीक्षक बनाए गए। छोटेलाल: फरह थाना प्रभारी से जैत थाना प्रभारी बनाए गए। सोनू कुमार: जैत थाना प्रभारी से पुलिस लाइन भेजे गए। राज. कुमार: हाईवे थाने से फरह थाना प्रभारी की जिम्मेदारी मिली। चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले आदेश में कई उपनिरीक्षकों को अलग-अलग चौकियों और थानों में भेजा गया है। वीर सिंह को बलदेव की हनुमान तिराहा चौकी से हाईवे थाना भेजा गया। हरेन्द्र कुमार को कोसीकलां की गोपाल बाग चौकी से हाईवे की बालाजीपुरम चौकी भेजा गया। मांगराम को कोतवाली की बागबहादुर चौकी से वृंदावन की बिहारी जी चौकी की जिम्मेदारी मिली। भुवनेश दीक्षित को मांट की टोल एक्सप्रेसवे चौकी से बलदेव की अरतौनी चौकी भेजा गया। हरेन्द्र सिंह को सदर बाजार की कृष्णापुरी चौकी से सिविल लाइन चौकी भेजा गया। विपिन तोमर को सदर बाजार में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद से बागबहादुर चौकी भेजा गया। मोनू कुमार को सिविल लाइन चौकी से सुरीर की पब्बीपुर चौकी भेजा गया। अन्य पुलिसकर्मियों को भी मिली नई जिम्मेदारी अनुज तोमर को चुनाव सेल, शिवकुमार शर्मा को गोवर्धन थाना, पलक सोलंकी को रिफाइनरी थाना और सुनीता को कृष्णापुरी चौकी में तैनाती दी गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन से ऋषभ कुमार, वीरेन्द्र सिंह, मुनेन्द्र पाल, रणजीत सिंह, मोनालिसा, संदीप सिंह, रोहित कुमार, संजीव कुमार, प्रशांत शर्मा और रेनू शर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मियों को अलग-अलग थानों में भेजा गया है। विभागीय आदेश में अन्य चौकी प्रभारियों की तैनाती भी बदली गई है।

क्यूरेटेड टूर: मुखरई और जैत में विद्यार्थियों ने जानी ग्रामीण संस्कृति एवं पारंपरिक कलाएँ

चौमुहां। पर्यटन विभाग, लखनऊ द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत आदर्श सेवा समिति द्वारा जनपद मथुरा के पर्यटन ग्राम मुखरई एवं जैत में रामचंद्र पब्लिक स्कूल, गोवर्धन के ४२ विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक क्यूरेटेड टूर का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवनशैली, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक लोक कलाओं, कृषि गतिविधियों तथा स्थानीय आजीविका के विभिन्न पहलुओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने पर्यटन ग्राम मुखरई स्थित मुखरा देवी मंदिर के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी ने विद्यार्थियों को ग्राम मुखरई की ऐतिहासिक एवं धार्मिक विशेषताओं तथा इसके सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर में स्थित राधा रानी के खिलौने के रूप में प्रसिद्ध ‘बाजन शिला’ के दर्शन किए तथा उसे बजाकर आनंद लिया। इस अनुभव के माध्यम से विद्यार्थियों को स्थानीय धार्मिक मान्यताओं एवं परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिला। इसके बाद विद्यार्थियों ने ग्राम में लड्डू गोपाल की पोशाक तैयार करने वाले स्थानीय कारीगरों से मुलाकात की और पोशाक निर्माण की पारंपरिक प्रक्रिया को समझा। विद्यार्थियों ने कारीगरों से इस कला में प्रयुक्त सामग्री, निर्माण की विधि तथा इसके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा पंजीकृत गोविन्द शरण होमस्टे का भी अवलोकन किया तथा ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में सम्मानित पर्यटन ग्राम जैत का भ्रमण किया। यहाँ ग्राम स्टोरीटेलर के माध्यम से विद्यार्थियों को गांव की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों ने पौराणिक जय कुंड का अवलोकन किया तथा इसके स्थानीय एवं सांस्कृतिक महत्व को समझा। जैत भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय शिल्पकार सूरज से मुलाकात कर मिट्टी के बर्तनों के निर्माण की प्रक्रिया को करीब से देखा। उन्होंने पारंपरिक कुम्हारी कला में प्रयुक्त तकनीकों, मिट्टी तैयार करने की विधि तथा बर्तनों को आकार देने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर ग्रामीण जीवनशैली, स्थानीय शिल्प, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत, कृषि गति. विधियों तथा पारंपरिक आजीविका को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। इस प्रकार के क्यूरेटेड टूर विद्यार्थियों में ग्रामीण पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय कला, संस्कृति एवं पारंपरिक व्यवसायों के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना के प्रबंधक ललित मोहन जोशी, जिला समन्वयक रामगोपाल दुबे, विलेज कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रकाश बृजवासी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, तुलसी की कंठी-माला निर्माण से जुड़े रमेश सिंह राजावत एवं तेजवीर सिंह तथा तुलसी की खेती और गाय के गोबर से धूपबत्ती निर्माण से जुड़े दीवान सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को अपने पारंपरिक कार्यों एवं अनुभवों की जानकारी दी। रामचंद्र पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर भारत कौशिक, प्रधानाचार्य एम.एल. कौशिक, शिक्षकगण हरीश चंद्र एवं विनोद कुमार सहित अन्य शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल रहे।

उप्र संगीत नाटक अकादमी की द्विदिवसीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिताएं सम्पन्न

मथुरा। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी डॉ. राजेन्द्र कृष्ण संगीत महाविद्यालय, मथुरा के सहयोग से आयोजित द्विदिवसीय शास्त्रीय संगीत गायन, वादन एवं कत्थक नृत्य तथा भजन एवं गजल प्रतियोगिताएं श्रीजीबाबा की हवेली, आन्यौर, गोवर्धन में सानंद सम्पन्न हुईं। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रख्यात् कथावाचक श्री रमाकांत गोस्वामी एवं लखनऊ से पधारीं प्रदेश की संगीत सर्वेक्षक रेनू श्रीवास्तव, संयोजक डॉ. राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल सहित निर्णायक मंडल के सदस्यगण द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप-प्रज्ज्वलन कर किया गया। संयोजक डॉ. अग्रवाल एवं डॉ. राजेन्द्र कृष्ण संगीत महाविद्यालय की वरिष्ठ संगीत शिक्षिका शिप्रा गर्ग ने मुख्य अतिथि रमाकांत गोस्वामी जी सहित सभी अतिथियों एवं बाहर से पधारे निर्णायक मंडल सहित बाहर से पधारे संगीत के सभी गुरुजन का परिचय कराते हुए शॉल एवं पटुका ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रातःकाल से देर शाम तक चली इस बेहद मुश्किल प्रतियोगिता का निर्णय कर २५ कला-साधकों को उनकी योग्यता के अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों की कमी को उजागर करते हुए उनको सफलता के सूत्र भी बताए गए। इस अवसर पर रेनू श्रीवास्तव, अतिथियों एवं सभी निर्णायकों द्वारा डॉ. राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल द्वारा किए जा रहे सहयोग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया गया। मुख्य अतिथि गोस्वामी रमाकांत ने विजेता सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए अन्य सभी को भी शुभकामनाएं प्रदान कीं। प्रथम दिवस शास्त्रीय गायन बाल वर्ग में अभिमन्यु शर्मा, भव्या जोशी और पद्माक्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे जबकि ध्रुपद गायन में बाल वर्ग की भक्ति धनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय गायन किशोर वर्ग में केवल अनन्या शर्मा ही द्वितीय स्थान प्राप्त कर सकीं। इसी दिन तबला वादन में किशोर वर्ग में ध्रुव तिवारी, माधव एवं कृष्णा शर्मा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कथक नृत्य में केवल आरना अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस सुगम संगीत (भजन) बाल वर्ग में भव्या जोशी, पद्माक्ष शर्मा और आराध्या ठाकुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे जबकि किशोर वर्ग में कनक मिश्रा, गौरांश गौड़ और अनन्या शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। गजल गायन में केवल किशोर वर्ग में गौरांश गौड़ ही जीत सके। उन्होंने इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ग्रामीण चार्ज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सीडीओ पीएन.दीक्षित ने किया निरीक्षण

सासनी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में आगामी जनगणना गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में स्थानीय श्री केएल. जैन. इंटर कालेज, सासनी हाथकर में भारत की जनगणना 2027 का द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना के अंतर्गत पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों के लिए ग्रामीण चार्ज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मुख्य विकास अधिकारी पीएन. दीक्षित ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने



प्रशिक्षण कक्षों का जायजा लिया और वहां मौजूद मास्टर ट्रेनर्स तथा प्रशिक्षण ले रहे पर्यवेक्षकों व प्रगणकों से संवाद किया। सीडीओ ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य देश का एक राष्ट्रीय और अति महत्वपूर्ण दायित्व है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करने पर जोर दिया, ताकि मैदानी स्तर पर डेटा संग्रह का कार्य त्रुटिरहित तरीके से पूरा हो सके। इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए तहसीलदार/चार्ज अधिकारी सोनू बघेल एवं उपजिलाधिकारी/उपजिला जनगणना अधिकारी सासनी, शिव प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में प्रशासनिक टीमें पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई हैं। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बल देते हुए कहा कि चलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए हर प्रगणक को अपने आवंटित क्षेत्र में घर-घर जाकर सटीक आंकड़े जुटाने होंगे, ताकि हर शहर, हर ग्राम, छूटे न कोई नाम का संकल्प पूरी तरह सार्थक हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और नामित कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहे।

डा़मोहित अग्निहोत्री का जन सहयोग कल्याण समिति द्वारा स्वागत व सम्मान किया

हाथरस। चिकित्सा जगत में हाथरस का नाम रोशन करने वाले प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डा.मोहित अग्निहोत्री का जन सहयोग कल्याण समिति द्वारा भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। हाल ही में गोरखपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में डाम़ोहित अग्निहोत्री को बेस्ट क्लीनिशियन अवार्ड से सम्मानित किया गया था। उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर हाथरस आगमन पर समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें पटिका पहनाकर और संस्था का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित अतुल शर्मा ने कहा कि डा. मोहित अग्निहोत्री ने चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर न केवल मरीजों को नई जिंद्गी



दी है, बल्कि पूरे हाथरस जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डाअग्निहोत्री भविष्य में भी इसी तरह समाजहित और चिकित्सा जगत में अपने सेवा कार्यों को जारी रखेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन सहयोग कल्याण समिति के उत्तर प्रदेश सचिव दिवाकर दत्त उपाध्याय, सह सचिव पंडित चंद्रमोहन कौशिक,)षभ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने डाअग्निहोत्री को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के पदाधिकारियों ने संकल्प दोहराया कि जन सहयोग कल्याण समिति आगे भी समाजहित के ऐसे सराहनीय कार्य और प्रतिभाओं का सम्मान निरंतर करती रहेगी।

एसपी ने चुनाव सेल के कार्यों की समीक्षा की, आगामी चुनावों की तैयारियों के संबंध में की गई चर्चा

संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद हाथरस में गठित चुनाव सेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर हिमांशु माथुर, चुनाव सेल प्रभारी एवं चुनाव सेल में नियुक्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव सेल में संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी चुनावों के दृष्टिगत की जाने वाली तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ चर्चा की गई। उन्होंने चुनाव सेल में उपलब्ध अभिलेखों, संसाधनों एवं निर्वाचन संबंधी सूचनाओं के संकलन, संधारण एवं अद्यतन स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी चुनावों के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा निर्वाचन संबंधी सूचनाओं एवं अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखा जाए। साथ ही निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सूचनाओं का समयबद्ध संकलन एवं संबंधित अधिकारियों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने चुनाव सेल में नियुक्त पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त चुनाव सेल के कार्यों को अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपादित करने हेतु उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

स्पेशल कैंपेन छः के तहत ई-वेस्ट संग्रह एवं उत्तरदायी निस्तारण पर आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम



हसायन। विकास खंड क्षेत्र के गांव इटरनी के संविलियन विद्यालय में बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय के दिशा-निर्देशों एवं इको क्लब्स फोर मिशन लाइफ तथा समग्र शिक्षा के सहयोग से स्पेशल कैंपेन छह के तहत ई-वेस्ट कलेक्शन एंड रिस्पासिबल डिस्पोजल ई-वेस्ट संग्रह और उत्तरदायी निस्तारण की थीम पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में तकनीकी कचरे के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता छात्र-छात्राएं रहे, जो अपने घरों से पुराने मोबाइल फोन, चार्जर, बैटरी, कीबोर्ड और घड़ियाँ जैसी ई-वेस्ट सामग्री स्वयं विद्यालय लेकर पहुँचे। बच्चों के इस प्रयास ने सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक शैलेंद्र यादव ने एक विशेष व्याख्यान के माध्यम से ई-कचरा प्रबंधन की तकनीकी प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को समझाया कि इलेक्ट्रोनिक कचरे में सीसा और पारा जैसे खतरनाक तत्व होते हैं, जो सामान्य कचरे के साथ मिलकर पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते हैं। इसलिए ई-वेस्ट का निस्तारण हमेशा सरकार द्वारा प्राधिकृत रीसाइक्लिंग इकाइयों के माध्यम से वैज्ञानिक तरीकों से किया जाना चाहिए। विद्यालय में अलग-अलग रंगों के डस्टबिनों के माध्यम से बच्चों को कचरे के सही पृथक्करण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

अंत में सभी बच्चों ने ई-वेस्ट वारियर के रूप में इन सामग्रियों को सुरक्षित डस्टबिन में एकत्रित किया तथा विद्यालय और अपने क्षेत्र को स्वच्छ व हरा-भरा रखने का संकल्प लिया, इसके साथ ही ई वेस्ट जागरूकता क्विज का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र कुमार मिश्र एआरपी गणित एवं समस्त विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन में मिला युवक का शव, अलीगढ़ का रहने वाला था मृतक

हाथरस। रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन में एक युवक का शव मिलने से संबंधित मामला सामने आया है। मृतक अलीगढ़ का रहने वाला बताया गया है। जानकारी के अनुसार, युवक के साथ उसका एक दोस्त भी मौजूद था। ट्रेन में युवक का शव मिलने की सूचना के बाद जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन और ट्रेन में शव मिलने की घटना के बाद जीआरपी की ओर से मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। मृतक की पहचान और उसके साथ मौजूद दोस्त से संबंधित जानकारी जांच में महत्वपूर्ण हो सकती है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक की मौत यात्रा के दौरान हुई या इसके पीछे कोई अन्य परिस्थिति रही। हालांकि, अभी तक मौत के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल जीआरपी मामले की जांच में जुटी है।

चंदपा में घर की अलमारी तोड़कर चोरी, नकदी और गहने ले गए चोर

हाथरस। चंदपा क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए अलमारी तोड़ दी और उसमें रखी नकदी व गहने चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने पर घर के लोगों को चोरी का पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया गया है कि चोरों ने घर की अलमारी तोड़कर उसमें रखे रुपये और आभूषण पार कर दिए। चोरी की घटना से पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है। हालांकि, चोरी गए नकदी और गहनों की कुल कीमत के बारे में अभी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस वारदात से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी किस समय हुई और चोर घर में कैसे दाखिल हुए। पुलिस का प्रयास है कि घटना से जुड़े साक्ष्यों के आधार पर चोरी करने वालों का पता लगाया जा सके। जांच पूरी होने के बाद घटना से संबंधित अन्य तथ्य स्पष्ट हो सकेंगे।

ओवरब्रिज पर बाइक और रिक्शा की टक्कर, चार युवक घायल: एक आगरा रेफर

हाथरस। तालाब ओवरब्रिज पर बाइक और रिक्शा के बीच टक्कर होने से चार युवक घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। दुर्घटना में घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में एक युवक की हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद घायलों के उपचार को प्राथमिकता दी गई।

ओवरब्रिज पर हुए इस हादसे के कारणों के बारे में अभी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। बाइक और रिक्शा की टक्कर किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। दुर्घटना में चार युवकों के घायल होने से उनके परिजनों को भी चिंता का सामना करना पड़ा। एक घायल को आगरा रेफर किए जाने की जानकारी है, जबकि अन्य घायलों के उपचार से संबंधित विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं है। सड़क पर चलते समय वाहन चालकों को सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता रहती है। फिलहाल इस घटना से जुड़ी परिस्थितियों और घायलों की स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी सामने आने का इंतजार है।

निर्वाचित एमएलसी शिक्षक का सपाईयों ने किया स्वागत



हाथरस। समाजवादी पार्टी के डाआकाश अग्रवाल शिक्षक खंड विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने पर समाजवादी पार्टी के हाथरस विधानसभा के भावी प्रत्याशी रामनारायण काके, पूर्व विधायक सादाबाद देवेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज यादव, शहर अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सेंगर, ब्लाक अध्यक्ष सुरेश जादौन, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ मोनू शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष हेमंत गौड़, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हाजी नवाब हसन, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष नरेश दिवाकर, रानू सिसोदिया, हरभजन प्रधान, विधानसभा उपाध्यक्ष राजा राम दिवाकर, विकास सेंगर, अज्जू खान, डाशिव कुमार बघेल, भीमसेन मीणा, राजुल माहेश्वरी, शाहरुख खान ने माला पहनाकर गुलदस्ता भेंटकर मिठाई खिलाकर आगरा उनके स्कूल पर जाकर स्वागत किया। हाथरस जनपद के सभी कार्यकर्ता एवं नेताओं व पदाधिकारियों का धन्यवाद प्रेषित करते हुए नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य आकाश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त दिया।

ट्रेक्टर ट्रॉली ने कार को मारी टक्कर

सादाबाद। स्थानीय सुभाष गली में खड़ी एक कार को एक ट्रेक्टर ट्रॉली ने साइड से टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त कार के अंदर कोई मौजूद नहीं था। सूचना मिलने पर कार स्वामी पप्पू भी मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल पर काफी लोगों की भीड़ जुट गई। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास चल रहे थे।

सादाबाद में वारदाने के गोदाम में लगी भीषण आग, 15 लाख के नुकसान का आंकलन

तड़के आग की लपटें उठते ही मची अफरातफरी, स्थानीय लोगों ने बुझाने का किया प्रयास, दमकल ने पाया काबू





सादाबाद। आगरा बाईपास रोड स्थित ईदगाह कॉलोनी में बुधवार तड़के वारदाने के एक गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते गोदाम में रखे वारदाने को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुएं



का गुबार उठता देख आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और गोदाम संचालक को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने पानी आदि डालकर आग बुझाने तथा गोदाम में रखे माल को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग की विकरालता के आगे उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का वारदाना जलकर राख हो गया। गोदाम संचालक के अनुसार, आग से करीब 14 से 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, कस्बे की ईदगाह कॉलोनी निवासी एजाजुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन का वारदाने का गोदाम है, जो इमरान ट्रेडर्स के नाम से पिछले करीब दो वर्षों से संचालित हो रहा है। यहां से वारदाने की बिक्री की जाती है। क्षेत्र के आलू किसान भी आलू की पैकिंग और भंडारण के लिए इसी गोदाम से वारदाना खरीदकर ले जाते हैं। बुधवार तड़के गोदाम में काफी मात्रा में वारदाना रखा हुआ था। इसी दौरान अचानक गोदाम में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम से धुआं तथा आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। गोदाम से आग की लपटें उठती देख आसपास के





लोगों में हड़कंप मच गया। लोग तत्काल मौके पर एकत्रित हो गए और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। घटना की जानकारी मिलने पर गोदाम संचालक इमरान भी मौके पर पहुंच गया। स्थानीय लोगों और गोदाम संचालक ने मिलकर आग पर काबू पाने के साथ ही अंदर रखे वारदाने को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण काफी माल उसकी चपेट में आ गया। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने प्रयास कर आग को बुझाया। गोदाम संचालक इमरान के मुताबिक, आग लगने से करीब 14 से 15 लाख रुपये का वारदाना जलकर नष्ट हो गया है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटना के बाद गोदाम संचालक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

करवा चैथ की खरीदारी से गुलजार हुए बाजार, महिलाओं ने जमकर की खरीदारी



सादाबाद। पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ मनाए जाने वाले करवा चैथ पर्व की पूर्व संध्या पर सादाबाद के बाजारों में जमकर भीड़ उमड़ी। पर्व को लेकर सादाबाद के जवाहर बाजार, चैक बाजार, निरंजन बाजार, गांधी मार्केट, सुभाष गली के अलावा गांव मई, बिसावर, कुरसंडा आदि के बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं और पुरुषों की भीड़ उमड़ी। साड़ी, सूट, आभूषण, चूड़ी, बिंदी और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। वहीं, ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की भीड़ के चलते संचालिकाएं व्यस्त नजर आईं। करवा चैथ का पर्व आज गुरूवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बाजारों में साड़ी और कपड़ों की दुकानों पर महिलाओं ने अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी की। साड़ी बाजार की संकरी गलियों में भी काफी भीड़ रही। महिलाओं ने साड़ियों और सूट के साथ लहंगा, चुनरी और गाउन भी पसंद किए। वहीं, सुहाग से जुड़ी सामग्री की दुकानों पर चूड़ी, बिंदी सहित अन्य सामान खरीदने के लिए महिलाएं पहुंचीं। आभूषणों की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। लोगों ने अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार आभूषणों की खरीदारी की। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें भी सजी-धजी नजर आईं। पर्व के मद्देनजर महिलाओं ने सजने-संवरने के लिए पहले से ही ब्यूटी पार्लरों में बुकिंग करा रखी थी। खरीदारी करने पहुंचीं खुशी ने बताया कि उन्हें अपनी सास और जेठानी के लिए साड़ियां खरीदनी हैं। इसके साथ ही चूड़ी, बिंदी और अन्य जरूरी सामान भी लेना है।

कवियों ने रचनाओं से दिया प्रेम, सद्भाव और इंसानियत का संदेश

रतनपुरी में सजा कवि सम्मेलन, मां शारदे की वंदना से हुआ शुभारंभय कवियों और शायरों का अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मान

सादाबाद। कविता जब समाज की संवेदनाओं को स्वर देती है, तो शब्दों के जरिए प्रेम, सद्भाव और इंसानियत का संदेश जन-जन तक पहुंचता है। कुछ ऐसा ही नजारा बुधवार शाम कस्बे के मोहल्ला रतनपुरी में आयोजित कवि सम्मेलन में देखने को मिला। यहां कवियों ने अपनी ओजपूर्ण और भावपूर्ण रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विषमता, देशभक्ति, मानवीय संवेदनाओं और आपसी भाईचारे को प्रमुखता से उठाया। कविताओं और शायरी ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता श्यामबाबू चिंतन ने की, जबकि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर एडवोकेट मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश पचैरी ने किया। सम्मेलन का शुभारंभ कवि देवी सिंह निडर ने मां शारदे की वंदना के साथ किया। इसके बाद



इगलास से आए कवि गाफिल स्वामी ने मां के स्नेह और ममता को शब्दों में पिरोते हुए सुनाया, ह्यघर से बाहर जब भी निकला, सिर पर हाथ फिराया मां ने।ह्व उनकी पंक्तियों ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। कवि राधेश्याम पागल ने सामाजिक विषमता और गरीबों की पीड़ा को उजागर करते हुए कहा, हो आजादी कैसे मुबारक उन्हें, जिनको दो जून की रोटी के लाले पड़े हैं। उनकी रचना ने समाज के वंचित वर्ग की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाबा देवी सिंह ने इंसानियत का संदेश देते हुए कहा, धनवान बनने वाले दयावान बनके देख, इंसान की शक्ल में इंसान बनके देख। वहीं कवि रामबाबू पिप्पल ने आपसी नफरत मिटाकर प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा, आओ मिल बैठकर नफरत की दीवार गिरा डालें, भारत के



जर्रे-जर्रे को मुहब्बत से सजा डालें। कवि भूदेव सिंह आर्य ने अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत रचना के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई। उन्होंने सुनाया, देशभक्ति का बिगुल बज रहा, गगन गूंजता नारों से, हिंद की माटी मिला रही है, अपनी नजर सितारों से। उनकी रचना पर श्रोताओं ने सराहना व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान शायर नूर मोहम्मद नूर और बाबा देवी सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में साहित्य, सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों से जुड़ी रचनाओं ने वातावरण को साहित्यिक रंगों से सराबोर कर दिया। इस मौके पर नागेंद्र पचैरी, डॉ. सुरेश सादाबादी, पूरन सागर, शकील पेंटर, हाफिज सफीकुद्दीन, संजय सिंह, नासिर हुसैन, रफीक, गुड्डी, भारती, मनोज, विशाल, रामप्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वर्गीय अधिवक्ता कुंजिल सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, समाज हित में किए गए कार्यों को किया याद

सादाबाद। क्षेत्र के गांव नगला बाग नौगांव में मंगलवार को स्वर्गीय अधिवक्ता कुंजिल सिंह एडवोकेट की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज हित में किए गए कार्यों को याद किया।



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने स्वर्गीय कुंजिल सिंह के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के प्रति उनका समर्पण और उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर दी बार एसोसिएशन सादाबाद के अध्यक्ष अनिल दीक्षित एडवोकेट, दीपक दीक्षित एडवोकेट, देवेंद्र राजपूत एडवोकेट, प्रख्यात सागर एडवोकेट, नितिन शर्मा एडवोकेट, अरुण शर्मा एडवोकेट, जितेंद्र गौतम एडवोकेट, वीरेंद्र मित्तल एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय कुंजिल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

महापुरुषों की मूर्तियों और निर्माण कार्यों की पत्रावलियां गायब होने का आरोप

सदर विधायक समेत कई अधिकारियों को कोर्ट का नोटिस-राजीव षर्मा



फिरोजाबाद। शिवसेना जिला प्रमुख पं. राजीव कुमार शर्मा द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, फिरोजाबाद में दाखिल परिवाद में तत्कालीन जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत कई विपक्षीगणों को नोटिस जारी कर 31 अक्टूबर 2026 को जवाब दाखिल करने के लिए तलब किया गया है। यह कार्रवाई अधिवक्ता संजीव कुलश्रेष्ठ की ओर से प्रस्तुत तर्कों के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार द्वारा की गई है। परिवाद में पूर्व चेयरमैन एवं वर्तमान सदर विधायक मनीष असीजा, तत्कालीन अधिशासी अधिकारी डी.के. सिन्हा व अनिल कुमार, अभियंताओं, निर्माण लिपिकों और संबंधित पटल सहायकों समेत अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। अधिवक्ता संजीव कुलश्रेष्ठ के अनुसार, आरोप है कि संबंधित कार्यकाल में महापुरुषों की मूर्तियों, द्वारों और पार्कों के निर्माण पर सरकारी धन खर्च किया गया, लेकिन इनसे संबंधित पत्रावलियां नगर निगम में उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ बिल-बाउचर और ऑर्डर शीट निर्माण कार्यों के लिए धनराशि जारी होने की ओर संकेत करते हैं। आरोप यह भी है कि छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप की मूर्तियां जयपुर बनवाने के लिए भेजी गई थीं, लेकिन आज तक स्थापित नहीं हुईं। अधिवक्ता के मुताबिक, इन निर्माण कार्यों और मूर्तियों को लेकर शिकायत करने पर अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं होने की सूचना 23 सितंबर 2020 को शपथपत्र पर तत्कालीन सहायक अभियंता अतुल पाण्डेय के हस्ताक्षर से प्राप्त हुई थी, जिस पर निर्माण लिपिक सुरेन्द्र रावत और प्रमोद यादव के हस्ताक्षर भी बताए गए हैं। परिवाद में सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के आरोप उठाए गए हैं। न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद अब संबंधित विपक्षीगण को निर्धारित तिथि पर अपना पक्ष रखना है। मामले में लगाए गए आरोपों पर विपक्षीगण का पक्ष सामने आना शेष है।

करवा चैथ पर पति को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठेगी पत्नी, निष्पक्ष जांच की मांग



फिरोजाबाद। कल करवा चैथ है। जहां महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखेंगी, वहीं एक ऐसी पत्नी भी है, जिसकी पहली करवा चैथ से पहले ही उसके पति की मौत हो गई। अब वह अपने पति की मौत का सच जानने और न्याय पाने के लिए करवा चैथ के दिन व्रत रखकर धरने पर बैठने का ऐलान कर रही है। महिला के अनुसार, उसके पति की 14 जुलाई 2024 को गुरुग्राम, हरियाणा में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। उसका आरोप है कि उसे पति की मौत की जानकारी तक नहीं दी गई। बाद में ससुराल पक्ष की ओर से इसे आत्महत्या बताया गया, लेकिन महिला के मन में कई सवाल हैं। उसका दो साल का बेटा है, जिसका जन्म पति की मृत्यु के 28 दिन बाद हुआ था। महिला सवाल उठा रही है कि यदि उसके पति ने आत्महत्या की थी, तो इसके पीछे क्या कारण थे? उनके साथ रहने वाले दो लोगों से पूछताछ क्यों नहीं हुई? आखिर उनके पति के साथ क्या हुआ था? महिला का कहना है कि वह कई महीनों से न्याय के लिए थाने और एसएसपी कार्यालय के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी शिकायत पर अब तक जीरो एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई है।

महिला ने ऐलान किया है कि वह करवा चैथ के दिन फिरोजाबाद के दबरई स्थित जिला मुख्यालय पर धरना देकर व्रत रखेगी। उसकी मांग है कि पति की मौत की निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने लाई जाए।

भावुक अपील करते हुए महिला ने कहा कि उसे अपने पति की मौत का सच जानना है और अपने बच्चे को न्याय दिलाना है। उसने आमजन से भी इस न्याय की लड़ाई में साथ देने की अपील की है।

दिल्ली महारैली की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक, हजारों कार्यकताओं को जुटाने का लक्ष्य

फिरोजाबाद। 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित ह्यवोट बचाओ-देश बचाओह्न एवं वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जिले की प्रभारी एवं महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा सिंह तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षक आबिद कश्मीरी मौजूद रहे। एआईसीसी पर्यवेक्षक आबिद कश्मीरी ने भाजपा सरकार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी के आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे हैं और कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर बूथ पर मजबूती से काम कर रही है।

महारैली प्रभारी प्रतिमा सिंह ने जिले से हजारों कांग्रेसियों के दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता की समस्याओं को



प्रमुख मुद्दा बताया।

जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने भाजपा सरकार पर सरकारी संपत्तियों को बेचने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की अनदेखी करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में विफल रहने के आरोप लगाए।

उन्होंने कार्यकताओं से महारैली को सफल बनाने की अपील की। बैठक में हाजी सईद पटेल, धर्म सिंह यादव, प्रकाश निधि गर्ग, राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार शर्मा, लक्ष्मी प्रकाश गुप्ता, अजय यादव, शैलेंद्र शुक्ला, शांति दास संखवार, उमर फारूक, अनिल यादव, जगदीश वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी अजय शर्मा, अजय कुमार दिवाकर, आकांक्षा तिवारी, अरशद कुरैशी, आशीष तिवारी, संजय यादव, वीरेंद्र सिंह, गुड़िया गुलशन खान, रामवीर सिंह, अलवर सिंह यादव, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद शकील, राजीव शर्मा और संजू संखवार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यापारियों को ब्याज माफी योजना-2026 की जानकारी, 16 जनवरी 2027 तक मिलेगा लाभ

कासगंज। राज्य कर विभाग, कासगंज द्वारा व्यापारियों एवं अधिवक्ताओं को उत्तर प्रदेश सरकार की ब्याज माफी योजना-2026 के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। योजना के अंतर्गत विभिन्न कर अधिनियमों के तहत बकाया मूल कर जमा करने पर ब्याज माफी का प्रावधान किया गया है। सहायक आयुक्त राज्य कर राम अनुज मौर्य ने बताया कि ब्याज माफी योजना-2026 का लाभ 16 जनवरी 2027 तक लिया जा सकता है। विभाग ने व्यापारियों से योजना की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित अवधि में इसका लाभ उठाने की अपील की है।

विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

गृहक्लेश के चलते आत्महत्या की आशंका, पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम



कासगंज। सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के महरी गांव में पारिवारिक कहासुनी के बाद एक युवक की विषाक्त पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रथम दृष्टया गृहक्लेश के चलते युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक, महरी गांव निवासी रामदीन पुत्र धर्म सिंह की गत मंगलवार शाम परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज होकर रामदीन घर से निकलकर खेत पर चला गया। बताया गया कि खेत पर रखी कीटनाशक दवा का उसने सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन घबरा गए। आनन-फानन में परिजन रामदीन को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद का डिजिटल धमाका, 13 भाषाओं में लॉन्च हुआ ऐप

फिरोजाबाद। इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद ने आधुनिक तकनीक और दीनी तालीम को जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने वेब पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।

ऐप में 13 भाषाओं में सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सेंटर के जनरल सेक्रेटरी मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि ऐप में आसपास की मस्जिदों की लोकेशन, नमाज के लिए काबा की दिशा, जकात कैलकुलेटर, सूर्योदय-सूर्यास्त का समय, रमजान की सहरी-इफ्तार टाइमिंग, इस्लामिक कैलेंडर, आधारित फिक्ह एवं फतवा संबंधी सुविधा, लाइव क्लासेस



और सेंटर की गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में धार्मिक एवं शैक्षिक संस्थाओं के लिए आधुनिक तकनीक अपनाना जरूरी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ।ए से प्राप्त धार्मिक जानकारी को अंतिम शरई फैसला न मानें तथा महत्वपूर्ण मसलों में प्रामाणिक उलेमा से पुष्टि अवश्य करें। मौलाना याकूबी ने यह भी बताया कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए गूगल की ओर से प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मुसद्दिक हुसैन, अनवर, अयाज अहमद और मौलाना शैजी खान सहित इस्लामिक सेंटर के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

स्पेशल कैंपेन के तहत विद्यालयों में हुए जागरूकता कार्यक्रम

कासगंज/सिढ़पुरा। स्पेशल कैंपेन के तहत ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में निर्धारित गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान एबीएसए आरती चैधरी ने कई विद्यालयों का भ्रमण कर कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं गतिविधियों में प्रतिभाग कर शिक्षकों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। भ्रमण के दौरान एबीएसए ने अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप गतिविधियों का प्रभावी संचालन करने और उनकी गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों की स्पष्टता, गुणवत्ता और प्रस्तुति निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। विद्यार्थियों को निर्धारित स्कूल यूनिफॉर्म एवं फुटवियर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। साथ ही ईको क्लब की टी-शर्ट उपलब्ध होने पर उनका उपयोग करने को कहा। उन्होंने विद्यालयों में निर्धारित चार रंगों के डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पर्याप्त प्रकाश एवं उपयुक्त पृष्ठभूमि में वीडियो बनाने और उच्च गुणवत्ता की रिकॉर्डिंग करने पर जोर दिया।

आकाश अग्रवाल की जीत पर फिरोजाबाद सपा में जश्न, अजीम भाई संग युवाओं के संघर्ष को दिया श्रेय



फिरोजाबाद। आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल की जीत पर फिरोजाबाद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया। सपा मीडिया प्रभारी नीरज यादव ने कहा कि इस जीत में जिले के युवाओं का सराहनीय संघर्ष रहा। पूर्व विधायक अजीम भाई के साथ युवाओं ने मतदान के दौरान सक्रिय भूमिका निभाते हुए फर्जी मतदान रोकने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि सभी का संघर्ष रंग लाया।

इस दौरान आदर्श यादव धन्नू, सोनू बघेल, कमलेश यादव सहित कई युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कासगंज स्टेशन पर गर्डर लॉन्चिंग के लिए ब्लॉक, कई ट्रेनों के समय में बदलाव

29 अक्तूबर, 1 और 4 नवंबर को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक प्रभावित रहेगा रेल संचालन

कासगंज। स्थानीय जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 12 मीटर लंबे पैदल उपरिगामी पुल (फुट ओवरब्रिज) के निर्माण के लिए गर्डर लॉन्चिंग का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए बुधवार से ब्लॉक लिया जा रहा है। आगामी 29 अक्तूबर, एक नवंबर और चार नवंबर को भी सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक तीन घंटे का ब्लॉक रहेगा। इसके चलते कासगंज से संचालित होने वाली कई ट्रेनों के समय में अस्थायी बदलाव किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से निरस्त रहेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, 28 और 29 अक्तूबर तथा एक और चार नवंबर को गाड़ी संख्या 55335 कासगंज-मथुरा जंक्शन सवारी गाड़ी 140 मिनट पुनर्निर्धारित समय से संचालित होगी। वहीं, गाड़ी संख्या 15038 कासगंज-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस 20 मिनट की देरी से चलेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 55328 बरेली सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी कासगंज सिटी स्टेशन पर ही समाप्त होगी।

गाड़ी संख्या 55338 भरतपुर-कासगंज सवारी गाड़ी मारहरा स्टेशन पर समाप्त होगी और मारहरा से कासगंज जंक्शन के बीच निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 55327 कासगंज-बरेली सिटी सवारी गाड़ी कासगंज जंक्शन के बजाय कासगंज सिटी स्टेशन से रवाना होगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले संबंधित ट्रेन के समय और संचालन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 29 अक्टूबर को

कासगंज। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत राज्य स्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन चार से पांच नवंबर तक रायबरेली में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला खेल कार्यालय, कासगंज की ओर से जिला स्तरीय सब जूनियर महिला टेबल टेनिस चयन एवं ट्रायल का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। जिला स्तरीय चयन एवं ट्रायल दोपहर दो बजे सोरों स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम, अलीगढ़ में आयोजित मंडलीय चयन एवं ट्रायल में प्रतिभाग करेंगी। जिला खेल कार्यालय ने जनपद कासगंज की इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर पहुंचने की अपील की है। खिलाड़ियों को आयु संबंधी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की मूल प्रति तथा छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा।

सिढ़पुरा में विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला

गृहक्लेश के चलते आत्महत्या की आशंका, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य





कासगंज। सिढ़पुरा कस्बे के मोहल्ला इंद्रपुरी में बुधवार सुबह एक विवाहिता का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया गृहक्लेश के चलते आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले में मायके पक्ष की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह मोहल्ला इंद्रपुरी में विवाहिता की मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मृतका की पहचान 25 वर्षीय शिवानी पत्नी अवधेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गृहक्लेश के चलते शिवानी ने यह कदम उठाया है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ पटियाली अमित कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष प्रदीप मलिक ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। मृतका का मायका गंजडुंडवारा के मोहल्ला धनपाल में है। घटना की सूचना मायके पक्ष को दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। थानाध्यक्ष के मुताबिक, अभी मायके पक्ष की ओर से तहरीर मिलने का इंतजार है। तहरीर प्राप्त होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं संबंधित अधिकारी-मुख्य विकास अधिकारी

- **स्कूली वाहनों की फिटनेस, ओवरस्पीडिंग, अवैध पार्किंग एवं ब्लैक स्पॉट पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश**
- **सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाकर करें कार्रवाई।**



कासगंज। मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पूर्व में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यालय परिवहन समिति के गठन एवं क्रियाशीलता की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त स्कूली वाहनों के प्रपत्रों की वैधता, फिटनेस, परमिट, बीमा, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस एवं चरित्र सत्यापन की जांच सुनिश्चित की जाए। वाहनों में अग्निशमन यंत्र एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। बिना निर्धारित मानकों के संचालित होने वाले स्कूली वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रमुख चैराहों, रोडवेज बस स्टैंड एवं मुख्य मार्गों पर अवैध पार्किंग तथा अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आमजन को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने ओवरस्पीडिंग, स्टंटिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग तथा बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय से उपचार उपलब्ध कराने तथा भारत सरकार की कैशलेस उपचार योजना-2025 एवं गुड सेमेरिटन (राहवीर) योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर विशेष जोर दिया गया।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राज्य राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण तथा वाहनों की अनधिकृत पार्किंग के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत चालान एवं प्रवर्तन कार्यवाही की नियमित समीक्षा करने को कहा।उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं तथा निर्धारित समयावधि में अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। बैठक में परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई-एसपी

कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों पर विशेष जोर



कासगंज। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, पीड़ितों को त्वरित न्याय और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस पुलिस की प्राथमिकता है। मंगलवार की देर रात पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा गोष्ठी में उन्होंने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना व शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में थानों और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा आईजीआरएस और शिकायती प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। महिला सुरक्षा के संबंध में मिशन शक्ति फेज-6 अभियान की समीक्षा की गई। एसपी ने एंटी रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता बढ़ाने, महिला हेल्पडेस्क पर मिलने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने और महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने पर जोर दिया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जनपद को जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा हुई। ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने और अवैध कटों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा साइबर अपराधों, वित्तीय धोखाधड़ी में धनराशि वापस कराने, सीईआईआर पोर्टल से खोए मोबाइल बरामद करने तथा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की प्रगति पर चर्चा हुई। यक्ष ऐप पर अपराधियों के सत्यापन, ग्राम-मोहल्लों की फीडिंग और हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी को भी प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वाइक सवार की मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम

कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र में एटा रोड पर मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और शिनाख्त कर उसके परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब दस बजे पुलिस को जानकारी मिली कि बढ़ारी वैश्य चैराहा के समीप बाइक सवार मृतावस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। घटना स्थल पर युवक मृत पड़ा था। उसके चेहरे पर गंभीर चोट थीं। क्षेत्रीय लोगों ने उसके नदरई की ओर से गुजरते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने की बात कही। पुलिस को मौके पर बाइक पड़ी हुई मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय पप्पू पुत्र मटरु सिंह निवासी नगला हिमाचल थाना गंगीरी जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को दुर्घटना से अवगत कराया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विकास कार्यों में लापरवाही, धीमी स्पीड पर इंजीनियर को फटकारा

❑ दो बड़े विकास कार्यों में लापरवाही पर लगाया 10-10 लाख का जुर्माना
❑ नवंबर तक बोनेरे कट से एटा चुंगी सड़क के निर्माण को पूरा करने का दिया लक्ष्य

अलीगढ़। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बुधवार को सीएम ग्रिड फेज-2 पैकेज-1 के तहत छर्रा अड्डा पुल से एटा चुंगी चौराहे होते हुए बोनेर कट तक निर्माणाधीन 5.200 किमी. लंबी सड़क का निरीक्षण किया। करीब 87.03 करोड़ की लागत से बन रही इस सड़क के निर्माण में धीमी प्रगति, पोल शिफ्टिंग में देरी और यातायात व्यवस्था प्रभावित होने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कार्यदायी एजेंसी इको ग्रीन के इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण में पाया कि सड़क निर्माण से पहले जरूरी विद्युत पोलों को निर्धारित समय पर स्थानांतरित नहीं किया, जिसके कारण कई स्थानों पर निर्माण कार्य बाधित है। इससे सड़क के विभिन्न हिस्सों में कार्य की निरंतरता प्रभावित हो रही है और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर आयुक्त ने मौके पर कहा कि सड़क निर्माण जैसी परियोजना में किसी भी स्तर पर समन्वय की कमी स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने संबंधित अफसरों को विद्युत विभाग और कार्यदायी एजेंसी के बीच तत्काल समन्वय स्थापित कर पोल शिफ्टिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बोनेरे कट सड़क निर्माण में धीमी रफ्तार व लापरवाही व निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर नगर आयुक्त ने अधिकारियों को एजेंसी इको ग्रीन पर 10 लाख का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत करीब 62 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम परियोजना का भी निरीक्षण किया। छर्रा अड्डा पंपिंग स्टेशन पर 130 एमएलडी क्षमता के सम्पवेल एवं 1000 एमएम डायमीटर की राइजिंग मेन पाइपलाइन के कार्य में पिछले 7 से 10 दिनों से अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। निरीक्षण में सामने आया कि सम्पवेल में पाइपलाइन बिछाने और संबंधित तकनीकी कार्यों में अपेक्षित गति नहीं है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कार्य की दैनिक प्रगति रिपोर्ट लेने और प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ड्रेनेज परियोजना का सीधा संबंध शहर को जलभराव से राहत दिलाने और बरसात के दौरान



जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने से है। ऐसे में पंपि. ंग स्टेशन और राइजिंग मेन पाइपलाइन के कार्य में देरी से परियोजना का लाभ नागरिकों तक पहुंचने में विलंब होगा। कार्य में लापरवाही और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर नगर आयुक्त ने इको ग्रीन पर 10 लाख का अतिरिक्त जुर्माना लगाया।

नगर आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि सम्पवेल पाइपलाइन, पंपिंग उपकरण और अन्य तकनीकी संरचनाओं के कार्यों में निर्धारित डिजाइन, सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर घटिया सामग्री का उपयोग बिना अनुमति कार्य में बदलाव या तकनीकी मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इको ग्रीन पर लगा 20 लाख का जुर्माना'

इस प्रकार दोनों परियोजनाओं में धीमी प्रगति के कारण एजेंसी पर कुल 20 लाख का जुर्माना लगाया गया साथ ही अगले 15 दिनों में पंपि. ंग स्टेशन के समस्त तकनीकी कार्य पूर्ण करने की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का सत्यापन करते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नई के मार्गदर्शन में शहरवासियों को बेहतर सड़क एवं जलभराव से राहत दिलाना नगर निगम की प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी और लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ग्रिड सड़क और स्मार्ट सिटी ड्रेनेज परियोजना दोनों ही शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन परियोजनाओं में देरी से नागरिकों को असुविधा होती है और विकास कार्यों का उद्देश्य प्रभावित होता है। सभी कार्यदायी एजेंसियां निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समयसीमा का पालन नहीं होने पर जुर्माने के साथ अनुबंध निरस्त करने एवं एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

जनगणना में सही जानकारी देना लोगों की जिम्मेदारी: DM

◆ भविष्य की विकास योजनाओं के निर्धारण में जनगणना की भूमिका

अलीगढ़। डीएम अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जनगणना के संबंध में कालेजों, विद्यालय प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। जिसमें डीएम ने जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षण संस्थानों से प्रगणकों का सहयोग करने और आमजन को जागरूक करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जनगणना भविष्य की विकास योजनाओं के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में मदद मिलती है। जनगणना के दौरान प्रगणकों को जरूरी सहयोग करें और मांगी जानकारी सही-सही उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि घर पर जनगणना के लिए आने वाले प्रगणकों के साथ सद्व्यवहार करें और उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग दें। नागरिक स्व-गणना के विकल्प का उपयोग करते हुए स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। सीडीओ योगेंद्र कुमार ने सभी प्रधानाचार्यों से जनगणना के महत्व के प्रति विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को जागरूक करने का आह्वान किया, ताकि जनगणना का कार्य सही, सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके।



पात्र युवाओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को महाविद्यालयों में बनेंगे हेल्प डेस्क

अलीगढ़। 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की चुनाव नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीएम, डीइओ अविनाश कुमार ने पात्र युवाओं सहित छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलैक्ट्रेट सभागार में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, एएमयू, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक कर नए मतदाताओं को सूची में शामिल कराने के लिए जागरूकता बढ़ाने और अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है। सभी पात्र युवा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं।

सीडीओ योगेंद्र कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान सभी निर्धारित स्थलों एवं महाविद्यालयों में शिविर और हेल्प डेस्क स्थापित हों। जहां मतदाताओं को नाम जुड़वाने, अपात्र हटवाने, विवरण में संशोधन के लिए निर्धारित फार्म भरने में सहायता दी जाएगी। इसके लिए फार्म-6, 6ए, 7 और 8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निर्धारित स्थलों पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा पात्र मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने के निर्देश दिए।

युवाओं की सोच, कला के संगम से उकेरी सशक्त भारत की तस्वीर



अलीगढ़। डीएस कॉलेज के चित्रकला विभाग में नॉर्दर्न रेलवे के तत्वावधान में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें विकसित भारत / 2047 और देश की नई पहचान बनी श्वंदे भारत स्लीपर क्लास की थीम पर आधारित यह प्रतियोगिता महज मुकाबला नहीं, बल्कि नए भारत के प्रति हमारे युवाओं की गहरी सोच और उनके सपनों का जीवंत प्रदर्शन थी।

विकसित भारत विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लगभग 60 विद्यार्थियों ने सशक्त लेखनी, विचारों से 2047 के आत्मनिर्भर भारत का एक स्पष्ट रोडमैप शब्दों में पिरोया। वहीं दूसरी ओर, वंदे भारत विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से करीब 45 छात्रों ने अद्भुत कल्पनाशीलता और रंगों के जादू से देश की आधुनिक प्रगति, रफ्तार और स्वदेशी तकनीक को कैनवास पर बेहद आकर्षक रूप में उतारा। रेलवे प्रशासन और महाविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि जब युवाओं के विचारों को कला और कलम का माध्यम मिलता है, तो देश के विकास को एक नई वैचारिक ऊर्जा मिलती है। विद्यार्थियों ने जिस परिपक्वता के साथ अपने मौलिक विचारों को रंगों और कागज पर उतारा है, वह वास्तव में प्रेरणादायक और अत्यंत सराहनीय है। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी अनूठी कलाकृति से यह साबित किया है कि देश की युवा पीढ़ी राष्ट्र की प्रगति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

बैंकों के अनावश्यक चार्ज, मनमानी के विरोध में कारोबारियों का प्रदर्शन

अलीगढ़। बैंकों से संबंधित कारोबारियों समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा की अगुवाई में प्रदर्शन कर केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमन के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी संगीता देवी को दिया।

ज्ञापन में जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि नगद लेनदेन की सीमा आयकर कानून के हिसाब से दो हजार रूपये निर्धारित की है अधिकांश व्यापारिक लेन-देन के काम बैंक करता है। बैंकों के अवक. ाश होने पर व्यापारिक लेनदेन के काम टालने पड़ते हैं, जिससे व्यापारी के साथ-साथ सरकार के राजस्व का नुकसान होता है। इसलिए सभी सरकारी बैंकों को सातों दिन खोलें, बचत खाते पर मामूली ब्याज दिया जाता है, जबकि चालू खाते पर कोई ब्याज नहीं होता, बैंकों द्वारा लगाया जा रहा मिनिमम बैलेंस पेनेल्टी खत्म करें। चेक डिसऑनर की दशा में भुगतान प्राप्त करने वाले कारोबारी का कोई दोष नहीं होता है लेकिन बैंकों चेक जारी करने, भुगतान प्राप्त करने वाले दोनों कारोबा. री पर चेक डिसऑनर चार्ज वसूलता है, इसलिए डिसऑनर चार्ज चेक वापस होने की दशा में सिर्फ चेक जारी करने वाले के चार्ज लगाएं।

महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि बैंकों द्वारा नगद रुपए जमा करने, निकलने पर कैश हैंडलिंग चार्ज लगाया जा रहा है। जबकि चालू खाते में कारोबारी को कोई ब्याज नहीं दिया जाता है। लिमिट अकाउंट में कारोबारी बैंक से प्राप्त कर्ज पर बैंक ब्याज भुगतान करता है। बैंक व इनकम टैक्स के नियम के अनुसार लिमिट अकाउंट का सभी लेनदेन लिमिट अकाउंट से होना चाहिए। जिला वरिष्ठ महामंत्री एमए खान गांधी ने कहा कि ने कहा कि कारोबा. री द्वारा लोन, लिमिट प्राप्त करते समय बैंक को प्रॉपर्टी के कागज लीगल, वैल्यूएशन करा कर, बैंक के नियम अनुसार सभी कार्रवाई पूरी होती है उसके बाद भी हर साल रिनवाल, प्रॉपर्टी की वैल्यूएशन के नाम पर भारी खर्च वसूला जाता है जबकि लोन, लिमिट अकाउंट पूरी तरीके से रेगुलर चल रहे होते हैं। इसी तरह की कई और भी मांगे थी। इस दौरान प्रदेश मंत्री अरून गोयल, जिलाध्यक्ष उद्योग मंच राकेश वार्ष्णेय, प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष संतोष वार्ष्णेय, प्रणय शर्मा, उमेश गौड़, अंकित अग्रवाल, चेतन जलेसरिया, अमित शर्मा, मनोज कुमार सिंह, फैशल खॉन, फैजान, अफजाल हमीद, हेमंत पिंटू, कुलदीप सिंह, टीटू, रंजीत सिंह, रवि कुमार, असलम जमील, मो. आसिम, प्रमोद प्रताप सिंह, इनामुल हक, जितेंद्र कुमार, डा. देवेंद्र पाल सिंह आर्य आदि मौजूद रहे।



महिला पर फायरिंग करने वाला 25 हजारी गिरफ्तार



अलीगढ़। रोरावर इलाके में साढ़े तीन माह पूर्व एक महिला पर की फायरिंग के मामले में पुलिस ने 25 हजारी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। यहीं आरोपित फरार चल रहा था।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि छह जून को रोरावर इलाके में एक महिला दोपहर को घर से खाना खाने के बाद फैक्ट्री की ओर लौट रही थी कि रास्ते में बाइक सवारों ने उसे घर का ताबडतोड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। इस मामले में महिला के पति ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सीसीटीवी और अन्य इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि चौथा आरोपित 25 हजार रूपये का ईनामिया वसीम पुत्र सद्दीक निवासी नीवरी बाग पुराने इस्लाम गोदाम के पास शाहपुरकुतुब रोरावर फरार चल रहा था। पुलिस ने इसे भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ अब तक तीन मामले दर्ज हैं, जिनमें दो मामले रोरावर और बन्नादेवी का है। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर रोरावर रवि चंद्रवाल, एसआई विनित कुमार, सिपाही सत्यभान और शोएब मलिक शामिल थे।

तीन एसआई बने इंस्पेक्टर, लगाए स्टार

अलीगढ़। एसएसपी नीरज जादौन ने उपेंद्र कुमार मलिक (सासनीगेट), श्री संजय कुमार (यातायात पुलिस) और प्रदीप कुमार (थाना गभाना) को उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने पर स्टार लगाकर बधाई दी। इस दौरान एसपी यातायात प्रवीन कुमार, एसपी अपराध ममता कुरील, सीओ द्वितीय धनंजय सिंह मौजूद रहे।



भारतीय शिक्षा समिति का उद्देश्य बच्चों को भारतीय मूल्यों से जोड़ना: डा. राय

अलीगढ़। सिंघारपुर स्थित सीबी. गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ में वार्षिक उत्सव उड़ान मनाया। 'उड़ान' नाम के अनुरूप बच्चों ने अपनी प्रतिभा की ऊंची उड़ान भरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिसर दुल्हन की तरह सजाया गया था। वार्षिक उत्सव की अध्यक्षता डॉ. जयंत शर्मा ने की। मुख्य वक्ता डॉ. प्रभास्कर राय मंत्री भारतीय शिक्षा समिति ने अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि विजय सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं।

प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने कहा कि आज का दिन विद्यालय के लिए गौरव का दिन है। स्वामी पूर्णानंद पुरी महाराज ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल डिग्री लेना नहीं है, शिक्षा वह है जो मनुष्य को मनुष्य बनाए। 'उड़ान' उत्सव बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देता है, इससे उनकी उड़ान और ऊंची होगी। महामंडलेश्वर ने लोगों से आग्रह किया कि वह जीवन में गौ सेवा को अपनाएं, गायों की रक्षा, देखभाल को आगे आएं।

डॉ. प्रभास्कर राय ने कहा कि भारतीय शिक्षा समिति का उद्देश्य बच्चों को भारतीय मूल्यों से जोड़ना है। 'उड़ान' इस विकास का ही एक सुंदर उदाहरण है। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति और आधुनिकता का अनूठा मिश्रण भी देखने को मिला। विजय



सिंह ने कार्यक्रम को भारतीय संस्कृति का एक सुंदर संगम बताया और कहा कि कार्यक्रम समाज को प्रेरणा देने वाले हैं। वार्षिक उत्सव 'उड़ान' का एक अन्य मुख्य आकर्षण विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'तेजस्वी' का विमोचन रहा। कार्यक्रम के तहत प्रस्तुत लोक नृत्य 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत', महारानी लक्ष्मीबाई, वरिष्ठ नागरिक सम्मान और लेजम-डंबल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। 'भारत माँ के सच्चे सपूत डॉ. हेडगेवार' की प्रस्तुति ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन से प्रेरणा लेने का संद. ेश दिया।

अध्यक्षीय भाषण में डॉ. जयंत शर्मा ने कहा कि आज मुझे गर्व है कि मैं भी विद्या भारती का पूर्व छात्र हूं। उन्होंने कहा कि आज कार्यक्रम अपनी भारतीय शिक्षा, सनातन संस्कृति और सभ्यता के दर्शन हुए। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष इंद्रमणि पाठक, अनिल वार्ष्णेय, सुभाष गुप्ता, प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष संजय गोयल, कोषाध्यक्ष सी.ए. अनिल गुप्ता, कार्यक्रम के संयोजक भुवनेश अग्रवाल, सह सचिव मधुर राठी, मुकेश राजदरबार, डॉ मनोरंजन वार्ष्णेय, प्रदीप कोडिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय सचिव राजीव वार्ष्णेय, नगर उपायुक्त राकेश यादव, विद्या परिषद की मंत्री नीरजा शर्मा, प्रदेश निरीक्षक प्रेमा पानू, यशवीर सिंह, विभाग प्रचारक गोविंद, मनवीर सिंह, विभाग कार्यवाह अजय सर्राफ, विद्यार्थी जाह्नवी अरोरा, दीप्ति तोमर, युग मिश्रा भुवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

खैर में चोरी के मामले में चार गिरफ्तार

अलीगढ़। खैर इलाके में पंद्रह दिन पूर्व हुई नलकूप लगी मोटर से तांबे की कोइल चोरी के मामले में पुलिस ने खैर के तीन और गौंडा का एक आरोपित गिरफ्तार कर माल भी बरामद किया।

इंस्पेक्टर खैर राजीव कुमार ने बताया कि खैर इलाके में करीब 13 अक्टूबर को नलकूप पर लगी तांबे की कोइल कुछ लोग चोरी कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर आरो. पितों ने अपने नाम योगेश, दुर्गेश, नदीम पुत्र हस्मुद्दीन निवासी गांव गौमत खैर और सुरेश निवासी वाद वामिनी गोंडा बताए। आरोपितों के कब्जे से 450 रूपये, छह ट्रंसफार्मर कोइल, दो किग्रा. तांबे का तार, एक प्लास, दो चाबी, एक पाना व घटना में प्रयुक्त एक ऑटो बरामद किया। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर के साथ एसआई वैभव त्यागी, कपिल पाल, सिपाही रजत कुमार, सागर सरोहा, लवी बालियान, प्रशांत कुमार आदि थे।



एएमयू में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित

अलीगढ़। एएमयू के तिब्बिया कॉलेज के निस्वां, कबालत विभाग ने अक्टूबर माह में विश्व स्तन कैंसर जागरूकता माह के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। "हर कहानी अनूठी है, हर सफर महत्वपूर्ण है" विषय पर आधारित इन गतिविधियों का उद्देश्य स्तन कैंसर की समय रहते पहचान, शीघ्र चिकित्सकीय परामर्श और मरीजों को सहयोग देने के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में बाह्य रोगी विभाग में आने वाली महिलाओं के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए। स्तन कैंसर के जोखिम, चेतावनी संकेतों और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। विभाग के संगोष्ठी कक्ष में दृश्य-श्रव्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें स्तनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, जांच, शुरुआती पहचान और उपचार के महत्व को समझाया। मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डॉ. रोशन परवीन ने "स्तन कैंसर जागरूकता: लक्षण पहच. ानें, समय पर उपचार लें और एक-दूसरे का साथ दें" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने लक्षणों को पहचानने, समय पर चिकित्सकीय जांच कराने और प्रभावित महिलाओं को भावनात्मक एवं सामा. जिक सहयोग देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

आपदा के समय सुरक्षा उपायों, मॉक ड्रिल पर हुई चर्चा

अलीगढ़। सीडीओ योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेज-3 के संचालनद्य क्रियान्वयन के संबंध में बैठक की। जिसका संच. ालन करते हुए एडीएम वित्त, प्रभारी अधिकारी आपदा प्रमोद कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 'मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम-फेज-3 के क्रियान्वयन, संचालन के संबंध में समस्त हितधारक विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना है।

सीडीओ ने कहा कि जिले के सभी सरकारी, निजी स्कूलों, और कालेजों से 10 मास्टर ट्रेनर्स चयन कर प्रत्येक स्कूल, कालेजों में 100 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करें। बैठक में कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने, आपदा के समय सुरक्षा उपायों, मॉक ड्रिल, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान पर चर्चा की। सीडीओ ने विभागों को निर्देश दिए



कि मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम को विद्यालयों में लागू कर आख्या शासन को भेजें। उन्होंने आपदा के दृष्टिगत विद्यालयों में सुरक्षा ऑडिट कराने और नियमित रूप से मॉक ड्रिल कराने पर भी बल दिया।

अनूपशहर से आकाश आनंद ने किया बसपा के चुनावी अभियान का शंखनाद

❑आकाश आनंद की पहली जनसभा में उमड़ा जनसैलाब



जहांगीराबाद। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने बुधवार को बुलंदशहर जिले की अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा कर उत्तर प्रदेश में पार्टी के चुनावी अभियान का शंखनाद किया। जनसभा में बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे। बसपा के झंडों, बैनरों और नीली टोपियों से पूरा पंडाल नीले रंग में रंगा नजर आया। आकाश आनंद ने भाजपा, सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था के मुद्दे उठाए।

आकाश आनंद ने जय भीम के नारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती को पांचवीं बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने महंगाई और सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। सपा०प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए० नारे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी आकाश आनंद ने निशाना साधा। उन्होंने विपक्षी दलों की नीतियों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि जनता को गुमराह किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरा। जनसभा के दौरान आक. श आनंद ने भाजपा छोड़कर बसपा०में शामिल हुए मनोज प्रधान को अनूपशहर विधानसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। घोषणा के बाद मनोज प्रधान मंच पर दंडवत होकर पार्टी नेतृत्व और जनता से आशीर्वाद लेते नजर आए। वहीं मुकेश पंडित को शिकारपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया। मनोज प्रधान ने चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प जताया। कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली, बसपा जिलाध्यक्ष रविंद्र प्रधान, आसिफ गाजी, आजाद अली और विनोद चौधरी सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोही में 13वीं विशाल दंगल 2.51 लाख की कुश्ती बराबर पर छूटी



पहासू (बुलंदशहर)। पहासू थाना क्षेत्र के गांव सोही में 13वीं विशाल दंगल 2.51 लाख की कुश्ती बराबर पर छूटी। कुश्ती का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह ने फीता काटकर किया।

आयोजक सपा०के वरिष्ठ नेता संदीप राघव ने बताया कुश्ती दंगल में भाग लेने के लिए हरियाणा, राजस्थान, पंजाब सहित अनेकों जिलों के पहलवान भाग लेने पहुंचे। मनोज पहलवान ने बताया दंगल की फाइनल कुश्ती अंकित पहलवान मथुरा और कलुआ पहलवान जमालपुर नोएडा की दो लाख 51 हजार की हुई जो बराबर में छूटी। वहीं विक्रम जानू मथुरा और अजय गुर्जर सोहना की भी कुश्ती बराबर में छूटी। वहीं मौसम अली पंजाब ने एक लाख 51 हजार की कुश्ती जीती। जिन्होंने बादल पहलवान हरियाणा को हराया। मौके पर मनोज पहलवान, अमित पहलवान, धीरेंद्र सिंह, नीरज शर्मा, अवधेश सिंह राजू, अमित, राकेश पाठक, अनुज राघव, जीतू ठाकुर, विकास सोलंकी, आदि मौजूद रहे।

अर्टिका कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, कई सवार घायल



बुलंदशहर। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अहमदगढ़ के मुमरेजपुर गांव के पास तेज रफ्तार अर्टिका कार ने सवारी से भरे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे जा गिरा। हादसे में ई-रिक्शा में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अहमदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए कई घायलों को हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा सवार सभी स्थानीय लोग थे और अपने काम से जा रहे थे। वहीं हादसे के बाद अर्टिका कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।


संविधान के मूल्यों, बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगे विद्यार्थी



अलीगढ। भारतीय संविधान दिवस 26 नवंबर के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दीवानी न्यायालय स्थित पुस्तकालय सभागार में संविधान संवाद विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के चयनित शिक्षकों को संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, नि:शुल्क विधिक सहायता और बाल सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों एवं आमजन को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया।

प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव साक्षी गर्ग ने शिक्षकों से कहा कि वह विद्यार्थियों में संविधान के प्रति सम्मान, समानता, राष्ट्रीय एकता और मौलिक कर्तव्यों की भावना विकसित करें। विद्यालयों में सुरक्षित, समानतापूर्ण एवं भेदभावमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के साथ बच्चों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनके अधिकारों की रक्षा करने पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत समान न्याय और नि:शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण कोई भी पात्र न्याय से वंचित न रहे, इसके लिए जिला प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। प्रशिक्षण में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण देने और उनकी गरिमा और निजता बनाए रखने के प्रति भी जागरूक किया गया। किसी भी संदिग्ध घटना या अपराध की जानकारी मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित प्राधिकरण अथवा पुलिस को सूचित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में संविधान, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान के सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने जैसे मौलिक कर्तव्यों की जानकारी भी दी गई। शिक्षकों से इन मूल्यों को विद्यार्थियों के व्यवहार और दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अजय शर्मा, विपिन कुमार सिंह, अनंत कुमार सिंह शेरावत, रामचन्द्र यादव, अजय कुमार शुक्ला, पूनम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछलने से गिरी महिला, दर्दनाक मौत



बुलंदशहर। कोतवाली देहात क्षेत्र में अनूपशहर मार्ग पर विगत रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की जान चली गई। मंडी गेट के समीप स्पीड ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर उछलने के कारण महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार घ्गांव सिकंदरपुर (कोतवाली अनूपशहर) निवासी जोगेंद्र मंगलवार की रात अपनी 48 वर्षीय मां पूजा को बाइक पर बैठाकर गांव लौट रहे थे।

जब वे अनूपशहर मार्ग स्थित मंडी गेट के पास पहुंचे, तभी अचानक सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर के कारण बाइक जोरदार झटके के साथ उछल गई। इस दौरान पीछे बैठीं उनकी मां संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली देहात प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विधायक प्रदीप चौधरी...योगी कलयुग के हनुमान



निकली किसान सम्मान संकल्प ट्रैक्टर रैली

बुलंदशहर। बुधवार की दोपहर 3 बजे अन्नदाता किसान सम्मान संकल्प ट्रैक्टर रैली निकाली गई। सदर विधायक प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में आयोजित रैली में सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ हजारों किसान और क्षेत्रवासी शामिल हुए। गंगानगर से विधायक और बुजुर्गों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रदीप चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'कलयुग का हनुमान' बताया। उन्होंने कहा कि सीएम० योगी हम सबके दुख हरने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश और देश. हित में लगातार काम कर रही है। विधायक ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में किसानों के लिए किसान सम्मान निधि और पांच लाख रुपये तक के किसान बीमा जैसी योजनाएं चलाई गई हैं। उनके मुताबिक प्रदेश में नौ लाख युवाओं को नौकरियां भी दी गई हैं।

उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में सुशासन का 'रामराज' कायम है और 2027 में भाजपा एक बार फिर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने सरकार की योजनाओं और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा०के पक्ष में समर्थन जताया।


शिक्षकों-शोधार्थियों का एआईओएस मध्यावधि सम्मेलन में शानदार प्रदर्शन

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के नेत्र विज्ञान संस्थान के शिक्षकों और परास्नातक शोधार्थियों ने अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सोसायटी के पांचवें मध्यावधि सम्मेलन में उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदान दिया। इस दौरान डॉ. हुमा जफर और डॉ. कोशीन कचरू ने 'टीचर्स ऑफ टुमारो' प्रतियोगिता में दूसरा उपविजेता स्थान हासिल किया। प्रो. जिया सिद्दीकी के मार्गदर्शन में एआईओएस की मेंटर-मेंटी योजना के तहत दोनों ने 'अलीगढ़ आइकॉनिक माइंड्स' टीम के रूप में प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में 25 टीमों ने हिस्सा लिया।

लालता प्रसाद गौतम का निधन

खैर। खैर के मोहल्ला गौतमान के लालता प्रसाद गौतम का सोमवार रात निधन हो गया। वह स्कूटी से देर शाम सब्जी मंडी गए थे। जहाँ अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और गिर पड़े। आस पास के लोग उन्हें अस्पताल ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। के निधन की सूचना पर उनके परिचित, शुभचिंतक व रिश्तेदार उनके हाल निवास नरसिंह मणि मंदिर के निकट स्थित आवास पर पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की। शिवधाम में उनके इकलौते पुत्र बाबू गौतम ने उनका अंतिम संस्कार किया।

शिव मंदिर से घंटे चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुलिस तलाश में जुटी



बुलंदशहर। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव जसनावली कलां स्थित शिव मंदिर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोरों ने दिनदहाड़े मंदिर में लगे बड़े घंटे के भीतर से घंटी चोरी कर ली। चोरी की यह पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी०कैमरे में कैद हो गई है। कोतवाली देहात में गांव जसनावली कलां निवासी राजू कुमार पुत्र जीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव के बाहर स्थित शिव मंदिर में पुजारी के रूप में पूजा-अर्चना करते हैं। बीते 17 अक्तूबर को दोपहर दो अज्ञात व्यक्ति मंदिर परिसर में पहुंचे। दोनों आरोपियों ने मंदिर में टंगे बड़े घंटे के अंदर लगी घंटी को चुरा लिया। घटना के दौरान आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। घ्पुजारी के अनुसार, मंदिर में पहले भी दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके अलावा 17 अक्तूबर को ही पास के गांव जेहरा स्थित एक मंदिर से भी दो घंटे व नकदी चोरी होने की बात सामने आई है। ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर चोरों व सामान का पता लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घ्तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में अलीगढ़ के नेताओं को स्थान मिलने पर जट्टारी में खुशी

❑व्यापार मंडल अध्यक्ष ने दी बधाई

जट्टारी। भाजपा उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यसमिति-2026 में अलीगढ़ जनपद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। साध्वी निरंजन ज्योति, अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, खैर विधायक सुरेंद्र दिलेर तथा राजस्व राज्यमंत्री सहित जनपद के अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यसमिति में स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर जट्टारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रेमचंद अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने आवास पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए साध्वी निरंजन ज्योति और खैर विधायक सुरेंद्र दिलेर को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ जनपद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण स्थान मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। सभी ने भाजपा नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

इस दौरान प्रेमचंद अग्रवाल (अध्यक्ष, व्यापार मंडल एवं समाजसेवी), गुलशन फौजी, रमेश चंद शर्मा, लतेश शर्मा, हार्दिक मित्तल, डॉ. कुलदीप, दीपक चौधरी, अशोक शर्मा, हरिमोहन वर्मा, दिन्नू पाल. ीवाल, रमेश पंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

युवाओं की सोच और कला के संगम से उकेरी गई सशक्त भारत की तस्वीर



अलीगढ़। धर्म समाज (डीएस) निबंध प्रतियोगिता में लगभग 60 कॉलेज के चित्रकला विभाग में नॉर्दर्न रेलवे के तत्वावधान में एक विशेष निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकसित भारत-2047 और देश की नई पहचान बनी वंदे भारत स्लीपर क्लास की थीम पर आधारित यह प्रतियोगिता महज एक मुकाबला नहीं, बल्कि नए भारत के प्रति हमारे युवाओं की गहरी सोच और उनके सपनों का जीवंत प्रदर्शन थी।

विकसित भारत विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने अपनी सशक्त लेखनी और विचारों से 2047 के आत्मनिर्भर भारत का एक स्पष्ट रोडमैप शब्दों में पिरोया।

वहीं दूसरी ओर, वंदे भारत विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से करीब 45 छात्रों ने अपनी अद्भुत कल्पनाशीलता और रंगों के जादू से देश की आधुनिक प्रगति, रफ्तार और स्वदेशी तकनीक को कैनवास पर बेहद आकर्षक रूप में उतारा।

परशुराम मंदिर को जैनरेटरसेट दान



अलीगढ़। प्रमुख समाजसेवी उमाशंकर लोधी पुत्र दुष्यन्त लोधी ने निर्माणाधीन भगवान् परशुराम मंदिर परिसर पहुंचकर एक 7.5 केवीए का जेन सेट दानस्वरूप प्रदान कर अपना संकल्प पूरा कर लिया है।

ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पी सी शर्मा, महासचिव डॉक्टर एन के शर्मा एवं मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने अवगत कराया है कि उमाशंकर लोधी ने कहा कि मंदिर परिसर में जब भी विद्युत सम्बंधी कोई कार्य होगा तो उसका कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा। इस मौके पर फतेह सिंह, द्रोपती देवी, शिल्पा राजपूत, प्रीति राजपूत, अंजली देवी, गौरव लोधी, हरिकिशन लोधी, रोहित लोधी, प्रशांत लोधी आदि रहे।

संत रविदास के दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित



अलीगढ़। संत रविदास जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश की राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ इकाई एवं श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में समकालीन भारतीय समाज में संत रविद. ास के दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का पटका पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. एच. एन. सिंह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश की राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ इकाई ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास के विचार सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उनकी शिक्षाएँ समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने तथा आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देती हैं।

कार्यक्रम की संरक्षिका एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीता ने संत रविदास के आदर्शों को सामाजिक एवं शैक्षिक जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उनके विचारों को विद्यार्थियों में समानता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण बताया।

संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं दीपिका, खुशी, दीक्षा एवं विवेक शर्मा ने भी संत रविदास के विचारों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। रम्पुटा के निवर्तमान महामंत्री प्रो. रणवीर सिंह ने संत रविद. ास के दर्शन की समकालीन उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरू वार्ष्णेय ने किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. पंकज चौधरी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रो. वीना उपाध्याय, प्रो. रोली अग्रवाल, प्रो. नीरजा शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. के.के. सिंह, डॉ. महीप कुमार, प्रो. शाहनवाज, डॉ. रजनी वार्ष्णेय, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सीमा, डॉ. अमरेन्द्र तिवारी, डॉ. टीना, डॉ. सुनील मद्धेशिया, प्रो. गीतम सिंह, डॉ. विवेक, डॉ. फैजान, डॉ. सतेंद्र सिंह, डॉ. फुजैल अहमद,डॉ.गौरव कुमार,ओमप्रकाश, जितेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र गुप्ता, अजय कुमार, मोहन शर्मा, राज. श एवं रीतेश सहित अनेक शिक्षक और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

अनोखी मिठाई, नाम सुनकर मारने दौड़ते हैं लोग



भारत में कोस-कोस में बोली बदल जाती है। खान-पान बदल जाता है। हर शहर का खान-पान अलग होता है। साउथ इंडिया में तो बिल्कुल अलग ही तरह की डिश बनती हैं। इसी तरह यूपी-बिहार और राजस्थान में अलग-अलग तरह के व्यंजन बनते हैं। मिठाइयां बनती हैं। थाली में मिठाई भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। कई शहरों की पहचान मिठाई से है। इसी तरह राजस्थान के जोधपुर शहर में ऐसी ही एक मिठाई बिकती है। पिछले 86 साल से एक ही दुकान में यह मिठाई बिक रही है। इसका नाम सुनते ही लोग शरमा जाते हैं। यह मिठाई जोधपुर के मंडोर में स्वदेशी स्वीट होम में मिलती है। राजस्थान का जोधपुर शहर तीखी-टेस्टी कचौड़ी के लिए फेमस है। मिर्च बड़ा भी बहुत फेमस है। इसी शहर की एक मिठाई बहुत पॉप्युलर है। इस मिठाई के 5-5 नाम हैं। दुकान बैंक की तरह खुलती है। 10 बजे दुकान खुलती है और शाम 5 बजे बंद हो जाती है। इस मिठाई का नाम है चुंटिया चक्की। इसे स्वदेशी चूरमा चक्की, बेसन री चक्की, चुंटिया री चक्की, बेसन मावा री चक्की, बेसन की बर्फी, बेसन की चक्की के नाम से भी जाना जाता है। ठेठ मारवाड़ी में इसे चिंगटी चक्की कहते हैं। इसका बिगड़ा हुआ नाम 'चुटिया चक्की' है। इस मिठाई के दीवाने इसे 'दिल खुशाल चक्की' भी कहते हैं।

दुनिया के पहले अखबार छपने की कहानी

सुबह की चाय के साथ देश-विदेश का हाल जानने के लिए लोग सुबह के समय अखबार पढ़ते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं सबसे पहली बार अखबार कहां और कब छपा था? अखबार का इतिहास जितना पुराना है, उतना ही दिलचस्प भी है। अखबार छपने की शुरुआत साल 1605 में यूरोप के स्ट्रासबर्ग शहर में हुई थी। योहान कैरोलुस नाम के एक व्यक्ति ने दुनिया का सबसे पहला प्रिंटेड अखबार प्रकाशित किया था, जिसने पत्रकारिता के इतिहास को बदल दिया। इस अखबार का नाम रिलेशन आलर फ्यूरमेन उंड गेडेंकवुर्डिगेन हिस्टोरियन रखा गया था। अखबार की प्रिंटिंग शुरु होने से पहले कैलोलुस खुद अपने हाथों से अखबार लिखा करते थे। इस अखबार में अलग-अलग देशों से जुड़ी जरूर घटनाओं की जानकारी शामिल होती थी। हालांकि, हाथ से लिखने के कारण खबरें बहुत सीमित लोगों तक ही पहुंच पाती थीं। हाथ से लिखने में समय लगता था और मेहनत भी बहुत ज्यादा होती थी, इसलिए अखबार सीमित मात्रा में ही तैयार हो पाते थे। जब उन्हें प्रिंटिंग प्रेस मिली, तो उन्होंने खबरों को एक जैसी कॉपी में छापना शुरु कर दिया। इससे एक ही खबर को एक साथ कई लोगों तक पहुंचाना आसान हो गया। यही से हर हफ्ते अखबार छापने और बांटने की व्यवस्था शुरु हुई। शुरुआत में यह अखबार साप्ताहिक आधार पर ही छपा करता था, रोज नहीं। आज के अखबार आपने देखे हैं, बड़े-बड़े पन्ने, जिनमें हर पन्ने पर अलग-अलग विषयों की खबरें छपी होती हैं। नेशनल, स्टेट, स्पोर्ट्स, संपादकीय आदि, लेकिन सबसे पहला अखबार रिलेशन ऐसा नहीं था। वह असल में एक किताब के आकार की समाचार-पुस्तिका हुआ करती थी। भले ही इसका स्वरूप अलग था, लेकिन इसमें छपने वाला कंटेंट बेहद खास होता था। इसमें अलग-अलग जगहों से इकट्ठा हुई खबरें, जैसे- राजनीतिक घटनाएं, युद्ध, राजघरानों की गतिविधियां और दूसरी जरूरी खबरें शामिल होती थीं। अलग-अलग जगहों से नियमित रूप से खबरें जुटाना और फिर उन्हें छापकर लोगों तक पहुंचाना, उस दौर में एक बिल्कुल नई और अनोखी व्यवस्था थी। कैरोलुस की इस पहल ने सूचना और समाचार के क्षेत्र में क्रांति ला दी। इसके बाद यूरोप के कई दूसरे शहरों में भी नियमित रूप से समाचारों का प्रकाशन तेजी से शुरू होने लगा, जिसने आधुनिक प्रिंट का रास्ता साफ किया।



अखबार छपने की शुरुआत साल १६०५ में यूरोप के स्ट्रासबर्ग शहर में हुई थी। योहान कैरोलुस नाम के एक व्यक्ति ने दुनिया का सबसे पहला प्रिंटेड अखबार प्रकाशित किया था, जिसने पत्रकारिता के इतिहास को बदल दिया।

आज के अखबार आपने देखे हैं, बड़े-बड़े पन्ने, जिनमें हर पन्ने पर अलग-अलग विषयों की खबरें छपी होती हैं। नेशनल, स्टेट, स्पोर्ट्स, संपादकीय आदि, लेकिन सबसे पहला अखबार रिलेशन ऐसा नहीं था। वह असल में एक किताब के आकार की समाचार-पुस्तिका हुआ करती थी। भले ही इसका स्वरूप अलग था, लेकिन इसमें छपने वाला कंटेंट बेहद खास होता था।





किस्मत हो तो ऐसी

कहते हैं कि किस्मत कब और कहां पलट जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया में सोने की तलाश कर रहे एक शख्स के साथ



कुछ ऐसा ही हुआ। कई दिनों तक जमीन खोदने के बावजूद जब उसके हाथ कुछ खास नहीं लगा, तो वह निराश होने लगा था, लेकिन एक दिन उसकी किस्मत ने ऐसी करवट ली कि वह खुद भी हैरान रह गया. उसे जमीन के नीचे सोने का एक बड़ा टुकड़ा मिला, जिसका वजन 1.2 किलोग्राम से ज्यादा बताया जा रहा है. इस खोज की अनुमानित कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है, जबकि किसी कलेक्टर को बेचने पर इसकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यह अनोखी घटना ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के सुदूर उत्तर-पश्चिमी इलाके में टिबूबुरा के पास स्थित माउंट स्टुअर्ट स्टेशन की है। यहां एक शख्स काफी समय से मेटल डिटेक्टर की मदद से जमीन में सोना तलाश रहा था। कई दिनों की मेहनत के बाद भी उसे कोई बड़ी सफलता नहीं मिली थी. इसी महीने एक दिन वह लगातार खुदाई करने से थक चुका था और काम बंद करने के बारे में सोच रहा था। तभी उसके मेटल डिटेक्टर 'गोल्ड मॉन्स्टर 2000' ने जमीन के नीचे किसी धातु की मौजूदगी का संकेत दिया. दिलचस्प बात यह थी कि इतना बड़ा सोने का टुकड़ा मिलने के बावजूद मशीन का शुरुआती सिग्नल बहुत तेज नहीं था। इसके बावजूद उसने तलाश जारी रखने का फैसला किया, जो उसके लिए जिंदगी की सबसे यादगार खोज साबित हुआ. खुदाई के दौरान करीब 100 मीटर आगे बढ़ने पर मशीन से तेज आवाज आने लगी. शख्स ने जब आसपास की मिट्टी हटाई, तो उसे जमीन के भीतर एक चमकदार चीज दिखाई दी. ध्यान से देखने पर पता चला कि वह कोई साधारण धातु नहीं, बल्कि सोने का बड़ा टुकड़ा था. उसे अपनी आंखों पर यकीन करना मुश्किल हो रहा था।

१,५०७ मीटर लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म

भारत में रेलवे का जाल इतना बड़ा है कि यहां हर दिन लाखों लोग ट्रेन से सफर करते हैं। कहीं रेलवे स्टेशन अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर हैं, तो कहीं ट्रेनों की रफ्तार और अनोखे रिकॉर्ड लोगों का ध्यान खींचते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म भी भारत में ही है? इसकी लंबाई इतनी ज्यादा है कि इसे देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। खास बात यह है कि इस उपलब्धि को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी जगह मिली है। दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म भारत के कर्नाटक राज्य के हुबली शहर में स्थित श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली रेलवे स्टेशन पर है। इस प्लेटफॉर्म की लंबाई 1,507 मीटर है। यानी यह 1.5 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट और प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की जानकारी के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म ने अपनी लंबाई के दम पर दुनिया भर में पहचान बनाई है। भारतीय रेलवे के लिए यह एक खास उपलब्धि है, क्योंकि इसने देश को रेलवे से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड में शीर्ष स्थान दिलाया।

दुनिया में कुछ ऐसे देश जहां के बच्चे हैं ज्यादा शैतान

क्लास में अनुशासन, शोर और छात्रों की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता सीखने के माहौल को तय कर सकती है। प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट की हालिया रिपोर्ट से यह पता चलता है कि अलग-अलग देशों में कक्षा के व्यवहार में काफी ज्यादा अंतर है.इसमें बताया गया है कि एशिया के कुछ हिस्सों में कक्षाएं काफी शांत रहती हैं जबकि कई पश्चिमी देशों में अनुशासन बनाए रखने को लेकर ज्यादा चुनौतियां हैं. यह तुलना सिर्फ सबसे शरारती बच्चों की पहचान करने के बजाय, कक्षा में होने वाले शोर, छात्रों के ध्यान और वहां के माहौल पर केंद्रित है.जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर उन देशों में शामिल हैं जहां कक्षाएं सबसे ज्यादा अनुशासित होती हैं. इन देशों में 85 प्रतिशत से ज्यादा छात्रों का कहना है कि पढ़ाई के दौरान कभी शोर नहीं होता. क्लास में शांत होने से शिक्षकों को अनुशासन बनाए रखने में वक्त बर्बाद करने के बजाय, पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलता है। चीन में भी क्लास काफी अनुशासित मानी जाती है। यहां छात्र कक्षा के नियमों का



सख्ती से पालन करते हैं और पढ़ाई के दौरान अपना पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर ही लगाते हैं. इन उदाहरणों से पता चलता है कि कई एशियाई देशों की शिक्षा प्रणालियों काफी अनुशासित हैं.ऑस्ट्रेलिया उन देशों में शामिल है जहां पर छात्रों का कहना है कि क्लास में पढ़ाई के दौरान काफी व्यवधान होता है. आंकड़ों के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के 41 प्रतिशत छात्रों का कहना है कि उनकी क्लास में लगातार शोर होता रहता है। यह आंकड़ा 31 प्रतिशत के वैश्विक औसत से ज्यादा है जो बताता है कि ऑस्ट्रेलिया में छात्रों के बीच क्लास का शोर एक आम समस्या है। न्यूजीलैंड और यूनाइटेड किंगडम में भी क्लास मैनेजमेंट को लेकर काफी चुनौती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया की तरह ही इन देशों के स्कूलों में भी अनुशासन का स्तर लगातार गिर रहा है. भारत ने प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट एसेसमेंट की इस नई रिपोर्ट में हिस्सा नहीं लिया है. यही वजह है कि इस नई रिपोर्ट में कक्षा के अनुशासन या फिर छात्रों के व्यवहार के मामले में भारत की वर्तमान स्थिति का पता नहीं चलता है. इन नतीजों के आधार पर दूसरे देशों के साथ भारत की तैंकिंग नहीं की जा सकती। इस रैंकिंग में भारत ने आखिरी बार 2009 में हिस्सा लिया था।

आजादी की लड़ाई से जुड़ी मिठाई

तिरंगी बर्फी काशी में शुरू हुई थी। यह मिठाई 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ी हुई है। इसकी तीन रंगीन परतें राष्ट्रीय ध्वज को दर्शाती थीं। उस समय ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन में शहर में तिरंगा फहराना और देशभक्तिपूर्ण मार्च निकालना प्रतिबंध था. झंडे के रंगों को एक जानी पहचानी मिठाई में बदलकर इसे बावजूद भी देशभक्ति करने के लिए एक खोजा.इस बर्फी या वाराणसी के की एक पुरानी राम भंडार ने की स्थापना 1850 के रघुनाथ दास गुप्ता ने की आंदोलन के दौरान इस मिठाई



बनाने वालों ने पाबंदियों के की भावना को व्यक्त रचनात्मक तरीका की शुरुआत काशी ठठेरी बाजार इलाके मिठाई की दुकान दी। इस दुकान की आसपास से श्री थी। गुप्ता परिवार ने को तैयार किया. 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने काशी में तिरंगा फहराने और मार्च निकालने पर सख्त पाबंदी लगा दी थी. इसके जवाब में गुप्ता परिवार ने केसरिया, सफेद और हरे रंग की बर्फी बनाई. ये तीनों रंग हमारे राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े हैं, क्योंकि ये रंग किसी असली झंडे पर नहीं बल्कि एक मिठाई में थे इस वजह से लोगों को अपनी राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक साथ रखने का एक नया जरिया मिल गया. यह विरोध का एक ऐसा तरीका बन गया जिसे असली तिरंगा साथ रखे बिना भी सबके सामने दिखाया जा सकता था. ऐसा कहा जाता है कि स्वतंत्रता सेनानी इस मिठाई को हाथों में लेकर सड़कों पर उतरते थे. इस तरह वे औपनिवेशिक पाबंदियों का विरोध भी करते थे और झंडा रखने या दिखाने पर लगी रोक से भी बच जाते थे।

खाने की बर्बादी में चीन सबसे आगे, भारत भी पीछे नहीं

खाने की बर्बादी अब सिर्फ घर की रसोई या शादी-पार्टियों में बची प्लेटों का मामला नहीं रह गई है। यह वैश्विक खाद्य सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण से जुड़ी बड़ी चुनौती बन चुकी है. दुनिया में एक तरफ करोड़ों लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता. वहीं दूसरी तरफ हर दिन भारी मात्रा में खाना बिना खाए कूड़े में पहुंच जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि किस देश में सबसे ज्यादा खाना बर्बाद किया जाता है। अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों और हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन, भारत और अमेरिका कुल खाद्य बर्बादी के मामले में दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल हैं। जानें इस लिस्ट में और कौन-कौन से देश शामिल है और किस देश में सबसे कम खाना बर्बाद होता है.रिपोर्स के मुताबिक चीन में सालाना 108 मिलियन टन से ज्यादा फूड वेस्ट होने का अनुमान है. इसके बाद भारत करीब 78 मिलियन टन और अमेरिका करीब 24 मिलियन टन के साथ बड़े फूड वेस्ट जनरेटर्स में आते हैं. चीन और भारत के आंकड़ों का एक बड़ा कारण उनकी विशाल आबादी भी है. भारत में सालाना खाद्य बर्बादी का अनुमान 78 मिलियन टन से अधिक है, लेकिन प्रति व्यक्ति आंकड़ा करीब 54 किलो सालाना बैठता है. यानी कुल मात्रा बहुत बड़ी होने के बावजूद प्रति व्यक्ति भारत कुछ दूसरे देशों के मुकाबले कम फूड वेस्ट करता है।



जब इंसानी नसों में बहा भेड़ का खून

आज के दौर में अस्पतालों में किसी मरीज को खून चढ़ाना एक बेहद सामान्य और सुरक्षित चिकित्सा प्रक्रिया मानी जाती है, लेकिन इसका इतिहास हैरान कर देने वाला है क्या आप जानते हैं कि मानव इतिहास में पहली बार जब किसी व्यक्ति को खून चढ़ाया गया था, तो वह किसी इंसान का नहीं बल्कि एक बेजुबान जानवर का था? सत्रहवीं शताब्दी में किया गया यह अनूठा प्रयोग आधुनिक मेडिकल साइंस के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ। आइए जानते हैं उस ऐतिहासिक प्रयोग की पूरी कहानी, जिसने रक्तदान यानी ब्लड ट्रांसफ्यूजन की दुनिया की बुनियाद रखी। दुनिया के सबसे पहले दर्ज किए गए रक्तदान का श्रेय फ्रांस के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जीन-बैप्टिस्ट डेनिस को जाता है. घटना 15 जून 1667 की है, जब एक 15 वर्षीय लड़का कई दिनों से बेहद तेज बुखार से तड़प रहा था और उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। तत्कालीन समय में दवाइयों और इलाज के विकल्प बेहद सीमित थे। ऐसे में लड़के को मौत के मुंह से निकालने के लिए डॉक्टर डेनिस ने एक बेहद अनूठा और जानलेवा जोखिम उठाने का फैसला किया।



उन्होंने एक भेड़ के शरीर से खून निकालकर सीधे उस लड़के की नसों में ट्रांसफर कर दिया। उस दौर में डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को इंसानी रक्त की संरचना, घटकों या ब्लड ग्रुप के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके बावजूद यह जोखिम भरा कदम चमत्कारिक रूप से सफल रहा. भेड़ का खून चढ़ने के कुछ ही समय बाद लड़के के बुखार का असर कम होने लगा और उसकी शारीरिक स्थिति में अप्रत्याशित सुधार देखा गया. यह प्रयोग सफल रहा और वह किशोर पूरी तरह ठीक होकर जीवित बच गया। इस घटना ने पूरी दुनिया के चिकित्सा जगत को हैरान कर दिया और इसे विज्ञान का एक बड़ा चमत्कार माना गया।

५४ की हुईं रवीना टंडन-पहली ही फिल्म से जीत लिया था

जब भी 90 के दशक की चर्चित हीरोइनों का नाम लिया जाता है, तो रवीना टंडन के बिना चर्चा अधूरी होती है। साल 1991 में सिनेमा की दुनिया में इन्होंने कदम रखे। पहली ही फिल्म इंडस्ट्री के दबंग सलमान खान के साथ हुई। इस नई अभिनेत्री के पास पिता से मिली कुछ सीख थीं और अदाकारी की प्रतिभा थी। पिता से मिले सबक और उसूल हमेशा साथ रखे। अभिनय समय के साथ निखरता गया। रवीना टंडन का जन्म मुंबई में हुआ। रवीना को फिल्मों और सिनेमा का लगाव अपने पिता से मिला। वे दिवंगत निर्देशक रवि टंडन की बेटी हैं। रवीना के पिता का नाम रवि टंडन और मां का नाम वीना है। दोनों के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना रखा गया। उनके घर का नाम मुनमुन है। अभिनेत्री ने अपनी शुरुआती शिक्षा जमुनाबाई पब्लिक स्कूल से ली। इसके बाद उन्होंने स्नातक करने के लिए मीठीबाई कॉलेज में दाखिला ले लिया। उन्होंने कॉलेज के दिनों से मॉडलिंग शुरू कर दी थी। उनकी सुंदरता की वजह से उन्हें पढ़ाई के दौरान ही बहुत से ऑफर मिलने लगे थे, जिसके बाद उन्होंने ग्रेजुएशन के दूसरे साल में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। रवीना टंडन ने साल 1991 में फिल्मों में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म सलमान खान के साथ थी। इस फिल्म का नाम पत्थर के फूल था। फिल्म में रवीना की एक्टिंग और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ हुई। उन्हें न्यू फेस ऑफ द ईयर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। रवीना टंडन ने 90 के दशक में अंदाज अपना अपना से लेकर मोहरा, दुल्हे राजा और शूल जैसी फिल्मों में काम किया। फिल्म मोहरा का आइकॉनिक गाना टिप टिप बरसा पानी तो आज भी लोग यूट्यूब पर देखना पसंद करते हैं। रवीना टंडन के पिता रवि टंडन हिंदी सिनेमा के जाने माने निर्माता-निर्देशक रहे, लेकिन रवीना टंडन ने यह कभी नहीं सोचा कि उनके पिता उन्हें फिल्मों में लॉन्च करेंगे। रवीना टंडन कहती हैं, पापा ने हमेशा मुझे आत्मनिर्भर रहना सिखाया। वह आगरा से बिना कुछ लिए आए और अपने दम पर मुंबई सब कुछ बनाया। मैंने भी सोचा कि अपने दम पर फिल्में हासिल करना है। पापा से हमेशा अपने पैरों पर खुद खड़े होने की प्रेरणा मिली। एक इंटरव्यू में रवीना ने बताया, चाहे मेरी निजी जिंदगी में या करियर का सबसे बुरा दौर चल रहा हो। मैंने पापा से सीखा है कि ईमानदारी, विनम्रता, धैर्य और आत्मबल से बड़ी से बड़ी परेशानी का मुकाबला किया जा सकता है। मुझे याद है एक बार पापा मेरी फिल्म के सेट पर आए और एक बात कही। उन्होंने कहा कि एक बच्चा जब चलना सीखता है तो बहुत बार गिरता है, लेकिन वह पसर कर बैठ नगीं जाता बल्कि वह उठता है, अपने आप को समेटता है और छोटे-छोटे कदम तब तक लेता है जब वह ठीक से चलना नहीं सीख लेता। जिंदगी में वैसे ही हमें अपने आप को समेट कर चलना सीखना होगा।



वजन बढ़ा तो ट्रोल, वजन घटा तो भी सवाल

फिल्मी सितारों की जिंदगी में कैमरा और सोशल मीडिया हमेशा उनके साथ रहता है. लेकिन कई बार किसी फिल्म, काम या उपलब्धि से ज्यादा चर्चा उनके चेहरे, कपड़ों और बॉडी को लेकर होने लगती है। खासकर अभिनेत्रियों के वजन में थोड़ा बदलाव आते ही सोशल मीडिया पर कमेंट्स की बाढ़ आ जाती है. प्रेग्नेंसी के बाद शरीर में आए बदलाव भी इससे अछूते नहीं हैं। हाल के कुछ मामले बताते हैं कि मां बनने के बाद सामान्य शारीरिक बदलाव भी किस तरह सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का कारण बन जाते हैं.हाल ही में मां बनीं कैटरीना कैफ भी इसका सामना कर चुकी हैं. सितंबर 2026 में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी समारोह में विक्की कौशल के साथ उनकी तस्वीरें और वीडियो सामने आए. इसके बाद सोशल मीडिया के एक हिस्से ने उनके पोस्ट-प्रेग्नेंसी लुक और वजन को लेकर कमेंट किए. कुछ यूजर्स ने उनके पुराने लुक से तुलना की और उम्र को लेकर भी टिप्पणियां कीं। एक पोस्ट में उनके लुक को लेकर यह सवाल भी उठाया गया कि क्या वह प्रेग्नेंसी के बाद अपनी देखभाल नहीं कर रही हैं। इसके बाद कई



लोगों ने कैटरीना का बचाव किया और कहा कि प्रेग्नेंसी के बाद शरीर में बदलाव होना सामान्य है। करीना कपूर का नाम भी उन अभिनेत्रियों में शामिल है, जिन्हें सालों से उनके शरीर और उम्र को लेकर सोशल मीडिया पर कमेंट्स का सामना करना पड़ा है। करीना दो बच्चों की मां हैं. 2025 में उन्होंने बताया था कि अपने दूसरे बच्चे जेह के जन्म के बाद उनका वजन करीब 25 किलो बढ़ गया था। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ समय के लिए उन्हें प्रेग्नेंसी से पहले वाले शरीर में वापस आने का दबाव महसूस हुआ था, हालांकि करीना के मामले में ट्रोलिंग सिर्फ वजन बढ़ने तक सीमित नहीं रही. 2019 में उनकी एक तस्वीर पर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें 'आंटी' और 'ओल्ड' कहकर ट्रोल किया था. इससे पहले उन्हें बहुत ज्यादा दुबला दिखने पर भी 'स्केलेटन' और खाना खाने की सलाह जैसे कमेंट झेलने पड़े थे। यानी वजन कम हो या ज्यादा, सोशल मीडिया पर उनके शरीर को लेकर टिप्पणियां होती रही हैं। 2022 में करीना और उनकी दोस्त अमृता अरोड़ा को एक तस्वीर पर उम्र और वजन को लेकर ट्रोल किया गया। एक कमेंट में उन्हें 'बुड्ढी' कहा गया, जिस पर करीना ने सवाल किया कि क्या यह शब्द किसी का अपमान करने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए. वहीं अमृता ने अपने वजन बढ़ने पर आए कमेंट्स का जवाब देते हुए कहा था कि उनका वजन उनकी समस्या है और इसे हर किसी का मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं. इन मामलों में एक बात बार-बार सामने आती है कि महिलाओं की बॉडी को लेकर समाज की उम्मीदें कितनी बदलती रहती हैं। वजन बढ़े तो सवाल, वजन कम हो तो सवाल और उम्र बढ़े तो भी कमेंट्स. खासकर मां बनने के बाद शरीर को तुरंत पहले जैसा दिखने की उम्मीद महिलाओं पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है।